



# शाह टाइम्स


मेरठ, गुरुवार 8 मई 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 18 अंक 342 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 9 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



## पहलगाम हमले के शहीदों की पत्नियों को देश के सैन्य बलों ने किया नमन

# ऑपरेशन सिंदूर

# 25 मिनट, 24 मिसाइल हमले आतंकियों के नौ ठिकाने ध्वस्त



**कर्नल सोफिया कुरैशी** ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए मासूम नागरिकों और उनके परिवारों को न्याय देने के लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया। जिन ठिकानों को निशाना बनाया गया वहां से आतंकियों के प्रमुख और बड़े प्रशिक्षण शिविर संचालित किए जा रहे थे।



**विंग कमांडर व्योमिका सिंह** ने बताया कि ऑपरेशन के लिए ठिकानों का चयन विश्वसनीय खुफिया जानकारी और इन ठिकानों की गतिविधियों के आधार पर किया गया था। इनका चयन करते समय यह बात ध्यान में रखी गई थी कि नागरिक ठिकानों और आम लोगों को किसी तरह का नुकसान न पहुंचे।

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पहलगाम में निर्मम आतंकवादी हमले को अंजाम देने वाले आतंकवादियों को चुन-चुन कर मारने के सरकार के संकल्प को पूरा करने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों ने मंगलवार देर रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 25 मिनट तक ताबड़तोड़ 24 मिसाइल हमले कर नौ आतंकवादी ठिकानों को पूरी तरह ध्वस्त कर आतंकवादियों के नेटवर्क की कमर तोड़ दी।

दावा है कि हमलों में 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं। भारत की ये जवाबी कार्रवाई पहलगाम हमले के 15 दिन बाद की गई है और इसका नाम दिया है 'ऑपरेशन सिंदूर'। ये नाम उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पतियों की पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों ने हत्या कर दी थी। विदेश सचिव विक्रम मिस्री, सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और वायुसेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में देश को छह और सात मई की दरमियानी रात को एक बज कर पांच मिनट से डेढ़ बजे तक चले ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी। ब्रीफिंग से पहले एक स्लाइड में बताया गया कि पाकिस्तान कई दशकों से आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है और आतंकवादियों के हमलों में अब तक करीब 350 आम लोग और 600 से अधिक सुरक्षाकर्मी मारे गए हैं। ऑपरेशन सिंदूर में जिन नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया है, उनमें से चार पाकिस्तान में और पांच पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में हैं। इन ठिकानों पर आतंकवादी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के मुख्यालय, भर्ती, प्रशिक्षण केन्द्र और लांच पैड हैं। श्री मिस्री ने जोर देकर कहा कि बीती रात सीमापार की गई कार्रवाई नपी तुली, गैर उकसावे वाली एवं जिम्मेदाराना थी जिसका उद्देश्य आतंकवादी ढांचे को नेस्तनाबूद करना और आतंकवादियों को आगे किसी भी ऐसी हरकत के लिए अक्षम बनाना था। इस कार्रवाई में पाकिस्तान के किसी सैन्य ठिकाने को निशाना नहीं बनाया गया। इसमें निर्दोष लोगों की जान नहीं गई और न ही उनकी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई 25 अप्रैल को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पहलगाम हमले के बाबत जारी बयान की भावना के अनुरूप है। विदेश सचिव ने कहा कि पाकिस्तान आधारित आतंकवादी मॉड्यूल पर हमारी खुफिया निगरानी से संकेत मिला था कि भारत पर आगे भी हमले हो सकते हैं, अत: इन्हें रोकना और इसने निपटना दोनों को बेहद आवश्यक समझा गया। गुरुवार सुबह भारत ने –शेष पृष्ठ दो पर



### सेना ने सटीक निशाना साध केवल आतंकियों के ठिकाने किए ध्वस्त




**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारतीय सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर सटीकता, सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ योजना के अनुसार पहले से तय किए गए आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त कर इतिहास रचा है। श्री सिंह ने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर पर पहली प्रतिक्रिया में जोर देकर कहा कि इस कार्रवाई में किसी भी नागरिक ठिकाने को जरा सा भी नुकसान नहीं पहुंचाया गया है। इसका उद्देश्य आतंकवादियों को ठिकाने लगाकर आतंकवाद की कमर तोड़ना था। रक्षा मंत्री ने सीमा सड़क संगठन की विभिन्न परियोजनाओं के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि सेना ने केवल उन्हीं को मारा है, जिसने भारत को आहत किया था।

### ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम हमले का जवाब, हमें सेना पर गर्व: शाह



**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने पहलगाम आतंकवादी हमले के सटीक जवाब के लिए अपने सैन्य बलों की कार्रवाई को गौरवान्वित करने वाला बताते हुए कहा कि आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए भारत दृढ़रूप से प्रतिबद्ध है। श्री शाह ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि हमें अपने सैन्य बलों पर गर्व है। ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम में हमारे निर्दोष भाइयों की नृशंस हत्या का भारत का जवाब है। मोदी सरकार भारत और उसके लोगों पर किसी भी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है। श्री शाह ने सेना की कार्रवाई व सैन्य बलों के 'ऑपरेशन सिंदूर' की प्रशंसा की और सेना पर गर्व किया है।

### भारतीय सेना के हमलों में मसूद अजहर के परिवार के 10 सदस्य मारे गए



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के बहावलपुर सुभानअल्लाह परिसर में किए गए हमलों में कुख्यात आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मसूद अजहर के परिवार के 10 सदस्य और उसके चार करीबी सहयोगी मारे गए हैं।

आतंकवादी समूह ने इस परिसर का इस्तेमाल शरणस्थली के रूप में किया था। मारे गए लोगों में मसूद अजहर की बड़ी बहन और बहनोई, उसका भतीजा और उसकी पत्नी शामिल हैं। जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख के बयान का हवाला देते हुए समाचार रिपोर्ट में कहा गया है कि उसके परिवार की एक और भतीजी और पांच बच्चे भी मारे गए। इसमें कहा गया है कि अजहर का एक करीबी सहयोगी और दो अन्य करीबी सहयोगी भी भारतीय हमलों में मारे गए हैं । भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में जैश, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े नौ आतंकवादी शिविरों पर हमला किया है। बहावलपुर में सुभानअल्लाह परिसर पर हमला 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत किए गए दो महत्वपूर्ण हमलों में से एक था। इन हमलों में 80 से अधिक आतंकवादी मारे गए हैं।

### मोदी की यूरोप के तीन देशों की यात्रा टली

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस माह के मध्य में क्रोएशिया, नॉर्वे एवं नीदरलैंड्स की यात्रा स्थगित कर दी गई है। सूत्रों ने बताया कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारतीय सैन्य बलों की सीमापार कार्रवाई एवं उसके बाद उपजी परिस्थितियों को देखते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी की यूरोप के इन तीन देशों की यात्रा टाल दी गई है। श्री मोदी को 12 मई से 17 मई तक इन देशों की यात्रा करनी थी।

### अपने सैन्य बलों पर गर्व है: राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में सैन्य बलों की कार्रवाई को गौरवान्वित करने वाला करार देते हुए बुधवार को कहा कि सफल सिंदूर अभियान को अंजाम देने वाले अपने सशस्त्र बलों पर उन्हें गर्व है। श्री गांधी ने कहा कि हमें अपने सशस्त्र बलों पर गर्व है। जय हिंद। पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ पहले दिन से ही तीखे तेवर अपनाते हुए श्री गांधी ने इस आतंकी कार्रवाई का करारा जवाब देने का सरकार से आग्रह करते हुए कहा था कि उनकी पार्टी इस हमले पर हर जवाबी कार्रवाई में सरकार के साथ खड़ी है।

### देश के 18 हवाई अड्डों पर सिविल उड़ानों पर 10 मई तक रोक

**नई दिल्ली।** देश के उत्तर और पश्चिमी हिस्सों में 18 हवाई अड्डों पर सिविल उड़ानों को 10 मई तक रोक दिया गया है। भारतीय सेनाओं द्वारा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तान में 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाए जाने के कुछ घंटों बाद बुधवार तड़के अचानक सिविल उड़ानों को बंद करने के निर्देश दिए गए। सूत्रों के अनुसार, जिन हवाई अड्डों पर सिविल उड़ानों को बंद किया गया है उन हवाई अड्डों की सूची में लेह, थोइस, श्रीनगर, जम्मू, अमृतसर, पठानकोट, चंडीगढ़, जोधपुर, ग्वालियर, जैसलमेर, बीकानेर, जामनगर, भठिंडा, भुज, धर्मशाला, शिमला, राजकोट और पोरबंदर शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार उड़ानें रोकने के लिए नोटिस टू एयरमैन भी जल्द ही जारी किए जाने की उम्मीद है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ये हवाई अड्डे 10 मई तक नागरिक उड़ानों के लिए बंद रहेंगे। इनमें नियमित उड़ानें और चार्टर्ड उड़ानें दोनों शामिल हैं।

### दिल्ली से लेकर मुंबई तक हुई मॉक ड्रिल

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान के रिश्तों में बढ़ते तनाव और संभावित हमले की आशंका के मद्देनजर बुधवार को देश के 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 244 जगहों पर युद्ध के दौरान बचाव के तरीकों की मॉक ड्रिल हुई। बता दें कि, इसके लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से सभी राज्यों को निर्देश जारी किया गया था।

## सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में 22 नक्सली किए ढेर



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर की कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर जारी 'नक्सल उन्मूलन ऑपरेशन' के 16वें दिन बुधवार को सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली। सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में 20 से 22 नक्सलियों के मारे जाने का दावा किया। इनमें से अब तक 18 नक्सलियों के शव बरामद किए जा चुके हैं।

नक्सलियों के मूवमेंट की पुष्टि ड्रोन कैमरे से लिए फोटो में भी हो रही है। छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के आखिरी गढ़ कर्रेगुट्टा की पहाड़ियों पर जमा नक्सलियों को सुरक्षाबल चौतरफा घेरे हुए हैं। इस ऑपरेशन पर दिल्ली से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक (डीजी) ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह भी नजर बनाए हुए हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) (नक्सल ऑप्श) विवेकानंद सिन्हा, सीआरपीएफ के महानिरीक्षक (आईजी) राकेश अग्रवाल व बस्तर के आईजी पी. सुंदरराज भी मुठभेड़ की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उम्मीद है शाम तक जवान ऐतिहासिक सफलता की ओर बढ़ सकते हैं। नक्सलियों को उनके मांद में डीआरजी कोबरा, सीआरपीएफ और एसटीएफ के बहादुर जवान मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं। छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर स्थित कर्रेगुट्टा की पहाड़ी के पास सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ अभी जारी है। सुरक्षा बलों द्वारा बड़े स्तर पर नक्सल-विरोधी ऑपरेशन चलाया जा रहा है। बीजापुर जिले और उससे सटी तेलंगाना सीमा पर पिछले 16 दिनों से नक्सल विरोधी अभियान जारी है। इस अभियान के तहत बुधवार सुबह से पुलिस और नक्सलियों के बीच भारी गोलीबारी हो रही है।

#### 18 नक्सलियों के शव बरामद

छत्तीसगढ़ के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विवेकानंद सिन्हा ने बताया कि अब तक पुलिस ने 18 नक्सलियों के शव बरामद किए हैं। गोली बारी जारी है। इधर बस्तर रेंज के आईजी पी सुंदरराज ने जारी बयान में कहा है कि गुरुवार को ऑपरेशन संकल्प के अच्छे परिणाम की अपेक्षा है। सभी सुरक्षाबल सुरक्षित हैं और बस्तर क्षेत्र को सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध हैं। चूंकि ऑपरेशन प्रगति पर है सुरक्षा कारणों से इस समय संपूर्ण जानकारी साझा नहीं की जा सकती। उपयुक्त समय पर अधिकृत पदाधिकारी आवश्यक जानकारी साझा करेंगे। चूंकि ऑपरेशन प्रगति पर है सुरक्षा कारणों से इस समय संपूर्ण जानकारी साझा नहीं की जा सकती। उपयुक्त समय पर अधिकृत पदाधिकारी आवश्यक जानकारी साझा करेंगे।

### पाकिस्तान की नागरिक क्षेत्रों में भारी फायरिंग में 15 निर्दोष लोगों की मौत

**श्रीनगर।** पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत के ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेनाओं के पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी शिविरों पर सटीक हमलों के बाद बौखलाया पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) और अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर देर रात से भारी गोलीबारी कर रहा है, जिसमें पुंछ और तंगधार में 15 निर्दोष लोगों की मौत हो गई और 43 अन्य घायल हो गए। भारतीय सेना ने भी पाकिस्तान की अंधाधुंध फायरिंग का मुंहतोड़ जवाब दिया है और पाकिस्तानी चौकियों पर हमले में कई पाकिस्तानी सैनिकों के मारे जाने की खबर है। सेना ने एक बयान में यह जानकारी दी है। सेना ने कहा है कि हताश पाकिस्तानी सेना ने पुंछ और तंगधार क्षेत्रों में नागरिक ठिकानों और आबादी को निशाना बनाकर फायरिंग की है। सेना ने कहा कि वह पाकिस्तान की अंधाधुंध फायरिंग का करारा जवाब दे रही है।

### मोदी ने राष्ट्रपति मुर्मू को दिया ऑपरेशन का अपडेट



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर उन्हें भारतीय सेनाओं द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त करने के लिए चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी।

राष्ट्रपति भवन सचिवालय ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। इससे पहले प्रधानमंत्री ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता की और केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति की बैठक में भी इस पर चर्चा की।

## संक्षिप्त समाचार

### ओवैसी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का स्वागत किया

**हैदराबाद।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष एवं सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान में आतंकी शिविरों को निशाना बनाकर भारतीय रक्षा बलों के 'ऑपरेशन सिंदूर' का स्वागत किया है। ओवैसी ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि मैं पाकिस्तान में आतंकी शिविरों पर हमारे रक्षा बलों द्वारा किए गए सर्जिकल स्ट्राइक का स्वागत करता हूं। पाकिस्तानी डीप स्टेट को कड़ा सबक सिखाया जाना चाहिए कि अब कभी दूसरा पहलगाम नहीं हो सकता। पाकिस्तान के आतंकी ढांचे को पूरी तरह से नष्ट किया जाना चाहिए। जय हिंद। ऑपरेशन सिंदूर। ओवैसी की टिप्पणी ऑपरेशन सिंदूर के बाद बढ़े तनाव के मद्देनजर आई है जिसने अपने रणनीतिक और सुरक्षा निहितार्थों के लिए राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया है।

### पटनायक, केजरीवाल ने दी सेना को बधाई

**नई दिल्ली।** बीजू जनता दल (बीजद) के प्रमुख नवीन पटनायक तथा आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ की गई सफल सैन्य कार्रवाई के लिए भारतीय रक्षा बलों को बधाई दी है। पटनायक ने कहा कि मुझे बताया गया है कि भारतीय सुरक्षा बलों को आतंकवादियों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर में सफलता मिली है। मैं उन्हें तहेदिल से बधाई देता हूं। केजरीवाल ने कहा कि मुझे भारतीय सेना और हमारे बहादुर सैनिकों पर गर्व है। आप पार्टी के संजय सिंह ने भी कहा कि अब समय आ गया था कि सेना ने आतंकी ठिकानों को बर्बाद कर दिया है और वह भारतीय सेना को सर झुका के नमन करते हैं।

### सैन्य कार्रवाई मन मुताबिक, अब सभी बरतें संयम: थरूर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं तिरुवनंतपुरम से लोकसभा सदस्य शशि थरूर ने कहा है कि भारतीय सैन्य बलों की कार्रवाई उनके मन के मुताबिक हुई है और बदला ले लिया गया है। थरूर ने कहा कि संघर्ष इसी न्यायपूर्ण जवाबी कार्रवाई तक सीमित रहे इसलिए अब सभी पक्षों को संघर्ष को नियंत्रित करने के लिए काम करना होगा। हमारे सैन्य शक्ति की आतंकी ठिकानों पर सुनियोजित, गणनापूर्ण, सटीक हमलों का एक सेट। ठीक वैसी की कारवाई हुई, जिसकी मैंने पिछले सप्ताह वकालत करते हुए कहा था कि जोरदार प्रहार करो, चतुराई से प्रहार करो। मैं सरकार की सराहना करता हूं और अपने बहादुर सशस्त्र बलों के साथ पूरी मजबूती के साथ खड़ा हूं।

### सेना के साहस और पराक्रम पर देश को गर्व: नीतीश

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान पर भारतीय सेना की कार्रवाई पर आज कहा कि सेना के साहस और पराक्रम पर पूरे देश को गर्व है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुए आतंकी हमले के जवाब में सेना द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादियों के नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया है। कुमार ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध पूरा देश एकजुट है।

# एयर स्ट्राइक पर मुसलमानों ने तिरंगा यात्रा निकाली

नई दिल्ली, वार्ता

■ मुस्लिम शिया धर्म गुरु बोले- जवानों को सलाम

भारतीय सेना की ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई से देशभर में जश्न का माहौल है। जैसे ही दुश्मन देश पर भारतीय सेना के हमले की खबर लोगों को हुई, लोग हाथों में तिरंगा लेकर सड़कों पर उतर आए।

भारतीय सेना की एयर स्ट्राइक पर लोग जश्न मना रहे हैं, आतिशबा. जी और ढोल की थाप पर झूम रहे हैं। देश 'भारतीय सेना जिंदाबाद' और 'भारत माता की जय' के नारों से गूंज रहा है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक भारतीय सेना की बहादुरी की चर्चा हो रही है। संगम नगरी प्रयागराज में लोगों ने हाथों में तिरंगा लिए आतिशबाजी की। मुस्लिम समाज के लोग गदगद हैं। ऑल इंडिया सूफी सज्जादानशीन काउंसिल के चेयरमैन ने सैन्यकर्मियों के साहस को सलाम किया। इस खुशी में धार्मिक नगरी मथुरा में दिनेश फलाहारी ने मिठाई बांटी। उन्होंने कहा कि आज भारत ने अपनी ताकत का सिर्फ अभी छोटा सा ट्रेलर दिखाया है। संगम नगरी प्रयागराज में श्रृंगवेरपुर धाम के पीठाधीश्वर शांडिल्य महाराज ने इस कार्रवाई की सराहना की है।

यहां लोगों ने जमकर आतिशबा. जी की। राज्य की राजधानी लखनऊ में भी लोग जश्न में डूबे हुए हैं। 1090 चौराहे पर विश्व हिंदू रक्षा परिषद के कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा और सनातनी झंडा लेकर खुशी मनाई। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में मॉर्निंग वॉक पर आईं महिलाओं ने पाकिस्तान पर गुस्सा उतारा।

# पहलगाम में मृतकों के परिजनों ने जताई खुशी

नई दिल्ली, वार्ता

भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर से पहलगाम में मारे गए 26 निर्दोष लोगों के परि. जनों में जश्न का माहौल है। पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों में दो विदेशी भी शामिल थे। इनमें एक संयुक्त अरब अमीरात से और दूसरा नेपाल से थे। 22 अप्रैल को आतंकियों ने सभी का धर्म पूछकर उनकी हत्या कर दी थी। मृतकों में इंदौर, मुंबई, हरियाणा, उत्तराखंड, कोलकाता, नेपाल, कानपुर, बिहार, बेंगलुरु, पुणे, भावनगर और अन्य स्थानों के पर्यटक शामिल थे।

भारतीय सेना की इस कार्रवाई के बाद बिहार के रोहतास जिले के अरूही गांव में जश्न का माहौल है। अरूही वह गांव है, जहां के निवासी आईबी के अधिकारी मनीष रंजन थे, जिनकी आतंकवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी। मंगलवार की देर रात भारतीय सेना के द्वारा की गई कार्रवाइ के बाद आईबी अधिक. री मनीष रंजन के भाई शशि मिश्रा ने खुशी जताई है। उन्होंने इसके लिए पीएम नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद मानवता के लिए खतरा है और इसे जड़ से मिटाने के लिए लगातार इस तरह की कार्रवाई होनी चाहिए। शहीद मनीष रंजन के चाचा दीपक कुमार मिश्रा ने कहा कि आतंकवादियों ने जिस तरह से हमारे बहन-बेटियों के सिंदूर को उजाड़ा है, उसी तरह हमारे सैनिकों ने भी ऑपरेशन सिंदूर चलाकर सिंदूर का बदला ले लिया है। पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए हरियाणा के करनाल निवासी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की मां आशा नरवाल ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कहा कि मोदी सरकार ने बदला ले लिया है। उनका परिवार और सारी जनता उनके साथ है।

## भारतीय सेना ने सिंदूर का बदला ले लिया




### शुभम के पिता बोले 'सैल्यूट आर्मी'

**कानपुर।** पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के शिकार शुभम द्विवेदी के परिवार ने आतंकवादी ठिकानों पर भारतीय सेना की कार्रवाई पर संतोष जताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सैन्य बलों के प्रति आभार व्यक्त किया है। शुभम द्विवेदी के पिता संजय द्विवेदी ने भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' पर संतुष्टि जताते हुए कहा कि थैंक्यू मोदी जी, सैल्यूट आर्मी। उन्होंने भारतीय सेना की कार्रवाई को सलाम करते हुए प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद किया और कहा, सेना की इस कार्रवाई ने हमें सरकार पर भरोसा करने का हौसला दिया है। शुभम की पत्नी ऐशन्या ने कहा कि भारतीय सेना ने आतंकवादियों के खिलाफ जो कार्रवाई की गई है। ये उनके पति को सच्ची श्रद्धांजलि है। यूपी विस अध्यक्ष सतीश महाना शुभम द्विवेदी के घर पहुंचे और शोक संतप्त वातावरण के बीच उन्होंने शुभम की पत्नी के चरणों में झुककर नमन किया।

## सिंदूर अभियान से अमेरिका समेत कई देशों को अवगत कराया: डोभाल

# पाक तनाव बढ़ाएगा, तो मिलेगा जवाब

नई दिल्ली, वार्ता



■ एनएसए ने अपने समकक्षों से बात करते हुए कहा कि भारत तनाव नहीं बढ़ाना चाहता भविष्य में भी समकक्षों से करते रहेंगे बात: अजीत

भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने बुधवार को कई देशों के अपने समकक्षों से बात करते हुए कहा कि भारत तनाव को नहीं बढ़ाना चाहता है, लेकिन अगर पाकिस्तान जवाबी कार्रवाई करके तनाव बढ़ाएगा, तब करारा जवाब दिया जाएगा।

डोभाल ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और अन्य हिस्सों में आतंकवादी अड्डों पर किए गए 'सिंदूर अभियान' से अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, सऊदी अरब और जापान सहित समेत कई देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहाकारों को अवगत कराया है। सूत्रों के अनुसार राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डोभाल ने अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मार्को रुबियो, ब्रिटेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जोनाथन पोवेल, सऊदी अरब के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार शेख ताहनून, संयुक्त अरब अमीरात की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के महासचिव अली अल शम्सी और जापान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मासाताका ओकानो को सिंदूर अभियान की कार्रवाई से अवगत कराया है। उन्होंने रूस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सर्गेई शोईगू, चीन के विदेश मंत्री वांग ई और फ्रांस के राष्ट्रपति के राजनयिक सलाहकार इम्मानुअल बोने को भी कार्रवाई की जानकारी दी है। सूत्रों ने कहा है कि डोभाल भविष्य में भी इस संबंध में अपने समकक्षों के साथ बातचीत करते रहेंगे। सूत्रों के अनुसार उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत का तनाव बढ़ाने का कोई इरादा नहीं है, लेकिन अगर पाकिस्तान तनाव बढ़ाने का फैसला करता है, तो वह दृढ़ता से जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### भारत का पैगाम-छेड़ोगे, तो छोड़ेंगे नहीं: नड्डा



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने बुधवार को कहा कि पहलगाम पर भारत का पैगाम है कि उसे छेड़ा गया तो ऐसा करने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा। नड्डा ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि पहलगाम पर भारत का पैग़ाम- छेड़ोगे तो छोड़ेंगे नहीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत की आत्मा पर हमला करने वालों को कड़ी सज़ा मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि भारत आतंकवाद को उसकी जड़ से उखाड़ फेकने में सक्षम भी है और संकल्पबद्ध भी है। मिटा देंगे आतंकवाद का नासूर। ऑपरेशन सिन्दूर।

### ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद का मजबूत जवाब

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर हमला एक मजबूत जवाब है। उन्होंने एक्स पर कहा कि भारत आतंकवाद को कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत यह सुनिश्चित करेगा कि आतंक के हर अपराधी पर कार्रवाई हो।

### कांग्रेस कार्य समिति ने एक स्वर में किया ऑपरेशन सिंदूर का समर्थन



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद बुधवार को पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति की अनौपचारिक आपात बैठक बुलाई, जिसमें पहलगाम हमले के जवाब में सशस्त्र बलों की कार्रवाई का एकजुटता से और एक स्वर में समर्थन किया गया। कार्य समिति की बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस देश के वीर सैनिकों की साहसिक कार्रवाई की सराहना करती है और आतंकवाद के खिलाफ उठाए जा रहे हर कदम में देश के साथ खड़ी है। अचानक और अनौपचारिकरूप से बुलाई गई इस बैठक में दिल्ली में मौजूद पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं को शामिल होने का आग्रह किया गया था। खड़गे ने कहा कि देश में जो घटना घटी है और इसको लेकर सरकार जो कदम उठा रही है, उस पर आज हमने कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक बुलाई।

हम अपने सशस्त्र बलों पर गर्व करते हैं, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के आतंकी ठिकानों पर साहसिक और निर्णायक कार्रवाई करते हुए मुहंतोड़ जवाब दिया है। हम अपने जांबाज़ सैनिकों के साहस, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रभक्ति को सलाम करते हैं। उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के दिन से ही कांग्रेस ने साफ़ तौर पर सशस्त्र बलों और सरकार के साथ एकजुटता से खड़े होकर सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ हर निर्णायक कार्रवाई का समर्थन किया था। पाकिस्तान और पीओके से उत्पन्न होने वाले आतंकवाद के सभी रूपों के विरुद्ध भारत की राष्ट्रीय नीति बहुत स्पष्ट और अडिग है। देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए सभी स्तर पर एकजुटता की सर्वाधिक जरूरत है। कांग्रेस देश के वीर जवानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि इतिहास गवाह है कि हमारे नायकों ने हमेशा राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखते हुए, देश की एकता और अखंडता के लिए अपनी शहादत तक दी है।

# अगर तुम आंख उठाओगे तो हम सिर काट लेंगे

नई दिल्ली, वार्ता



■ कर्नल सोफिया कुरैशी के भाई का पाकिस्तान को संदेश
■ अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी देश की आवाज बन रही हैं सोफिया

भारत-पाक के बीच जारी तनाव के बीच सोफिया कुरैशी, का नाम आज हर किसी की जुबां पर छाया हुआ है। भारतीय सेना के पाकिस्तान पर हुए एक्शन ऑपरेशन सिंदूर में अहम भूमिका निभाने वाली इस जाबांज लेडी कर्नल ने साबित कर दिया कि भारत की बहादुर बेटियां किसी से कम नहीं है। वो आज सिर्फ सीमाओं की रखवाली नहीं कर रहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी देश की आवाज बन रही हैं।

ऑपरेशन सिंदूर के बारे में दुनिया को जानकारी देने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी के भाई मोहम्मद संजय कुरैशी का बयान सामने आया है। उनका कहना है कि भारतीय सेना पर उन्हें गर्व है। उन्होंने पाकिस्तान को संदेश देते हुए कहा कि अगर वो आंख उठाएगा, तो हम भारतीय सिर काटने से भी गुरेज नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान के खिलाफ जो कार्रवाई की उस पर उन्हें फख है। इसके साथ ही मोहम्मद संजय कुरैशी ने कहा कि उनकी बहन ने इस ऑपरेशन में जो भूमिका निभाई है, उन्हें उस पर गर्व है। भाई ने बताया कि उनके बच्चों के लिए उनकी बुआ सोफिया एक आदर्श हैं, आज पूरा देश उनकी बहन पर नाज कर रहा है। कहा कि देश में अभी भी सभी धर्म के लोग प्यार मोहब्बत के साथ रहते हैं और आगे भी रहेंगे। सोफिया के भाई ने बताया कि उनके दादा और पिता भी सेना में सेवाएं दे चुके हैं। वहीं उनकी बहन ने भी सेना में जाने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि भारत में हिंदू और मुस्लिम दोनों धर्मों में गंगा जमुना की परंपरा वर्षों से चली आ रही है, लेकिन दहशतगर्द इस परंपरा को मिटाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन ऐसा कभी नहीं होगा। अगर आतंकियों ने फिर कोई ऐसी नापाक हरकत की तो उन्हें उसका अंजाम भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि देश की बेटियों के सिंदूर को आतंकियों ने हटा दिया था इसलिए इसका नाम ऑपरेशन सिंदूर रखा गया, जो बिल्कुल सही है।

## अर्थ व्यापार

# चौतरफा लिवाली से शेयर बाजार में तेजी

मुंबई, वार्ता



**भारत**-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बावजूद ब्रिटेन के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के मजबूत रुख की बदौलत हुई चौतरफा लिवाली से आज शेयर बाजार तेजी के साथ बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 105.71 अंक उछलकर 80,746.78 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 34.80 अंक बढ़कर 24414.40 अंक पर पहुंच गया। बीएसई की दिग्गज कंपनियों के मुकाबले मझौली और छोटी कंपनियों में अधिक लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 1.36 प्रतिशत की छलांग लगाकर 42,970.15 अंक और स्मॉलकैप 1.16 प्रतिशत की मजबूती के साथ 47,377.90 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4046 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2206 में तेजी जबकि 1683 में गिरावट रही, वहीं 157 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की कुल 2902 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1772 में लिवाली जबकि 1049 में बिकवाली हुई वहीं 81 में टिकाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव ने निवेशकों को सतर्क कर दिया, जिससे बाजार में अस्थिरता बनी रही। शुरुआती कारोबार के दौरान निवेशकों की भावनाएं अस्थिर रहीं। इस अस्थिरता की प्रमुख वजह भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वालू कश्मीर (पीओके) में किए गए मिसाइल हमले रहे, जिन्हें ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया है। सैन्य घटनाक्रम के चलते निवेशक सतर्क दिखे और बाजार में भारी उतार-चढ़ाव रहा। बीएसई में हेल्थकेयर और एफएमसीजी में 0.41 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर अन्य 19 समूहों में तेजी रही। शुरुआत में सेंसेक्स 79,948.80 अंक पर खुला और 79,937.48 अंक के निचले, जबकि 80,844.63 अंक के उच्चतम स्तर पर पूरे दिन रहा।

### 'सिंदूर' के बाद महंगा हुआ सोना, कीमत एक लाख के पार

**मुंबई।** पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार तड़के पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर द्धपीओकेऋ में 9 आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए। इस हमले के बाद दोनों देशों के बीच टेंशन अपने चरम पर पहुंच गई है। जिसकी वजह से देश की राजधानी दिल्ली में गोल्ड की डिमांड में इजाफा देखने को मिला है। जिसकी वजह से दिल्ली में गोल्ड के दाम एक लाख के पार पहुंच गए हैं। खास बात तो ये है कि पहलगाम की घटना के दिन दिल्ली में गोल्ड ने लाइफ टाइम हाई का रिकॉर्ड बनाया था। उम्मीद लगाई जा रही है कि शुक्रवार को सोने के दाम एक बार फिर से रिकॉर्ड तोड़ देंगे।

# खाद्य तेलों में रहा मिलाजुला रुख



■ अन्य जिंसों के भाव में कोई परिवर्तन नहीं हुआ

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से बुधवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। वहीं अन्य जिंसों के भाव यथावत रहे।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 92 रिंगिट लुढ़ककर 3703 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.61 सेंट की तेजी के साथ 48-96 सेंट प्रति पौंड बोला गया।। सूरजमुख तेल 219 रुपए और सोया रिफाइंड 110 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया, जबकि पाम ऑयल 366 रुपए प्रति क्विंटल गिर गया। सरसों तेल, मूंगफली तेल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18314 रुपए, सूरजमुखी तेल 16703 रुपए, सोया रिफाइंड 14835 रुपए, पाम ऑयल 13553 रुपए और वनस्पति तेल 16116 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### ऑपरेशन सिंदूर ...

इस तरह के सीमा पार हमलों का जवाब देने और उन्हें रोकने तथा उनका प्रतिरोध करने के अपने अधिकार का प्रयोग किया है। विदेश सचिव ने पहलगाम हमले की पृष्ठभूमि की पूरी जानकारी दी और कहा कि 22 अप्रैल 2025 को लश्कर-ए-तैयबा से संबंधित पाकिस्तानी और पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकवादियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हमला किया और 25 भारतीय नागरिकों और एक नेपाली नागरिक की हत्या कर दी। यह हमला स्पष्ट रूप से जम्मू-कश्मीर में बहाल हो रही सामान्य स्थिति को बाधित करने के उद्देश्य से किया गया था। श्री मिस्री ने बताया कि यह हमला स्पष्ट रूप से जम्मू-कश्मीर में सामान्य स्थिति को गड़बड़ाने और अशांति फैलाने उद्देश्य से किया गया। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष घाटी में रिकॉर्ड ढाई करोड़ पर्यटक आए थे। साथ ही इसके जरिये केन्द्र शासित प्रदेश में विकास और प्रगति को नुकसान पहुंचाना और पाकिस्तान से सीमा पार आतंकवाद को जारी रखने के लिए उपजाऊ जमीन बनाना था। उन्होंने कहा कि यह हमला उन्होंने कहा कि देश में ऐसा कुछ नहीं हुआ और इसके लिए केन्द्र सरकार और जनता को श्रेय दिया जाना चाहिए जिन्होंने इन मंसूबों को विफल कर दिया। श्री मिस्री ने कहा कि खुद को द रेसिस्टेंस फ्रंट टीआरएफ कहने वाले एक समूह ने हमले की जिम्मेदारी ली है। यह समूह संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित पाकिस्तानी आतंकवादी गुट लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा है। उल्लेखनीय है कि भारत ने मई और नवंबर 2024 में संयुक्त राष्ट्र की 1267 प्रतिबंध समिति की निगरानी टीम को अर्ध-वार्षिक रिपोर्ट में टीआरएफ के बारे में जानकारी दी थी, जिससे पाकिस्तान स्थित आतंकवादी समूहों के लिए एक कवर के रूप में पाकिस्तान की भूमिका सामने आई थी। इससे पहले भी दिसम्बर 2023 में, भारत ने निगरानी टीम को लश्कर और जैश-ए-मोहम्मद के बारे में सूचित किया था जो टीआरएफ जैसे छोटे आतंकवादी समूहों के माध्यम से काम कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले की जांच से पाकिस्तान के साथ आतंकवादियों के संपर्क उजागर हुए हैं। रेजिस्टेंस फ्रंट द्वारा किए गए दावे और लश्कर-ए-तैयबा से ज्ञात सोशल मीडिया हैंडल द्वारा इसको रिपोस्ट किया जाना इसकी पुष्टि करता है। चश्मदीद गवाहों और विभिन्न जांच एजेंसियों को उपलब्ध अन्य सूचनाओं के आधार पर हमलावरों की पहचान भी हुई है। इसके अलावा खुफिया एजेन्सी ने इस टीम के योजनाकारों और उनके समर्थकों की जानकारी जुटाई है। श्री मिस्री ने कहा कि इस हमले की रूपरेखा भारत में सीमा पार आतंकवाद को अंजाम देने के पाकिस्तान के लंबे ट्रैक रिकॉर्ड से भी जुड़ी हुई हैं, जिसके लिखित और स्पष्ट दस्तावेज उपलब्ध हैं। पाकिस्तान दुनिया भर में आतंकवादियों के लिए एक शरण स्थल के रूप में पहचान बना चुका है। इसके अलावा पाकिस्तान ने इस मुद्दे पर विश्व और फाइनेन्सियल ऐक्शन टास्क फोर्स जैसे अंतर्राष्ट्रीय मंचों को जानबूझकर गुमराह करने के लिए भी जाना जाता है। साजिद मीर का मामला, जिसमें इस आतंकवादी को पाकिस्तान ने मृत घोषित कर दिया था और फिर, अंतर्राष्ट्रीय दबाव के परिणाम स्वरूप, वह जीवित पाया गया, इसका सबसे स्पष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि हमलों के एक पखवाड़े के बाद भी, पाकिस्तान द्वारा अपने क्षेत्र या अपने नियंत्रण वाले क्षेत्रों में आतंकवादियों के ठिकानों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए कोई स्पष्ट कदम नहीं उठाया गया है। उल्टे, वो इन्कार करने और आरोप लगाने में ही लिप्त रहा है इसलिए यह कार्रवाई जरूरी थी।

# नोएडा एयरपोर्ट पर 131 पुलिसकर्मी संभालेंगे मोर्चा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ विशेष ट्रेनिंग प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, 45 को किया गया प्रशिक्षित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की संचालन प्रक्रिया जल्द ही शुरू होने वाली है। गौतमबुद्धनगर के जेवर में बन रहे एशिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट पर किसी प्रकार की सुरक्षा चूक न हो, इसी कड़ी में, जेवर एयरपोर्ट पर तैनात होने वाले पुलिस. बल को चयनित कर उनकी विशेष ट्रेनिंग की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

इस एक महीने चलने वाली ट्रेनिंग प्रक्रिया के अंतर्गत 45 पुलिस कर्मियों के पहले बैच को ट्रेंड कर दिया गया है। इस ट्रेनिंग का आयोजन ब्यूरो ऑफ इमीग्रेशन की अनुशंसा पर लखनऊ स्थित फॉरेन रीजनल रजिस्ट्रेशन ऑफिस द्वारा कराया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा जेवर एयरपोर्ट पर इमीग्रेशन सर्विसेस समेत तमाम कार्यों की निगरानी व प्रबंधन के लिए राज्य पुलिस बल की नियुक्ति का आग्रह किया गया था, जिसे पूरा करते हुए योगी सरकार ने पुलिस विभाग के विभिन्न कार्मिकों को सेवाएं देने के लिए चिह्नित किया है। इन सभी कार्मिकों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप ट्रेंड करने तथा विशेष तौर पर इमीग्रेशन सर्विवेस के सफल संचालन के लिए सतर्क, सक्षम व सुदृढ़ निगरानी प्रणाली के तौर पर कार्य करने के लिए ट्रेंड किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग द्वारा गौतमबुद्धनगर के जेवर स्थित एनआईएल में जिन पुलिस कर्मियों को तैनात किया जाना है, उन्हें विशिष्ट ट्रेनिंग प्रक्रिया का हिस्सा बनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश पुलिस बल द्वारा एनआईएल की सुरक्षा प्रणाली मजबूत करने के लिए जिन 131 पुलिस कार्मिकों का चयन किया गया है, उनमें 10 इंस्पेक्टर, 42 सब इंस्पेक्टर तथा 62 कॉन्सटेबल शामिल हैं।

### योगी ने आकांक्षात्मक विकास खंडों की प्रगति पर जताई संतुष्टि

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आकांक्षात्मक जनपदों और आकांक्षात्मक विकास खंडों में आए बदलाव का स्थलीय परीक्षण करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को भ्रमण पर भेजने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को आकांक्षात्मक जनपद और आकांक्षात्मक विकास खंड कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आठ आकांक्षात्मक जिलों में प्रमुख सचिव/सचिव स्तर के 8 अलग-अलग अधिकारियों को 3 दिन के दौरे पर भेजा जाए, इसी तरह 108 आकांक्षात्मक जनपदों में भ्रमण के लिए विशेष सचिव स्तर के 108 अधिकारियों को भेजा जाए। यह अधिकारी इन कार्यक्रमों के प्रारम्भ से अब तक इन क्षेत्रों में आए वास्तविक बदलाव का स्थलीय निरीक्षण करें।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# पाकिस्तान के आतंकवाद पर भारी पड़ा भारत का ऑपरेशन सिंदूर

■ सेना की वीरता को देश की जनता ने सराहा
■ पाकिस्तान पर हमला करने वाली मुस्लिम कर्नल सोफिया कुरैशी की रही अहम भूमिका




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार की रात भारतीय सेवा ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का बदला लेने के लिए पाकिस्तान पर हमला किया जिसमें पूरे पाकिस्तान के अंदर खलबली मच गई। भारतीय सेवा की तरफ से किए गए हमले में लगभग 10 आतंकवादियों के ठिकानों पर मिसाइल दागी जिसमें दर्जनों आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा गया। साथ ही साथ भारत में आतंकवाद की कई घटना करने वाले मसूद अजहर के मदरसे पर भी बमबारी हुई जिसमें वह पूरी तरह तबाह हो गया।

बताया जा रहा है कि आतंकवादी मसूद अजहर के परिवार और उसके खास लोगों में लगभग 14 लोग इस कार्रवाई की जद में आए और वह मारे गए। पाकिस्तान में हुई तबाही के बाद सेना की कार्रवाई को लेकर भारत के लोगों ने राहत की सांस ली और भारतीय सेना की कार्यवाही को सारहते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। मेरठ में भी भारतीय सेना की कार्रवाई को लेकर खुशी का माहौल देखा गया। लोगों ने कहीं लड्डू खिलाकर तो कहीं भारतीय सेना को सैल्यूट करके हमले को सही ठहराया। इस दौरान मेरठ के व्यापारी, सामाजिक और राजनीतिक लोगों ने अपने-अपने तरीके से इस हमले पर प्रतिक्रियाएं दीं।



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री पंडित सुनील भराला ने प्रधानमंत्री और देश की सेना को दी बधाई है। पंडित सुनील भराला ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत के अदम्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अद्वितीय नेतृत्व का प्रतीक है। मोदी जी के नेतृत्व में भारत अपने हर नागरिक की सुरक्षा के लिए हर सीमा पार करने को तैयार है। हमें हमारे प्रधानमंत्री और सेना पर गर्व है।



जाट आरक्षण की लड़ाई लड़ने वाले जाट समाज के बड़े नेता रोहित जाखड़ ने भी भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाते हुए उनकी सराहना की है और कहा कि जो लोग पहलगाम में मारे गए थे उनका बदला पाकिस्तान के अंदर घुसकर लिया गया है। साथ ही साथ जो लोग देश के मुसलमान के खिलाफ नफरत और जहर घोल रहे थे उन्हें यह भी देखना चाहिए कि जिस महिला ने पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकवादियों को सबक सिखाया है वह एक भारतीय महिला है और जिसका नाम करनल सोफिया कुरैशी है। भारत को ऐसी बेटियों पर नाज है जो न सिर्फ अपने धर्म की लाज बचाती हैं बल्कि अपने देश का भी मान बढ़ाती हैं।

## मुस्लिमों के खिलाफ जहर उगलने वालों के मुंह पर लगा तमाचा!

### कर्नल सोफिया कुरैशी नें ऑपरेशन सिंदूर से तोड़ी पाकिस्तान की कमर



**शाहवेज खान/शाह टाइम्स**

**मेरठ।** कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद जहां पूरा विश्व हैरान हो गया था वहीं भारत के अंदर हिंदू और मुसलमान के बीच खाई पैदा करने के लिए कुछ हिंदूवादी संगठन पूरी तरह जमीन पर उतर आए थे और हर जगह मुसलमानों के खिलाफ एक नॉरेटिव पैदा कर रहे थे। कभी बाजारों में तो कभी चलते हुए मुसलमान को परेशान कर रहे थे। आगरा में धर्म पूछ कर हिंदू संगठनों ने दो मुसलमान को मारा। नैनीताल में मुस्लिम दुकानदारों की दुकानें तोड़ी गईं। उत्तराखंड के मसूरी में धर्म पूछ कर मुसलमानों को पीटा गया और जगह-जगह हिंदू और मुसलमान का झगड़ा करने के लिए हिंदूवादी संगठनों ने पूरे देश में तनाव पैदा किया और देखते ही देखते भारत के अंदर हिंदू-मुस्लिम तनाव पूरी तरह पनप गया, लेकिन इसी बीच आतंकवादी हमले का जवाब देने के लिए भारत सरकार अपनी तैयारी कर रही थी। वह देश में चल रहे घरेलू झगड़े पर ध्यान नहीं दे रही थी क्योंकि उसे ऐसा हथियार चाहिए था जिससे पाकिस्तान की कमर भी टूट जाए और भारत में पनप रहे हिंदू मुसलमान के विवाद को भी ठंडक मिल जाए।

बुधवार की देर रात भारत सरकार ने एक तीर से कई निशाने साधे। भारत सरकार ने पाकिस्तान पर हमला करने के लिए भारतीय सेना की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर के तहत काम किया और इसको लीड करने के लिए भारतीय सेना की मुस्लिम महिला कर्नल सोफिया कुरैशी को जिम्मेदारी दी। सोफिया कुरैशी ने ऑपरेशन सिंदूर को न सिर्फ लीड किया बल्कि पूरी दुनिया में इस ऑपरेशन के माध्यम से एक संदेश भी दिया कि जिस पाकिस्तान ने धर्म देखकर आतंकवादी हमला कराया उस पाकिस्तान पर भारतीय सेना की एक मुस्लिम महिला ने ही हमला किया है और यह बता दिया है कि भारत के लोग अपने देश के साथ हैं। वह किसी भी धर्म के होने से पहले एक भारतीय हैं। वहीं भारत सरकार ने हमले की जिम्मेदारी तो भारतीय महिलाओं के कंधों पर दी और दुनिया को यह बता दिया कि भारत की सेना में भारतीय महिलाओं की भागीदारी क्या है। भारतीय महिलाएं और खास तौर से मुस्लिम महिलाएं अब किसी से कम नहीं है। भारत एक महान देश है जो ना अपने कल्चर को भूलता है और ना ही संविधान को। भारत सरकार ने भी एक तरह से कई मिसाले दी हैं। उन्होंने सोफिया कुरैशी को इस ऑपरेशन की कमान देकर भारत के अंदर मुसलमान के खिलाफ जहर भरने वाले नफरती हिंदू संगठनों के मुंह पर भी तमाचा मारा है और यह बताया है कि भारत सरकार देश के हर नागरिक के साथ है और हमें आतंकवाद से लड़ना है ना कि मुसलमानों से लड़ना है। सोफिया कुरैशी का नाम सामने आने के बाद मुस्लिम समाज ने भी राहत की सांस ली है और जो लोग देश में रह रहे हैं मुसलमानों को टारगेट कर रहे थे उन्हें भी यह दिखाने का काम किया है कि पाकिस्तान पर हमला करने वाली एक भारतीय मुस्लिम महिला थी इसलिए हमें आपस में नहीं लड़ना है हमें एकता दिखाते हुए मिलकर दुश्मनों का मुकाबला करना है ताकि आतंकवाद के साथ-साथ भारत के अंदर हिंदू और मुसलमान को आपस में लड़ाने वालों के मुँह पर भी तमाचा लग सके।

## एयर स्ट्राइक के बाद जानी क्षेत्र में खुशी से झूमे लोग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** भारत सरकार द्वारा पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक के बाद सोशल मीडिया, व्हाट्सएप पर हर जगह देश का युवा इस हमले पर खुशी जाहिर कर रहा है। जानी क्षेत्र में भी इस हमले को लेकर युवाओं ने भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाया और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। गांव रसूलपुर धौलड़ी में युवा नेता गौरव गुर्जर अमन वर्मा प्रवीण सोनी मोहन गर्ग अंकित गर्ग रवि गुर्जर रवि भगत राम फ्रूट आदि ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए और उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुए हिंदुओं पर आतंकी हमले का बदला लिया गया है पाकिस्तान का जल्दी खत्म होगा अगर जरूरत पड़ी तो देश का हर युवा बॉर्डर पर खड़ा होगा। उधर, जानी बस स्टैंड पर युवाओं ने पाकिस्तान का पुतला फूंककर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। वहीं प्रवीण सोनी ने कहा कि भारत 1965 1971 में भी अपनी हार नहीं मानी थी पाकिस्तानियों को धूल चटाई थी अब 2025 वाला भारत बहुत ताकतवर और मजबूत है।



प्रधानमंत्री की कार्रवाई से खुश उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई।

## पाकिस्तान में एयर स्ट्राइक करने पर बहसूमा व रामराज में खुशी की लहर

■ भाजपा नेताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर दी बधाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** मंगलवार की देर रात भारत ने पाकिस्तान पर अपनी विमानो से एयर स्ट्राइक के बाद सोशल मीडिया, व्हाट्सएप, फेसबुक आदि पर सभी युवाओं एवं भारत के नागरिकों में खुशी की लहर दौड़ गई है जिसमें बहसूमा व रामराज में नागरिकों एवं ग्रामीणो में जोश भर गया है जिसमें रामराज में भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मोनू बंसल के प्रतिष्ठान पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। इस अवसर पर व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मोनू बंसल ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगांव में हुए हिंदुओं पर आतंकी हमले का बदला लिया गया है। पाकिस्तान का जल्दी खत्मा होगा। अगर जरूरत पड़ी तो देश का हर युवा बॉर्डर पर खड़ा होगा। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो भी निर्णय ले रहे हैं वह देश हित में ले रहे हैं। हमें ऐसे प्रधानमंत्री पर गर्व होना चाहिए कि अगर हमारे देश के नागरिक पर जो भी आंख उठाएगा उसको भुगतना पड़ेगा। इस अवसर पर भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष विपेन्द्र सुधा वाल्मीकि ने कहा कि हमारे देश के जवानों ने एयर स्ट्राइक करके यह दिखा दिया है कि वह देश के लिए अपनी जान को न्यौछावर कर देंगे। एयर स्ट्राइक होने के बाद आतंकी हमले के आरोपियों को मार गिराया यह भारत देश का बदला है। इस मौके पर एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर मुख्य रूप से विपिन मनचंदा, रोहित बंसल, डॉक्टर श्रीपाल कोहली, मास्टर ब्रह्मचारी सिंह, सत्येंद्र शर्मा, सुदर्शन गोयल, लक्ष्मी नारायण गोयल, राजन देशवाल, मनीष राणा, रामवीर चौधरी, रामदत्त उपाध्याय, सुरेश गिरी, निर्दोष त्यागी, अजय बहादुर, विक्की गुंबर आदि लोग शामिल रहे।

## आतंकवादियों पर अटैक को लेकर लोगों में खुशी की लहर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने पाकिस्तान आतंकवादियों पर देर रात अटैक किया। जिसमें कई आतंकवादियों को ढेर किया गया। जिसको लेकर आरएलडी पार्टी के नेताओं और आम जनता में खुशी की लहर देखने को मिली।

लोगों ने मिठाई खिलाकर अपनी खुशी जाहिर की है। बता दें सुबह उठते ही जब इस खबर का लोगों को पता चला कि भारत की ओर से पाकिस्तान आतंकवादियों पर अटैक किया गया है और कई आतंकवादियों को ढेर किया गया है जब से ही लोगों में खुशी की लहर दौड़ने लगी और लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर इस खुशी को जाहिर किया। इस दौरान लोकदल पार्टी के नेता प्रतीक जैन ने भी मुस्लिम समाज के लोगों को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की है। मुस्लिम समाज के लोग भी इस अटैक से काफी खुश नजर आ रहे हैं उन्होंने कहा है कि देश के प्रधानमंत्री ने एक अच्छी पहल की है सिंदूर ऑपरेशन चलाया गया है इससे पाकिस्तान बौखला गया है।

## मुस्लिम युवाओं ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर किया खुशी का इजहार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा पश्चिम उत्तर प्रदेश मीडिया प्रभारी नासिर सैफी के नूरनगर स्थित कार्यालय पर मुस्लिम युवाओं ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर जश्न मनाया। पहलगाम मे हुए आतंकवादी हमले का पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक करके बदला लेने पर मुस्लिम युवाओं ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी का इजहार किया। भारतीय सेना और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शुक्रिया कहा। इस दौरान परवेज सैफी, निजाम कुरैशी, आसिफ सैफी, समद अब्बासी, यूनुस सैफी, सादिक सैफी मौजूद रहे।

## स्कूल-कॉलेज, विश्वविद्यालय व अन्य स्थानों पर किया गया मॉकड्रिल का आयोजन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शासन के निर्देशो के क्रम में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह के मार्गदर्शन में बुधवार को जनपद के सेन्ट जोजफ इंटर कालेज सहित बीएवी इंटर कालेज, सीसीएस यूनिवर्सिटी, सुभारती यूनिवर्सिटी, मेरठ कालेज, आईटीआई साकेत, इस्माइल नेशनल गर्ल्स पी.जी. कालेज, आर.जी. डिग्री कालेज, आईआईएमटी कालेज, एनएएस डिग्री कालेज, डीएन डिग्री कालेज, आईओसीएल, पूठ वेदव्यासपुरी व अन्य स्थानों पर मॉकड्रिल का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इसमें जनप्रतिनिधियों, सिविल डिफेंस, एनसीसी कैडेट, स्कूल, कालेजों के छात्र-छात्राओ, पुलिस व प्रशासन की सहभागिता रही। जिलाधिकारी ने बताया कि आपात स्थिति आने पर आमजन को अपनी सुरक्षा के लिए जागरूक करने हेतु इस मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि आपात स्थिति आने पर क्या सावधानियां बरतनी है, क्या करें तथा क्या न करें की जानकारी उपलब्ध कराई गई। उन्होने कहा कि आपात स्थिति आने पर आमजन मॉकड्रिल में दिये गये निर्देशों, गाइडलाइन का पालन अवश्य करें। मॉक ड्रिल में दिये गये निर्देशों, गाइडलाइन का पालन करने से आमजन खुद को व अन्य को सुरक्षित रख पायेंगे। इस अवसर पर विधायक मेरठ कैंट अमित अग्रवाल, एसएसपी विपिन ताडा, अपर जिलाधिक. ारी नगर बृजेश सिंह, एसपी ट्रैफिक राघवेन्द्र मिश्रा, एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह, सीएमओ डॉ. अशोक कटारिया, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार, सिविल डिफेंस, एनसीसी कैडेट, स्कूल, कॉलेजों के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## थाना प्रभारी ने छात्रों को हमले से बचने के दिये टिप्स

### झूठी अफवाह फैलाने वालो पर होगी सख्त कार्रवाई

■ परीक्षितगढ़ इंटर कॉलेज में छात्रों को हमले में होनी वाली समस्याओं से बारे में विस्तार से दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के परीक्षितगढ़ इंटर कॉलेज में थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुई पर्यटकों की हत्या के विरोध में पड़ोसी देश पाकिस्तान पर भारत हमला कर सकता है उसके विपरीत यदि पाकिस्तान हमला करता है तो हमले से कैसे बचा जाए यह सभी को जानना जरूरी है। ऐसी स्थिति में येलो रेड ग्रीन तथा व्हाइट सायरन से सावधान किया जाएगा। हमले के समय मोबाइल तथा लाइट का प्रयोग न करें अफवाह पर ध्यान न दें और गलत अफवाह न फैलाएं घायलों को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाने में मदद करें तथा प्रशासन की मदद करें। वहीं सभी बच्चों को सायरन सुनाकर बताया गया। इस मौके पर बीडीओ राजेंद्र सिंह ब्लॉक प्रमुख ब्रहम सिंह, पूर्व चेयरमैन अमित मोहन टीपू, अधिशासी अधिकारी मनोज शर्मा, सीएचसी प्रभारी डाक्टर अमर सिंह, कॉलेज के प्रधानाचार्य शिव प्रताप सिंह, संयुक्त व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेंद्र गर्ग, बीपीएम इकरार अहमद, सचिन त्यागी सब इंस्पेक्टर राजकुमार एस आई अभिषेक महिला सब इंस्पेक्टर शिखा सुंदर चौधरी प्रमोद प्रधान, गगन त्यागी आदि मौजूद रहे। वहीं नगर के केपी इंटरनेशनल स्कूल में भी मॉकड्रिल के बारे में बताया गया। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी मनोज शर्मा, चेयरमैन हिटलर त्यागी, बीपीएम इकरार अहमद स्कूल के चेयरमैन दीपक भाटी, डायरेक्टर शशांक भाटी, रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्य अर्चित गर्ग, लिपिक संदीप गौतम आदि मौजूद रहे।

## जागरूकता व सतर्कता से युद्धकालीन स्थितियों से निपटा जा सकता है: डॉ. जी.के.थपलियाल

### सुभारती विवि की आपदा प्रबंधन समिति व प्रशासन की हुई बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय की आपदा प्रबन्धन समिति द्वारा नागरिक सुरक्षा अभ्यास को लेकर ब्लैक आउट व मॉक ड्रिल के सम्बन्ध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी.के. थपलियाल ने की। जिसमें कुलसचिव ग्रुप कैप्टन एम याकूब, एसडीएम सदर अंकित कुमार, क्षेत्रधिकारी संजय कुमार जयसवाल, थाना जानी के एसएचओ महेश सिंह एवं नायब तहसीलदार सोनपाल सिंह ने युद्धकालीन स्थितियों में आवश्यक सुरक्षा उपायों और बचाव के तरीकों पर विस्तृत चर्चा की।

एसडीएम सदर अंकित कुमार ने कहा कि ब्लैक आउट के समय सायरन बजने के दौरान घबराना नही है एवं न ही भगदड़ करनी है। सभी लाइटें बन्द करनी है। इन्वर्टर जनरेटर भी बंद करने है ताकि रोशनी बाहर न आ सके। लोग रेडियों मोबाइल या अन्य माध्यमों से सरकारी निर्देश सुनते रहें। क्षेत्रधिकारी संजय कुमार जयसवाल ने कहा कि जागरूकता ही आपात स्थिति में नागरिकों की सुरक्षा में मददगार है। ब्लैक आउट के दौरान खिड़कियों के दरवाजें बंद करें ताकि रोशनी बाहर न आएं। अफवाहों पर ध्यान न दें एवं न ही कोई भ्रामक जानकारी सोशल मीडिया पर साझा करें। कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी. के.थपलियाल ने कहा कि सुभारती विश्वविद्यालय की आपदा प्रबन्धन समिति वर्तमान युद्धकालीन स्थितियों से निपटने हेतु नागरिक सुरक्षा के प्रति सजगता से कार्य कर रही है। विश्व. विद्यालय मॉक ड्रिल व प्रशिक्षण, आपातकालीन संपर्क प्रणाली, चिकित्सा व प्राथमिक उपचार, खाद्य व जलापूर्ति, अग्निशमन, मनोवैज्ञानिक सहायता एवं प्रशासनिक समन्वय के साथ हर स्थिति का सामना करने हेतु तैयार है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक का यही कर्तव्य है कि वह विचलित न हो, संयम के साथ आपात स्थिति में एक दूसरे की मदद करें। विश्वविद्यालय प्रशासन आपदा के किसी भी संभावित खतरे से निपटने के लिए पूर्ण रूप से सतर्क है।

## मॉक ड्रिल में छात्र-छात्राओं को दिए आपदा में बचाव के टिप्स

■ पुलिस प्रशासनिक अफसरों ने छात्रों को दी उपयोगी जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** भारत - पाकिस्तान के तनाव को लेकर नागरिक सुरक्षा एवं संहिता के अंतर्गत भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के तत्वाधान में जिला प्रशासन द्वारा मॉक ड्रिल कार्यक्रम का आयोजन एएस इंटर कॉलेज में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एडीएमई बलराम सिंह, लेफ्टिनेंट कर्नल आशीष मोहन अग्रवाल, एसपी देहात राकेश कुमार मिश्रा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण गौतम, एसडीएम मवाना दीपक माथुर, सीओ अभिषेक पटेल, एफएसओ विश्वास गर्ग, इंस्पेक्टर मवाना विशाल कुमार श्रीवास्तव, चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मवाना डाक्टर अरुण कुमार, सिविल डिफेंस से आपदा मित्र जितेंद्र कुमार का विद्यालय प्रांगण आगमन पर छात्र-छात्राओं के द्वारा पुष्प वर्षा एवं तिलक के द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया तथा विद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं नगर पालिका अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक प्रबंधक पवन कुमार रस्तोगी तथा प्रधानाचार्य डॉ. मेघराज सिंह ने समस्त अतिथियों के अंग वस्त्र, माला एवं प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत एवं सम्मान किया। उसके उपरांत सिविल डिफेंस, फायर सेफ्टी, चिकित्सा एवं एनसीसी के द्वारा आपदा की स्थिति में आपदा मित्र जितेंद्र कुमार ने बताया कि आपदा के समय हमें मकान में कोनो पर रहना चाहिए तथा घर की लाइट रात को बंद रखनी चाहिए। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर प्रवीण गौतम ने बताया कि यदि कोई चिकित्सा से संबंधित समस्या उत्पन्न होती है तब तत्काल अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र को सूचना दें तथा घायल लोगों की मदद करें स्वयं सुरक्षित रहें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें पुलिस अधीक्षक देहात राक. ेश कुमार मिश्रा ने बताया कि पैनिक होने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि जब हम तनाव में होते हैं तो उस समय लिए गए फैसले गलत भी हो जाते हैं। इस कारण सोशल मीडिया की अफवाह से दूर रहें। सोच समझकर निर्णय लें तथा लोगों को जागरूक करें।

भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में न जाएं रात को सोते समय घरों की लाइट आवश्यक रूप से बंद करें। क्योंकि कभी भी रात को जब सर्जिकल स्ट्राइक की जाती है उसे समय प्रकाश वाले क्षेत्र में हमला होने के संभावनाएं अधिक होती है अपर जिला अधिकारी प्रशासन बलराम सिंह ने बताया कि प्रशासन प्रत्येक आपदा में आपके साथ खड़ा है आपदा के समय अपने पास खाद्य सामग्री आवश्यक रूप से उपलब्ध होनी चाहिए तथा पर्याप्त मात्रा में पानी की व्यवस्था होनी चाहिए इसके साथ-साथ अपने जिले के समस्त अधिकारियों तथा समस्त विभाग के नंबर अपने पास रखें बड़े ही समझदारी से लोगों को समझाएं कि वे तनाव की स्थिति में पैनिक न हो उसके उपरांत प्रयोगात्मक रूप से मॉक ड्रिल कार्यक्रम कराया गया जिसमें आपदा से बिल्डिंग रहने पर हमें अपने आप को कैसे बचाव करना है तथा आग लगने की स्थिति में किस प्रकार फायर एक्सटेंशन का उपयोग करना है तथा अपने घरों में रेत की बाल्टिया भरकर आवश्यक रूप से रखें विद्यालय में आग लगाकर फायर ब्रिगेड की गाड़ी के द्वारा उसे बुझाया गया। इसका प्रशिक्षण छात्र-छात्राओं को दिया गया। उसके उपरांत आपदा के पश्चात भीड़भाड़ वाले एरिया से पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को सुरक्षित निकालने का भी प्रशिक्षण कर दिखाया। छात्र छात्राओं को इसका बेहद लाभ प्राप्त हुआ, तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य डाक्टर मेघराज सिंह ने समाज विद्यालय परिवार की तरफ से समस्त अधिकारी गणों का आभार व्यक्त किया। आज के कार्यक्रम में फायर विभाग से सचिन कुमार , तथा महिला थाने से प्रीति एवं अंजुम पठान , चीफ प्रॉक्टर मीनाक्षी, कृष्ण चंद, विभा जैन, कोऑर्डिनेटर अंजू सिंह, निष्ठा, विशेष कुमार, श्रवण कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा कार्यक्रम का संचालन निपेंद्र कुमार भटनागर ने किया।

# एनकाउंटर: चार इनामी बदमाश हुए पुलिस की गोली के शिकार

## मवाना में शराब दुकान के सेल्समैन से की थी लूट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** मंगलवार देर रात पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में 25-25 हजार रुपयों के चार इनामी हिस्ट्रीशीटरों सहित उनके एक अन्य साथी को पुलिस ने अरेस्ट किया है। जिसमें चार बदमाशों के पैर में गोली लगी है। घायलों को रात ही सीएचसी मवाना में इलाज के लिए भेजा गया।

इन बदमाशों ने सरकारी शराब की दुकान के सेल्समैन से लूट की थी। सभी आरोपी अन्तर्राज्यीय गिरोह से ताल्लुक रखते हैं। लूट, हत्या जैसी वारदात पहले भी कर चुके हैं। इनके कब्जे से 4 तमंचे, कारतूस, खोखा और कार बरामद हुई है।

### तीन हिस्ट्रीशीटर सभी पर 25-25 हजार का इनाम

एसपी देहात राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि मवाना मिल रोड पर शराब की दुकान पर सेल्समैन अशोक कुमार के साथ मारपीट कर लूट की घटना हुई थी। इसे हिस्ट्रीशीटर, लुटेरों ने अंजाम दिया था।

इस मामले में अंकित, रजनीश, विनीत और शिवम उर्फ गोलू पर मुकदमा लिखा गया था। इसमें रजनीश मवाना थाना, विनीत किठौर, शिवम फलावदा थाने का हिस्ट्रीशीटर है। वहीं अंकित पहले भी मारपीट के अपराध में जेल जा चुका है। रजनीश, विनीत और शिवम तीनों सिविल लाइन थाने पर 25-25 हजार के इनामी हैं। रजनीश पर 8, अंकित पर 7, शिवम पर 13 और विनीत पर 14 मुकदमे दर्ज हैं। रजनीश, विनीत और शिवम तीनों 25-25 हजार रुपयों के इनामी है।

### शराब दुकान पर की थी लूट

पांच मई को अशोक कुमार ने तहरीर दी थी कि वो मवाना में मिल रोड पर सरकारी शराब की दुकान में सेल्समैन है। 4 मई की रात 10 बजे अशोक अपनी दुकान बंद करके घर जा रहा था। तभी सफेद कार पर सवार कुछ युवक दुकान पर आए। जबरन दुकान खोलकर शराब देने को कहने लगे। जब मना किया तो इन्होंने अशोक के साथ मारपीट कर दी। मारपीट कर जबरन दुकान खुलवाकर दो बोतल शराब, एक पेटी बीयर जबरन लेकर गए और पैसे भी नहीं दिए। अशोक की शिकायत पर अंकित, रजनीश, विनीत और शिवम पर मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस तभी से इनकी तलाश कर रही थी।

### चेकिंग के दौरान कर दिया फायर

मंगलवार रात सीओ मवाना और इंस्पेक्टर मवाना विशाल श्रीवास्तव के साथ थाना पुलिस चैकिंग कर रहे थे। तभी तिगरी कट मुबारिकपुर मोड के पास कार से पांच लोग पुलिस की नजरों से बचकर भागते दिखे। पुलिस ने चेकिंग के लिए रोका तो ये रुके नहीं। बल्कि पुलिस पर फायर कर दिया। जवाबी कार्यवाही में शिवम के बांये, विनीत के दाहिने पैर में गोली लगी। जिससे वो घायल हो गए। बाकी तीन लोग जंगल की ओर भाग गए।

### फायरिंग कर भागने लगे बदमाश

पुलिस ने तुरंत कांबिग शुरू कर दी। जिसमें भागे हुए बदमाशों में से रजनीश के दाहिने पैर में गोली लगी। अंकित भी गोली लगने से घायल हो गया। भाग रहे बदमाश तरुण को भी पुलिस ने पकड़ लिया। घायल बदमाश रजनीश, अंकित से 2-2 तमंचे मिले हैं। सभी को सीएचसी मवाना में इलाज के लिए भर्ती कराया गया जहां से उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

# जानी की पीएचसी को सीएचसी बनाने के लिए डिप्टी सीएम से मिले मंत्री यशवीर

## डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने दिया आश्वासन जल्द जानी को मिलेगी सीएचसी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ यूपी सीएलडीएफ के चेयरमैन व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री चौधरी यशवीर सिंह ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक से उनके लखनऊ में राजभवन कालोनी स्थित सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंटकर कर जनपद मेरठ के जानी खुर्द में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उच्चीकरण कर उसे समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सी.एच.सी.के रूप में स्थापित कर अति आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं को उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में पत्र दिया।

यूपी सीएलडीएफ चेयरमैन व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री चौधरी ने उपमुख्यमंत्री पाठक से वार्ता के दौरान कहा कि जानी खुर्द में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का सीएचसी के रूप उच्चीकरण से इस विकास खंड के बड़ी आबादी वाले लगभग 40 गांवों को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार आम जन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रही है इसी के तहत प्रदेश उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री पाठक ने पूर्ण आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द ही विकास खण्ड जानी खुर्द में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उच्चीकरण कर उसे समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में विकसित कर अति आवश्यक सम्पूर्ण बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं आमजन को उपलब्ध कराई जायेगी।

# जबरन शराब पिलाने का विरोध करने पर मारपीट, दी तहरीर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** थाना क्षेत्र के पिलौना में आयोजित बच्चे की छठी में पीड़ित की पत्नी व उसकी दो पुत्री के सामने दबंगों ने हाथ पकड़ कर जबरदस्ती शराब पिलाई। पीड़ित द्वारा विरोध करने पर दबंगों ने युवक के साथ मारपीट करके घायल कर दिया। घटना के संबंध में पीड़ित सुधीर कुमार पुत्र राज सिंह निवासी पिलोना ने थाने में पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि दो दिन पूर्व गांव के पड़ोस में स्थित एक बच्चे की छठी समारोह कार्यक्रम में वह अपनी पत्नी व दो पुत्रियों को साथ लेकर शामिल होने गया था। वहां बैठे हुए कई लोग शराब पी रहे थे।

उन्होंने पीड़ित युवक को जबरदस्ती शराब पिलानी चाही। पीड़ित द्वारा शराब पीने से मना करने पर दबंगों ने पीड़ित का हाथ पकड़ कर जबरदस्ती उसको शराब पिलाने लगे। पीड़ित आरोपियों के चुंगल से छूटकर भागने लगा तो उसके साथ दबंगों ने नीचे गिरा कर लात घूसों से जमकर मारपीट कर दी। जिससे पीड़ित के सिर व शरीर पर गंभीर चोटें आई। सूचना पर डायल 112 पुलिस ने पीड़ित घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया पीड़ित सुधीर द्वारा समय पाल, संजीव कुमार सक्सेना, मांगेराम निवासी गांव पहाड़पुर को नामजद करते हुए थाने में तहरीर दी गई थी लेकिन पुलिस की ओर से अभी तक आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित थाने के चक्कर काट रहा है।

# 11 को होने वाली पीडीए पंचायत को लेकर सपा जिलाध्यक्ष ने ली पार्टी कार्यालय पर मीटिंग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय जेल रोड मेरठ पर समाजवादी पार्टी की मासिक मीटिंग हुई जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी ने की संचालन जिला कोषाध्यक्ष कार्यालय प्रभारी निरंजन सिंह ने किया। अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी ने कहा कि 11 तारीख को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन पीडीए पंचायत में भाग लेने आएंगे सभी

## देश की हिन्दू-मुस्लिम एकता को मजबूत बनाएगा पीडीए: विपिन

कार्यकर्ता इस पंचायत में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले व सभी कार्यकर्ता भारी संख्या में पहुंचकर पंचायत को सफल बनाएं।

जिला कोषाध्यक्ष निरंजन सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश अनुसार सभी पार्टी के कार्यकर्ता नेता व विधानसभा अध्यक्ष अपनी-अपनी बूथ कमेटी व बीएलए जिला कार्यालय को उपलब्ध कराए जिसे जल्द से जल्द रिपोर्ट बनाकर लखनऊ कार्यालय को भेज दी जाए बैठक में मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मुखिया गुर्जर, डॉ. आदित्य गुर्जर, पिछड़ा वर्ग के महानगर अध्यक्ष अहतेशाम इलाही, जिला महासचिव योगेंद्र, दीपक सिरोही, मुद्रुला यादव, शशिकांत गौतम, नेहा गोड, संगीता राहुल, आस मोहम्मद, निर्मित यादव, कृष्णपाल यादव, सुभाष यादव, नजमा अब्बासी आदि मौजूद रहे।

# युवक ने नहर में लगाई छलांग ग्रामीणों ने बचाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** बुधवार की सुबह जानी गंग नहर पर एक व्यक्ति ने अचानक गंग नहर में छलांग लगा दी तभी वहां पर मौजूद ग्रामीणों ने उसे देख गंगनहर में कूद गए और सकुशल उसको बचा लिया तभी वहां पर काफी भीड़ जमा हो गई बुधवार की सुबह बागपत के गांव सराय एक युवक नहर में कूद गया जैसे ही वह नहर में खुद तभी वहां पर मौजूद गुलजार, फजर अली और सलमान अपनी जान दावं पर लगाकर नहर में कूद गए और उस व्यक्ति को बचा लिया गया, तभी वहां पर ग्रामीणों का जमावड़ा लग गया सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने डुबें व्यक्ति को सकुशल परिवार वालों के हवाले कर दिया। वहीं गुलजार, फजर अली व सलमान की बहादुरी को देखते हुए उनकी सराहना की। लोगों का कहना है कि आए दिन गंग. नहर में इस तरह की घटना होती रहती है। डूबने वाले की किस्मत अच्छी होती है तो उसे बचा लिया जाता है अन्यथा लोग डूब जाते हैं।

# सर्वोत्तम पब्लिक स्कूल में रविंद्र नाथ टैगोर की जयंती मनाई, किया नमन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** सर्वोत्तम पब्लिक स्कूल शाहपुर बटावली में रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सभी शिक्षकों एव बच्चो ने श्रद्धांजलि अर्पित की और नमन किया। रवींद्रनाथ टैगोर जयंती के दौरान स्कूल के संचालक सोनू यादव ने रवींद्रनाथ टैगोर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहां कि रविन्द्र नाथ टैगोर एक कवि, उपन्यासकार, नाटककार, चित्रकार, और दार्शनिक थे। रवींद्रनाथ टैगोर एशिया के प्रथम व्यक्ति थे जिन्हे नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्होंने यह भी बताया कि हमारा राष्ट्रगान जन गण मन रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा लिखा गया था। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के बच्चों के साथ-साथ सभी शिक्षक- शिक्षिकाएं मौजूद रही।

# कैथोलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस व पहलगाम के शहीदों के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैथोलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस तथा पहलगाम के शहीदों की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन सेंट चार्ल्स इंटर कॉलेज के ऑडिटोरियम में किया गया। श्रद्धांजलि सभा में सभी धर्म के धर्मगुरु एवं प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। सनातन धर्म के प्रतिनिधि के रूप में शिक्षक दीपक शर्मा ने वेटिकन सिटी के प्रमुख फांसिस को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि सनातन संस्कृति सर्वधर्म की संस्कृति है सभी धर्म को बराबर मानती है तथा सर्वे भवंतु सुखिन: सर्वे संतु निरामया पर विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि सनातन सूत्र के रूप में हिंदू भवंतु सुखिन: हिंदू संतु निरामया ना होना इस बात का प्रमाण है कि हिंदू धर्म सहिष्णु है तथा सभी धर्म का सम्मान करता है। इसी प्रकार सभी धर्म में अच्छी बातें बताई गई हैं, शांति के मार्ग पर चलना बताया गया है लेकिन कुछ लोगों की कुत्सित विचारधारा के कारण पूरा विश्व अशांति की चपेट में है जिसे दूर करने के लिए समाज के लोगों को बिना डरे अपनी बात रखनी होगी। आतंकवादियों की बिना किंतु परंतु के निंदा करनी होगी। मुस्लिम समाज की ओर से बोलते हुए पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष असद गालिब ने कहा कि पोप फ्रांसिस एक महान शख्सियत थे उन्होंने विश्व को अनेक शिक्षाएं दीं। इस समय पर उनका चले जाना दुखद है। सिख धर्म की ओर से ज्ञानी मदन सिंह ने गुरुओं का संदेश सुनाया तथा कहा एक नूर ते सब जग उपजिया को ले को मंदे। उन्होंने सिख धर्म की ओर से श्रद्धांजलि प्रस्तुत की। जैन धर्म की ओर से पंडित दीपक दिवाकर ने जैन धर्म की शिक्षाओं की दृष्टि से अपने विचार प्रस्तुत किया। मेरठ धर्म प्रांत के बिशप ने विस्तार पूर्वक को फांसिस की शिक्षाओं पर प्रकाश डाला तथा बताया कि उनकी सभी धर्म के प्रति समान निष्ठा थी। सिस्टर मीना नायडू ने पोप फ्रांसिस के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला ।

ई. पी चार्ल्स के संचालन में हुए कार्यक्रम के दौरान फादर पीटर प्रकाश फादर एंटोनी, सूर्य देव त्यागी सतीश जैन, शाहवेज अंसारी, प्रतीश कुमार, ब्रदर चाको सिस्टर लीजा संजय चार्ल्स, पुरोहित आदि सैकड़ों ईसाई धर्मावलंबी उपस्थित थे।

# मखदुमपुर में पूर्व प्रधान के साथ हुई लूट की सूचना निकली फर्जी, भेजा जेल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हस्तिनापुर।** सोमवार की रात्रि में मखदुमपुर गांव के पूर्व प्रधान के साथ हुई लूट की घटना फर्जी निकली। पूर्व प्रधान द्वारा लूट की फर्जी सूचना दी गई थी। पुलिस ने मामले का राजफाश करते हुए पूर्व प्रधान व दो अन्य व्यक्तियों को न्यायालय में पेश किया है। थानाध्यक्ष राम प्रकाश शर्मा ने बताया कि सोमवार की सांय में मखदुमपुर गांव के पूर्व प्रधान राज. कुमार द्वारा सूचना दी गई कि वह मवाना से अपनी बोलेरो गाड़ी में सवार होकर अपने गांव मखदुमपुर आ रहा था। जैसे ही वह किशोरपुर पुल के समीप पहुंचा तो बाइक सवार दो बदमाशों ने उन्हें रोक लिया और उनके साथ मोबाइल व पचास हजार रूपये की लूट कर फरार हो गए। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत करते हुए मामले की जांच की। जांच में दो व्यक्ति पुष्पेंद्र व मोहित गांव दरियापुर थाना ककरौली मुजफ्फरनगर प्रकाश में आए। जब पुलिस ने उनसे पूछताछ की तो बताया कि सोमवार की सांय वह मखदुमपुर गांव में एक शादी में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। तभी पूर्व प्रधान किशोरपुर पुल पर मिला। तीनों से पास में ही तपस्वी मंदिर के समीप शराब पी। इसी दौरान दोनों व्यक्ति पूर्व प्रधान का मोबाइल भूलवश उठाकर ले गए। इसके लिए उन्होंने पूर्व प्रधान को फोन कर मंगलवार की प्रात मोबाइल वापस करने की सूचना भी की। परंतु इससे पूर्व प्रधान द्वारा मुकदमा पंजीकृत कराया जा चुका था। पुलिस ने उक्त दोनों युवक व पूर्व प्रधान को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो लूट की घटना का मामला फर्जी निकला। थानाध्यक्ष ने बताया कि पूर्व प्रधान को झूठी सूचना देने के आरोप व उक्त दोनों युवकों शांतिभंग की धाराओं में न्यायालय में पेश किया जहां से तीनों को जेल भेज दिया।

# डीमोंटफोर्ट एकेडमी में टिटनेस-डिप्थीरिया टीकाकरण शिविर का हुआ आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** डीमोंटफोर्ट एकेडमी में 10 वर्ष एवं 16 वर्ष की आयु के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष टिटनेस एवं डिप्थीरिया टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर टीकाकरण सप्ताह के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से मुख्य चिकित्सा अधिकारी मेरठ के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। जिसमें छात्रों को टिटनेस-डिप्थीरिया का टीका लगाया गया। टीकाकरण प्रक्रिया एएनएम गीता और आशा कार्यकर्ता मितलेश द्वारा पूरी की गई। जबकि पूरे कार्यक्रम की निगरानी स्वास्थ्य पर्यवेक्षक आदित्य गौतम ने की। इस महत्वपूर्ण पहल ने छात्रों के स्वास्थ्य सुरक्षा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया।

कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ. समीर वर्मा उप प्रधानाचार्या नीना पांडे और डॉ. केके शर्मा ने भी सहभागिता की और बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य के महत्व पर जोर दिया। डॉ. केके शर्मा ने अपने संबोधन में सरकार द्वारा किए जा रहे स्वास्थ्य सुधार प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर न केवल छात्रों को बीमारियों से बचाते हैं। बल्कि उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी बनाते हैं। उन्होंने इस अभियान की स्थिरता और प्रभावशीलता पर जोर देते हुए इसे भविष्य में जारी रखने की आवश्यकता पर भी बल दिया। विद्यालय प्रशासन ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य डॉ. समीर वर्मा ने कहा डीमोंटफोर्ट एकेडमी भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा। ताकि विद्यार्थियों का शारीरिक और मानसिक विकास सुनिश्चित किया जा सके।

# जमीन नाम न करने पर पति को बंधक बनाकर भाइयों से कराई पिटाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम खाता निवासी युवक की करीब चार वर्ष पूर्व हुई शादी के बाद से ही पत्नी अपने नाम कृषि भूमि न होने से नाराज पत्नी ने भाइयों के साथ मिलकर पति को कमरे में बंधक बनाकर मारपीट करते हुए जमीन नाम कराने के लिए जबरदस्ती खाली पेपर पर हस्ताक्षर कराने के लिए दबाव बनाया, लेकिन शोर शराबा होने पर पीड़ित युवक के परिजन और आसपास के लोग इकट्ठा हो गए।

ग्रामीणों को देखकर महिला नगदी व जेवर लेकर अपने भाइयों के साथ मौके से फरार हो गईं। सूचना पर डायल 112 पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित युवक के बयान लिए घटना के संबंध में पीड़ित मोहित पुत्र अतर सिंह निवासी खाता ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसकी शादी चार वर्ष पूर्व रीना पुत्री महिपाल निवासी गांव जड़वड़ कटिया थाना ककरोली जिला मुजफ्फरनगर के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से ही उसकी पत्नी रीना पीड़ित के हिस्से की जमीन अपने नाम कराने के लिए लगातार दबाव बनाती आ रही थी। पीड़ित द्वारा मना करने पर पत्नी रीना ने चार दिन पहले अपने भाइयों को पीड़ित के घर बुलाकर कमरे में बंधक बनाते हुए पीड़ित के साथ मारपीट कर दी और सफेद कागज पर जबरदस्ती हस्ताक्षर कराने लगे। शोर शराबा होने पर पीड़ित पति के माता-पिता आरोपियों से बीच बचाव करा रहे थे उनके साथ भी मारपीट कर दी। जिससे मोहल्ले के लोग इकट्ठा हो गए। सूचना पर 112 पुलिस मौके पर पहुंच गई। उन्हें देखकर सभी आरोपी पीड़ित के घर में रखी सेफ अलमारी से नगदी, सोने चांदी के जेवर घरेलू सामान लेकर चले गए, और जाते-जाते अपहरण कर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घटना के संबंध में पीड़ित ने नीटू, मोनू, अंकित पुत्रगण महिपाल, अजय पाल आदेश को नामजद करते हुए थाने में तहरीर दी गई है। खबर लिखे जाने तक पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी।



मारपीट की जानकारी देता पीड़ित।

# एसडीओ व जेई ने बिना बताए काट दिए किसान के पेड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम रामनगर के जंगल में विद्युत विभाग द्वारा लाइन खींचने को लेकर एक किसान के खेत में खड़े लाखों रुपए के पेड़ विभाग ने बिना बताए काट दिए। पीड़ित किसान ने एसडीओ व दो जेई के खिलाफ थाने में तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है। ग्राम रामनगर निवासी किसान ओमकार ने बताया कि अगवानपुर फीडर से ट्रांसमिशन की बड़ी लाइन अगवानपुर से ढिकोली जा रही है जो उनके खेत के ऊपर से गुजर रही है वहीं खेत में गन्ना की फसल खड़ी है तथा खेत में लिप्टिस के साठ पेड़ लाइन के नीचे आ रहे थे। बिना किसी अनुम. ति के तीन मई को एसडीओ मवाना रविकांत त्यागी, जेई दिलीप तिवारी, जेई गोलू ने लिप्टिस के तेरह पेड़ जबरन कटवा दिए जिससे गन्ने की फसल व पेड़ो सहित लाखों का नुकसान हो गया है। पीड़ित किसान ने थाने में तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है।

# झगड़े की सूचना पर पहुंची पुलिस के साथ मारपीट

## लावड़ चौकी पर तैनात एसआई अमित कुमार हुए घायल, मचा हड़कंप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** बुधवार को कस्बे में झगड़े की सूचना पर पहुंची पुलिस पर एक युवक ने परिवार की महिलाओं के साथ मिलकर मारपीट कर दी जिसमें लावड़ चौकी पर तैनात एसआई गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर थाना प्रभारी नितिन कुमार पांडेय व लावड़ चौकी प्रभारी इंद्रेश विक्रम सिंह मय पुलिस फोर्स के मौके पर पहुंचे और पुलिस पर हमला करने वालों को हिरासत मे ले लिया ओर थाने ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार लावड़ कस्बे के मोहल्ला खारी कुआं निवासी दो सगे भाइयों सुशील व अनिल पुत्रगण सतपाल का किसी बात को लेकर आपस में विवाद हो गया जिसके बाद अनिल बदहवास होकर लावड़ चौकी पहुंचा और पुलिस से मदद की गुहार लगाई तभी एसआई अमित कुमार व एसआई सुमित गुप्ता अनिल के साथ चले गए। तभी अनिल के छोटे भाई सुशील ने पुलिसकर्मियों के साथ अभद्रता करनी शुरू कर दी। विरोध करने पर सुशील ने अपने परिवार की महिलाओं के साथ मिलकर पुलिस के साथ मारपीट शुरू कर दी, जिसमें एसआई अमित कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर थाना प्रभारी नितिन पांडेय व लावड़ चौकी प्रभारी इंद्रेश विक्रम सिंह मय पुलिस फोर्स के मौके पर पहुंचे और सुशील व दो अन्य महिलाओं को हिरासत में ले लिया। वहीं चौकी प्रभारी इंद्रेश विक्रम सिंह ने बताया कि दो भाइयों में विवाद हो रहा था जिसकी सूचना पर पुलिस वहां पहुंची थी तभी परिवार के लोगों ने पुलिस के साथ मारपीट की जिसमें एक एसआई गंभीर रूप से घायल है। मौके से सुशील को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



# मंदिर के बॉर्डर पर शरारती तत्वों ने पोती स्याही

**हस्तिनापुर।** कर्ण मंदिर के महंत स्वामी शंकर देव ने बताया कि उन्होंने मंदिर के बाहर मुख्य मार्ग पर एक बोर्ड लगा हुआ था जिस पर श्री कर्ण मंदिर कर्ण घाट लिखा हुआ था। महंत ने बताया कि जिस समय पेंटर बोर्ड पर लिख रहा था उसी समय कोई अज्ञात व्यक्ति आया और उसने कर्ण घाट लिखने पर ऐतराज जताया। फिर भी पेंटर ने बोर्ड पर कर्ण घाट लिख दिया था परंतु अज्ञात व्यक्ति ने रात्रि में कर्ण घाट पर स्याही पोत दी। थाना प्रभारी राम प्रकाश शर्मा का कहना है कि मामले की जांच कराई जा रही है।

**सूचना**

हमने अपने पुत्र आफाक हुसैन व उसकी पत्नी श्रीमाती फरहना उर्फ जेबी जो हमारे कहने सुनने में नहीं हैं उनके गलत आचरण के कारण हमने उन दोनों से अपने सारे संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उनके किसी भी कृत्य के लिए हमारा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। -अलमदार हुसैन पुत्र स्व. अज्जाद हुसैन व शाहीन फातमा पत्नी अलमदार हुसैन निवासी एल-739, पीर वाली गली, लोहियानगर, थाना लोहियानगर, मेरठ।

# अवैध संबंधों के शक में पति ने पत्नी की गला रेतकर हत्या की

## पांच वर्ष पहले किया था प्रेम विवाह, घटना से पूरे इलाके में फैली सनसनी, परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नगर के ठाकुरद्वारा मोहल्ले में पति ने अवैध संबंधो के शक में पत्नि की गला रेतकर हत्या कर दी। घटना के दौरान मची चीख पुकार से वहां लोगों की भीड़ जमा हा गई और पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पति प्रशांत को गिरफ्तार कर लिया। बताया गया कि दंपती ने पांच वर्ष पहले ही प्रेम विवाह किया था। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के ठाकुरद्वारा मोहल्ले में पति ने अवैध संबंधो के शक में पत्नी की गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी। बताया गया है कि मृतका ने पति प्रशांत से पांच वर्ष पूर्व प्रेम विवाह किया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस जांच पड़ताल में अवैध संबंधों के शक में हत्या की बात सामने आ रही है। बताया गया है कि आरोपी को पत्नी के अवैध संबंधों पर शक था, जिस कारण आए दिन झगड़े होते थे। बुधवार को यह विवाद इस हद तक बढ़ गया कि प्रशांत ने पत्नी की गर्दन रेतकर हत्या कर दी। घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। बताया गया डेढ़ माह से दोनों के बीच हर दिन विवाद होता था। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पति प्रशांत को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हत्या की जानकारी पाकर नेहा की मां रंजीता भी मौके पर पहुंचीं। उन्होंने बताया कि प्रशांत मेरी बेटी के साथ शराब पीकर आए दिन मारपीट करता था और जान से मारने की भी धमकी देता था। इस मामले मे 20 दिन पहले नेहा ने कोतवाली में जाकर पुलिस को शिकायत दी थी और हत्या की आशंका जताई थी। पुलिस द्वारा कई बार प्रशांत को बुलाया भी गया था, लेकिन वह थाने नहीं गया। पिछले साल होली पर बेटी नेहा मेरे पास घर पर रहने लगी थी और प्रशांत ने भी अपनी गलती मानकर घर पर आना जाना शुरू कर दिया था। नेहा ही प्रशांत का खर्च चलाती थी। इसके बाद भी प्रशांत अपनी हरकतों से बात नहीं आया और अन्य लड़कियों के साथ संबंध बनाने लगा। आज वह घर पर आया और गुस्से में आकर नेहा की हत्या कर दी। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घर का दरवाजा तोड़कर आरोपी को पकड़ लिया। वहीं शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना में यूज होने वाला चाकू भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। इस मामले में कोतवाल प्रभारी का कहना है कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। पति के अनुसार उसने पत्नी को किसी से बात करते सुन लिया था। इसी गुस्से में पत्नि की हत्या कर दी। आरोपी की मां को बुलाया गया है। आरोपी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बच्चे को रिश्तेदारों के पास छोड़ा गया है।



मृतका का फाइल फोटो









## फसलों के नुकसान के बाद बीडीओ ने दौरा कर फसलों का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** गौना सहबानपुर के जंगल से सटे वन क्षैंत्र के करीब खेतो में फसलों को आवारा पशु नुकसान पहुंचा रहे है जिससे किसान परेशान है। किसानों ने उच्च अधिकारियों से खेतो की तारो से बाऊड्री करानें की मांग की है। बीडीओ ने मौकें का मुआवना कर आश्वासन दिया।

गौना सहबानपुर के समीप एक हजार बीधा वन क्षैंत्र है जिसमे आवारा पशुओं की भरमार है। वन क्षैंत्र से ही लगभग चार हजार बीधा किसानों के खेत है जिसमे गौना, सहबानपुर, ललियाना आदि गावों के 57 किसानों ने फसल बो रखी है। किसानों ने बताया कि वह जो भी फसल बोते है। उन्हें आवारा पशु चट कर जाते है जिससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है और किसान कर्जदार होता जा रहा है जिससे लेकर किसानों का एक प्रतिनिधि मंड़ल जिलाधिकारी से मिल शिकायत पत्र देते हुए खेतो की तार बंदी कराने की मांग कर चुके है जिसके बाद बुधवार को बीडीओ राम गोविंद यादव ग्राम प्रधान नरेश यादव ने मौकें पर जाकर किसानों के खेतो को देखा और किसानों से बात की जहा किसानों ने आवारा पशुओं से फसलों को बचाने के लिए वन क्षैंत्र के बाहर खेतो की तारबंदी करानें की मांग की है। वही किसानों ने बैठक कर आला अधिकारियों को अवगत भी कराया है। वही बीडीओ रामगोविन्द यादव ने मौकें का मुआ. वना कर किसानों को आश्वासन दिया।

## एक नजर

### कार व बाइक की भिड़ंत, युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** बड़ौत-बुढ़ाना मार्ग पर बामनौली पुलिस चौकी के पास कार और बाइक की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। फौलादनगर के रिजवान और शोएब बड़ौत से कार मैकेनिक का काम सीखकर बाइक से घर लौट रहे थे। बामनौली चौकी के पास बुढ़ाना की तरफ से आ रही कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायल रिजवान को आस्था अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। शोएब को बागपत जिला अस्पताल से मेरठ मेडिकल के लिए रेफर कर दिया गया। मृतक के भाई इस्तकार ने दोघट थाने में कार और चालक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। दोघट थाना इंस्पेक्टर बच्चू सिंह ने बताया कि इस्तकार की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने हादसे में शामिल कार को अपने कब्जे में ले लिया है।

### आपरेशन सिंदूर की सफलता पर हर ओर मनाई जा रही खुशियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** 22 अप्रैल को पहलगाम में 26 निर्दोष भारतीयों की मौत का बदला लेने पर शक्ति वाहिनी ने मंदिर जाकर शिव शक्ति की पूजा की तथा भारतीय सैनिकों को आगे भी इस पुनीत कार्रवाई में सुरक्षित रखे व सफलता दिलाएं। युवा नेता नितिन गोस्वामी ने कहा कि आपरेशन सिंदूर की सफलता पर हर ओर खुशियां मनाई जा रही है।

आपरेशन सिंदूर की सफलता पर दुर्गा वाहिनी की सक्रिय पदाधिका. रियों व कार्यकर्त्रियों ने कहा कि आज भारत ने 22 अप्रैल की घटना का बदला ले लिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने समय पर भारतीय सेना को इस मुद्दे पर कार्रवाई व निर्णय हेतु अधिकृत किया , जिसे भारतीय वायु सेना ने पाकिस्तान के भीतर घुसकर उसके 9 आतंकी ठिकानों को आपरेशन सिंदूर के जरिये ध्वस्त करते हुए करीब100 आतंकियों को मार गिराया है। इसपर खुशी जाहिर करते हुए कार्यकर्ताओं और दुर्गा वाहिनी की बहनों ने शिव शक्ति मंदिर नेहरू रोड पर एकत्रित होकर बाबा भोले नाथ व माँ दुर्गा का धन्यवाद किया तथा जीत का जश्न मनाया और श्रद्धालुओं का मुंह मीठा कराया। इस मौके पर संजय सेन जागौश अंकित कुमार गौरव कुमार राकेश कुमार संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।



## ऑपरेशन सिंदूर सफल होने पर महिलाओं ने मनाई खुशी, पाकिस्तान मुर्दाबाद के लगाए नारे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में जिला आर्य प्रति. निधि सभा के तत्वाधान में बुधवार को सैकड़ो की संख्या में भारत माता की जयकारे लगाते हुए इंकलाब जिंदाबाद करते हुए क्षेत्र के सैकड़ो लोग एवं महिलाएं सड़कों पर उतर आई सभी महिलाओं ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। आंतकवाद को जड़ से समाप्त करो हम तुम्हारे साथ हैं। भारत माता की जय इंकलाब जिंदाबाद नरेंद्र मोदी जिंदाबाद हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाकर एक रैली निकाली गई।

इस मौके पर रैली का नेतृत्व जिला आर्य प्रतिनिधि महासभा बागपत के मांत्री रवि शास्त्री ने किया। ऑपरेशन सिंदूर सफल होने पर सैकड़ो महिलाओं ने खुशी मनाई। नगर के दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे रोड पर केसरिया रंग के झंडे लेकर आर्य समाज के लोगों ने पाकिस्तान के खिलाफ जमकर हुंकार भरते हुए आक्रोश जताया। महिलाओं का कहना है कि बहन बेटियों के सम्मान में मोदी तुम संघर्ष करो हम तुम्हारे साथ हैं। पाकिस्तान को करारा जवाब देने के लिए हमारे देश की बेटी भी पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध में उतरने के लिए शस्त्र लेकर तैयार हैं। सभी महिलाओं ने नम आंखों से अपने शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। महिलाओं ने कहा कि हमारे देश की बहन बेटी भी सीमा पर अगर युद्ध हुआ तो देश के साथ अपने देश के जवानों के साथ तैयार है। इस अवसर पर सुनीता देवी निर्मला देवी उषा प्रतिज्ञा मोनिका राधा देवी सोनम देवी सुषमा देवी संगीता देवी राखी देवी अनीता देवी राजेश शर्मा परविंदर कुमार देवेंद्र कुमार प्रमोद कुमार सतवीर चौधरी मुकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।




## शहीद यतेंद्र खोखर की 17वीं पुण्यतिथि पर किया यज्ञ हवन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के बदरखा गांव में देश के अमर शहीद यतेंद्र खोखर की 17वीं पुण्यतिथि पर यज्ञ हवन किया गया। मुख्य यजमान हिंदू युवा वाहिनी पश्चिम उत्तर प्रदेश अध्यक्ष शौकेंद्र खोखर बदरखा ने यज्ञ हवन में आहुतियां देकर यज्ञ हवन को सम्पन्न कराया।

इसके उपरांत अमर शहीद यतेंद्र खोखर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नाम आंखों से उनके स्थल पर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर देश के अमर शहीद यतेंद्र खोखर बदरखा को तिलक लगाकर 2 मिनट का मौन धारण भी किया गया। नाम आंखों से अपने श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यतेंद्र तोमर बदरखा 7 मई 2008 को शहीद हुए थे। आज उन्हें पुष्प अर्पित करते हुए उनकी याद में शहीद स्थल पर यतेंद्र खोखर बदरखा अमर रहे। इंकलाब जिंदाबाद शहीद स्थल पर नारे भी लगाए गए। इस मौके पर हिंदू युवा वाहिनी पश्चिम उत्तर प्रदेश अध्यक्ष तेजस्वी बिल्डर के डायरेक्टर शौकेंद्र खोखर बदरखा ने एक विचार गोष्ठी आयोजित की जिसमें उन्होंने कहा कि आज हमारा देश अगर खुले में हवा ले रहा है तो यह हमारे शहीदों की देन है। उन्होंने पहलगाम में मारे गए हिंदुओं के प्रति भी गहरा दुख प्रकट करते हुए मृतक लोगों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की यज्ञ हवन में आहुति देते हुए अमर शहीदों को नमन किया। इस मौके पर बिजेंद्र आर्य बंटू खोखर यश खोकर राज योगेंद्र खोखर आदि ने श्रद्धांजलि सभा में भाग लिया।



## केटी विंग व सर्व महिला उत्थान समिति के नि:शुल्क कृत्रिम अंग वितरण कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर में स्थित क्रेश टॉऊन ऑडिटोरियम में केटी विंग एवं सर्व महिला उत्थान समिति के तत्वावधान में नि:शुल्क कृत्रिम अंग वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दिव्यागों को कृत्रिम अंग लगाने के साथ आमन्त्रित अतिथियों को स्मृति चिन्ह व शाल भेट कर सम्मानित किया गया।

कृत्रिम अंग लगाने वाले डॉक्टरों की टीम ने मनीष बदरखा, अंकित हलालपुर, राजेन्द्र मलपुर, अशोक भारद्वाज, कौशल मलपुर सहित एक दर्जनों से अधिक दिव्यागों को कृत्रिम अंग लगाये और स्वास्थ्य व कृत्रिम अंग के प्रयोग की जानकारी दी। मुख्य अतिथि के रूप में आमन्त्रित के टी विंग के संस्थापक कपिल त्यागी ने कहा दिव्यागों को नि:शुल्क कृत्रिम अंग लगाकर उनके चेहरे पर मुस्कराहट लाना ही हमारा उद्देश्य है। दिव्यागों को कृत्रिम अंग लगाकर जो खुशी मिलती है। उसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता है। इस मौके पर साइबर स्टार यूटयूब चौनल की डायरेक्टर पारूल चौधरी तुगाना ने कहा की। दिव्यागों की सेवा एक पवित्र और पुण्य का कार्य है। हमें समय-समय पर दिव्यांग लोगों की सेवा करनी चाहिए। सभी लोगों ने पारूल चौधरी को भी मंच से सम्मानित किया। सर्व महिला उत्थान समिति की अध्यक्ष सीमा चौधरी बरवाला ने सभी अतिथियों का आभार करते हुए कहा आपका आगमन और दिव्यागों के चेहरे पर आयी खुशी हमारे लिए एक आशीर्वाद है। कार्यक्रम को बड़ौत एसडीएम मनीष कुमार यादव, समाजसेवी आर.आर.डी. उपाध्याय, बीडीओ ज्योतिबाला चावला, मास्टर राकेश सरोहा आदि ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महेश त्यागी चोपड़ा और संचालन रविकुमार आर्य व प्रधानाचार्य सुनील कुमार आर्य संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उदयवीर सरोहा, मास्टर राकेश सरो. हा, सागर, अनिरुद्ध धनोरा, अंकित सरो. हा, बॉबी, दिनेश, कंवरपाल, विकास, देवेंद्र शबगा, रंजीनी पांचाल, कान्ता राजपूत, पुष्पा देवी, सरला देवी, शिवानी, पुजा हिमांशी, मुकेश देवी आदि मौजूद रहे।



## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपाइयों ने लगाए हिन्दुस्तान जिन्दाबाद के नारे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना ने मंगलवार रात बड़ी कार्रवाई करते हुए ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर हमला किया। इस ऑपरेशन में बड़ी संख्या में आतंकियों को ढेर कर दिया गया है। सेना की इस जवाबी कार्रवाई से भाजपाइयों में उत्साह देखा गया। भाजपाई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय सेना की सराहना करते नजर आये।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले ही कह चुके हैं कि हम किसी को छेड़ते नहीं, लेकिन अगर कोई हमें छेड़ता है तो हम उसे छोड़ते नहीं। ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ एक निर्णायक कार्रवाई है।

### बंदरो के हमले से दो युवती घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** रटौल और लहचौड़ा गांव में बदंरो के हमले से दो युवती घायल हो गयी है जिन्हें निजि चिकित्सक के यहा भर्ती कराया है।

लहचौड़ा निवासी तराना पुत्री राजू घर की छत पर कपड़े सुखाने गयी थी जहा बंदरो के जुड़ ने उस पर हमला बोल घायल कर दिया। परिजनों ने देखा तो उसे बचानें दौड़ पड़े और घायल अवस्था में उसे निजि चिकित्सक के यहा भर्ती कराया गया है। इसके अलावा रटौल में सुहाना पुत्री साकिर रटौल मे घर की छत पर गयी थी जिसके बाद वहा मौजूद बंदरो ने उस पर हमला बोल घायल कर दिया जिसे निजि चिकित्सक के यहा भर्ती कराया है।

## विशेष सुरक्षा जागरूकता सत्र का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल में आपातकालीन परिस्थितियों में सतर्कता, अनुशासन और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष सुरक्षा जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र हाल ही में देशभर में बढ़ते सुरक्षा अभ्यासों( विशेष रूप से मॉक ड्रिल और ब्लैकआउट) तथा प्रधानमंत्री कार्यालय एवं जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के संदर्भ में रखा गया।

सत्र की शुरुआत विद्यालय की प्रात:कालीन सभा में एक छात्र द्वारा की गई, जिसने मंच से मॉक ड्रिल, ब्लैकआउट एवं इनके महत्व पर प्रकाश डाला। छात्र ने बताया कि किस प्रकार युद्ध, आतंकी हमले, प्राकृतिक आपदा या किसी आपात स्थिति में मॉकड्रिल एवं ब्लैकआउट जैसे अभ्यास जान-माल की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।छात्रों को यह भी बताया गया कि ब्लैकआउट के दौरान विद्युत उपकरणों का प्रयोग कैसे रोका जाए। खिड़कियाँ और दरवाज़े बंद कर किस प्रकार रौशनी को बाहर जाने से रोका जाए। आपातकालीन निकासी की प्रक्रिया क्या होती है। सायरन, टॉर्च, फर्स्ट एड, और जनरेटर जैसी व्यवस्थाओं की जानकारी। सत्र के पश्चात एक लघु मॉक अभ्यास भी कराया गया, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। उन्होंने निर्देशानुसार इमारत खाली की, सुरक्षित स्थलों की ओर बढ़े और शांतिपूर्ण ढंग से एकत्रित हुए। सभी विद्यार्थियों और स्टाफ के सहयोग से यह सत्र अत्यंत सफल रहा। इससे विद्यार्थियों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता, अनुशासन और नागरिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूती मिली। विद्यालय प्रशासन भविष्य में भी इस प्रकार के ज्ञानवर्धक और सुरक्षा केंद्रित कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा ताकि छात्र न केवल अकादमिक रूप से बल्कि व्यावहारिक जीवन के लिए भी तैयार हो सकें।




**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र मनीष से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

अमरपाल पुत्र लक्ष्मण निवासी ग्राम मवीकलां थाना व जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्रो का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने दोनो पुत्र विक्रम व विपिन से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

रामकिशन पुत्र मंगल निवासी बडा बगड धनौरा सिल्वर नगर थाना बिनौली जनपद बागपत।

## कार्यालय नगर पंचायत छपरौली जनपद बागपत

**पत्रांक:**- 141 /**नं.पं.छ.**/ 2025-26 **दिनांक**-07.05.2025

### -:: ई-निविदा सूचना::-

नगर पंचायत छपरौली जनपद बागपत राज्य वित्त आयोग निधि के अन्तर्गत कार्यो की स्वायत निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग / राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत /अपंजीकृत निविदादाताओ से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है। जिसके लिए अर्ह ठेकेदारो / फॅर्मो से ई-निविदाएं ऑनलाईन माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

Tender Reference Number-01ET/2025-26

| S. No | Description | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Document Downloading Start Date | 08 May 2025 | 05:00 PM |
| 2 | Document Downloading End Date | 17 May 2025 | 02:00 PM |
| 3 | Online Bid Sumission Start Date | 08 May 2025 | 05:00 PM |
| 4 | Online Bid Sumission Closing Date | 17 May 2025 | 02:00 PM |
| 5 | Tehcnical Bid Opening Date | 08 May 2025 | 03:00 PM |
| 6 | Financial Bid Opening After Evaluation of Technical Bids | | |

( सीमा राघव )
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत छपरौली ( बागपत )

( धर्मेन्द्र )
अध्यक्ष
नगर पंचायत छपरौली ( बागपत )

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर मजदूर की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बागड़पुर रोड स्थित एक निर्माणाधीन कॉलोनी में काम करते समय एक मजदूर हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। मजदूर की मौत से वहां पर अफरा तफरी मच गई। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिजनों में को. हराम मचा है।

थाना हाफिजपुर क्षेत्र के गांव घुंघराला निवासी गुलशेर 30 वर्षीय बुधवार की सुबह अपने साथियों के साथ बागड़पुर रोड स्थित एक कॉलोनी में निर्माणाधीन मकान पर मजदूरी कर रहा था। यहां पर वह मकान की छत पर लोहे की सरिया को सीधा कर रहे थे। इस दौरान मजदूर के हाथ का सरिया हाईटेंशन लाइन को छू गया जिससे मजदूर हाईटेंशन लाईन की चपेट में आ गया और वह बुरी तरह झुलस गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता ने मकान पर काम कर रहे अन्य मजदूरों व आसपास के लोगों की मदद से उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

गुलशेर की मौत की खबर जब गांव में पहुंची तो परिजनों में को. हराम मच गया। सीओ जितेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि हादसे के संबंध में अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।





# महाराणा प्रताप का यूनीपोल हटाने पर राजपूत समाज के लोगों में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सिखेड़ा में महाराणा प्रताप जयंती के लिए लगाए गए यूनीपोल को कुछ युवकों द्वारा हटाए जाने पर सोमवार को राजपूत समाज के लोगों में रोष फैल गया। सैकड़ों समाज के युवक मौके पर पहुंचे और अपना विरोध जताया।

सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लेकर मामला शांत कराया। पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए लोगों से बातचीत की। अधिका. रियों ने बताया कि यूनीपोल एक विज्ञापन फर्म द्वारा धौलाना शिफ्ट किए जा रहे थे और यह कार्य जानबूझकर नहीं किया गया था। पुलिस ने स्थिति शांत करने के बाद लोगों को समझाया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि मामला यूनीपोल शिफ्टिंग का है, जिसके चलते लोगों को गलत जानकारी मिली।




# जिला मुख्यालय में पूर्व सैनिकों की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बुधवार को जिला मुख्यालय में पूर्व सैनिकों की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास अधिकारी ले.कर्नल विवेक सिंह द्वारा पूर्व सैनिकों को कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराने के साथ ही पूर्व सैनिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु आश्वासन दिया गया।

इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास अधिकारी ले. कर्नल विवेक सिंह, उपाध्यक्ष जिला सैनिक बंधु वारंट आफिसर मनबीर सिंह, सदस्य जिला सैनिक बंधु ओ. कैप्टन राजेश पाल, ओ.कैप्टन महीपाल सिंह, हवलदार शाहिद अली, हवलदार कृष्ण पाल सिंह व काफी संख्या में पूर्व सैनिक उपस्थित रहे। मीटिंग से पूर्व सैनिकों द्वारा जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय का उनके कार्यालय में स्वागत किया गया तथा जनपद के वीर बलिदानियों को श्रद्धांजलि स्वरूप सर्मिपत स्मारिका शहीद शौर्यगाथा की प्रति भेंट की। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास अधिकारी ले.कर्नल विवेक सिंह ने जिलाधिकारी एंव जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास को सैनिकों से सम्बन्धित कल्याणकारी योजनाओं जैसे जिला सैनिक बंधु का पुर्नगठन व जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास कार्यालय हेतू भूमि का आवंटन से अवगत कराया। जिला. धिकारी ने आश्वासन दिया कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं का निस्तारण वरियता के साथ किया जायेगा।



# सीएनजी पाइपलाइन कार्य के दौरान गड्डे में दबा मजदूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सीएनजी पाइपला. इन बिछाने के लिए खोदे गए गहरे गड्डे में अचानक एक मजदूर दब गया। मजदूर के दबने से अचानक वहां चीख पुकार होने लगी जिसे सुनकर वहां पर काम कर रहे आसपास के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना पाकर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। काफी मशक्कत के बाद पुलिस प्रशासन तथा लोगों ने उसे गहरे गड्डे से बाहर निकाल लिया।

बुधवार की सुबह कर्मचारी और मजदूर अपने काम पर लगे हुए थे। गोरखपुर निवासी मजदूर सुजीत गड्डे में पाइप लगा रहा था। सुबह करीब साढ़े सात बजे अचानक ऊपर से ढांग गिरने से मजदूर करीब 25 फुट गहरे गड्ड में मिट्टी के नीचे दब गया, जिसकी चीख सुनकर आसपास कम कर रहे मजदूर ,पेट्रोल पंप के कर्मचारी और राहगीर वहां इकट्ठे हो गए। तुरंत ही सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस ,तहसील प्रशासन की टीम, दमकल विभाग की गाड़ी ने पहुंचकर बचाव कार्य शुरू कर दिया है। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद उसे सकुशल निकाल लिया गया।





# तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहावना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** दिल्ली समेत एनसीआर में मौसम पूरी तरह से बदल गया है। मौसम के करवट लेने के साथ ही लोगों को गर्मी से राहत मिली है। दिल्ली से सटे हापुड़-नोएडा में झमाझम बारिश हुई। तेज हवा के साथ बारिश जारी है।

बुधवार को दिल्ली समेत हापुड़-नोएड़ा में शाम से मौसम बदल गया। तेज आंधी के साथ घने बादल छा गए और तेज बारिश शुरू हो गई। सुबह से मौसम सुहाना बना था। ऐसे में हल्के बादलों की आवा. जाही लगी थी। शाम के वक्त तेज धूल भरी आंधी आई और कुछ ही देर में तेज झमाझम बारिश शुरू हो गई। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि इस खुशनुमा मौसम का यह दौर अभी अगले सप्ताह के अंत तक बना रहेगा। मौसम विभाग ने आठ मई के लिए तेज हवाओं के साथ बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही, सात से नौ मई तक हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। हापुड़ शहर में बुधवार को तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। सुबह से ही आसमान पर काले बादल छाए हुए थे और बारिश की संभावना भी बनी हुई थी। दोपहर को अचानक बारिश शुरू हुई और लोगों को गर्मी से राहत मिली। हालांकि, कुछ स्थानों पर जल भराव के कारण लोगों को परेशानी का सामना भी करना पड़ा।



# पत्नी ने पति की हत्या का आरोप लगाते हुए एसपी से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बुधवार को अपने पति की हत्या का आरोप लगाते हुए पीड़िता ने हापुड़ एसपी को एक शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग उठाई है।

एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में पीड़िता ने बताया कि उसका पति सुभाष कश्यप निवासी केसुपुर सटला जिला बुलंदशहर का रहना वाला है जो की ट्रक चलाने का काम करता था। आरोप है कि उसका पति हापुड़ के बाबूगढ़ निवासी जावेद अली के यहां ट्रक चलाने का काम करता था। आरोप है कि 29 अप्रैल को रात्रि में समय करीब 8 बजे आरोपी जावेद ने उसके पति को अपने घर बुलाया और ट्रांसपोर्ट नगर गाजियाबाद से ट्रक में माल लेकर आसाम भेज दिया था। इस दौरान जिला बुलंदशहर के केसुपुर सटला निवासी मोहित पुत्र गोपाल भी उनके साथ गया था। आरोप है कि 30 अप्रैल समय करीब 11:30 बजे रात्रि में पीड़िता के मोबाइल फोन पर उसके पति के नंबर से आरोपी जावेद का फोन आया कि उसके पति सुभाष की हार्ट अटैक होने के कारण मोदीनगर रोड पर स्थित सरस्वती हॉस्पिटल में मौत हो गई है। सूचना मिलते ही पीड़िता परिवार समेत हापुड़ में पहुंची। आरोप है कि उसके पति के चेहरे पर काफी गहरे घाव और चोट के निशान थे। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों द्वारा उसके पति की किसी लोहे के हथियार से हत्या की गई है। पीड़िता का आरोप है कि इससे पहले भी आरोपी जावेद और मोहित ने उसके पति को जान से मारने की धमकी दी थी। पीड़िता का आरोप है कि उसने थाना पिलखवा पहुंचकर मामले की शिकायत की लेकिन पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की। जिसको लेकर बुधवार को पीड़िता पूर्व मंत्री के बेटे अनुज कश्यप के साथ अपने परिवार समेत एसपी कार्यालय पहुंची। पीड़िता ने एसपी से उसके पति की हत्या की जांच और आरो. पियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। एसपी ने पीड़िता को मामले में जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।



# मॉक ड्रिल के दौरान चारों ओर छाया अंधेरा

## आपातकालीन परिस्थितियों में बचाव के लिए कराया गया अभ्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बुधवार की शाम जैसे ही मॉक ड्रिल का समय शुरू हुआ चारों ओर अंधेरा छा गया। चारों ओर सायरन की आवाज़ सुनाई देने लगी। पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार बागपत में 7:15 बजे मॉक ड्रिल प्रारंभ हुआ और 7:30 बजे समाप्त हुआ।

मॉक ड्रिल के चलते पूरे बागपत में चारों ओर अंधेरा छा गया। सभी घरों दफ्तरों एवं संस्थाओं की बत्तियां गुल हो गई। 7 बजकर 15 मिनट पर चारों ओर सायरन की आवाज़ गूंजने लगी जो जहां पर था वह वहीं ठहर गया। घरों दफ्तरों में कहीं पर भी कोई भी रोशनी नजर नहीं आई। यह पूरा कार्यक्रम 15 मिनट तक चलता रहा 7:30 बजे मॉक ड्रिल समाप्त हुआ और चारों ओर की बत्तियां जल गई। मॉक ड्रिल के दौरान आपातकाल में बचाव का अभ्यास कराया गया। मॉक ड्रीम में लगे सभी अधिकारी कर्मचारी अपनी ड्यूटी में मुस्तैद दिखाई दिए।





# ट्रैक्टर से जुताई के दौरान किसान की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला न्यू आर्य नगर के 40 वर्षीय रिंकू सैनी की खेत जोतते समय ट्रैक्टर से जुताई के दौरान मौत हो गई। जिससे परिवार में को. हराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बुधवार को मोहल्ला न्यू आर्यनगर के रिंकू सैनी गांव अचपल गढ़ी में एक खेत की जुताई कर रहा था। इसी दौरान अचानक से ब्रेक लगने पर वह ट्रैक्टर से नीचे आ गिरा और चोट लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक अपने पीछे पत्नी शीतल और तीन नाबालिग बच्चों को छोड़ गया है। इस अप्रत्याशित घटना से परिवार और मोहल्ले में शोक की लहर है। कोतवाली प्रभारी पटनीश कुमार ने बताया कि काम के दौरान वह असंतुलित होकर ट्रैक्टर से गिर गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## एक नजर

### पिकअप ने बाइक में मारी टक्कर, मां की मौत, बेटा घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र में एक भीषण सड़क हादसा हो गया। जिसमे महिला की मौत हो गई तथा महिला का पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया गया है कि गाजियाबाद के इस्लाम नगर निवासी 52 वर्षीय फेमीदा अपने बेटे शकील 28 वर्षीय के साथ बाइक से हापुड़ जा रही थीं। बारिश शुरू होने पर दोनों ने पैदल यात्रियों के लिए बने ओवरब्रिज के नीचे बाइक खड़ी कर रुक गए। तभी गाजियाबाद की ओर से तेज रफ्तार से आ रही एक पिकअप ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में फेमीदा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि शकील गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पिकअप चालक को गिरफ्तार कर लिया। शकील को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस का कहना है कि चालक नशे की हालत में था। मामले की जांच जारी है।

### किशोर ने लगाया मारपीट करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** घरेलू सामान लेकर जा रहे किशोर पर हमला करते हुए गांव के युवक ने जुबान बंद न रखने पर जान से मारने की धमकी दे डाली।

गढ़ क्षेत्र के गांव सरूरपुर में मौमीन खां का नाबालिग बेटा रिहान बुधवार की दोपहर में घरेलू सामान लेकर जा रहा था। जिसे रास्ते में खड़े गांव के ही एक युवक ने जबरन रोक लिया और बेरहमी से मारपीट कर डाली। पीड़ित का शोर सुनकर आए ग्रामीणों को देख आरोपी चुप न बैठने पर भविष्य में जान से मारने की धमकी देकर रफूचक्कर हो गया। पीड़ित बेटे को साथ लेकर उसका पिता कोतवाली में पहुंचा, जिसने संबंधित घटनाक्रम से अवगत कराते हुए आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई कराए जाने की गुहार लगाई है। इंस्पेक्टर नीरज कुमार का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच कराकर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### किशोरी से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**गढ़मुक्तेश्वर।** सीओ वरूण मिश्रा ने बताया कि बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने मेरठ के एक गांव निवासी युवक पर किशोरी से छेड़छाड़ करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। रिपोर्ट दर्ज किए जाने के बाद पुलिस आरोपी को तलाश कर रही थी। बुधवार को पुलिस ने वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय में पेश कर दिया है।

# धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** विश्व ब्राह्मण संघ भारत के तत्वाधान में हापुड़ के रेलवे रोड पर स्थित रॉयल पैलेस में भगवान परशुराम जन्मोत्सव का कार्यक्रम बड़ी ही धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन पंडित रविकांत शर्मा ने भगवान परशुराम के समक्ष दीप प्रज्वलित और माल्यार्पण कर किया।

कार्यक्रम संयोजक पंडित गोपाल शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष यूपी ने सभी पदाधिकारियों और सभी ब्राह्मणों का गर्म जोशी से जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम को संबो. धित करते हुए चेयरमैन रविकांत शर्मा ने कहा कि विश्व ब्राह्मण संघ के संस्थापक परम श्रद्धेय बाबूजी स्व.पंडित मांगेराम शर्मा ने ब्राह्मणों की एकता को लेकर एक मुहिम चलाई जिसमें सभी ब्राह्मणों को संबोधित करते हुए कहा था कि ब्राह्मण सदा ही पुजनीय एवं देश. हित में अग्रणी भूमिका में रहा है। कार्यक्रम के अंत में पहलगांव में हुए आतंकी हमले में दिवंगत आत्माओं को दो मिनट का मौन रख ईश्वर से प्रार्थना की। कार्यक्रम में अतिथियों को प्रतीक शील्ड देकर एवं बच्चों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर हर्ष शर्मा एडवोकेट, अनिल शर्मा, महेश शर्मा, कृष्ण शर्मा, आशीष शर्मा, कुलदीप शर्मा, अजय शर्मा, लोकेश शर्मा, सुनील शर्मा, नवरत्न त्यागी, दिनेश शर्मा आर जी सुमंगलम राज लक्ष्मी शर्मा आदि उपस्थित रहे।



# बस में रखे बैग से आभूषण चोरी करने वाले चार चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** कोतवाली पुलिस ने बसों में सफर करने के दौरान यात्रियों के बैग से नकदी जेवर चोरी करने वाले चार चोरों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से चार चाकू, चोरी के जेवर समेत 30 हजार की नकदी बरामद की। आरो. पियों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

सीओ वरूण मिश्रा ने बताया कि मंगलवार को कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली की चार संदिग्ध लोग हाईवे पर टोल के निकट खड़े हुए है। पुलिस ने उनका पीछे कर चारों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने भारी मात्रा में जेवर, 30 हजार की नकदी, चार चाकू बरामद किए। गिरफ्तार आरोपियों के नाम नवाब, आरिफ व ताहिर तथा आलेमीन है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।



# मॉकड्रिल के माध्यम से युद्ध जैसी स्थिति को लेकर जनमानस को किया जागरूक

## उमंग डेयरीज में पुलिस प्रशासन ने श्रमिकों को समझाया, नगर पालिका कार्यालय पर भी हुआ कार्यक्रम, पुलिस ने भी कराई मुनादी

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिगत आम जनमानस को बचाव एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरुक करने हेतु मॉकड्रिल के माध्यम से अभियान चलाया गया। नगर के हसनपुर रोड स्थित उमंग डेयरीज लिमिटेड में मंडी धनौरा के सीओ श्वेताभ भास्कर ने श्रमिकों को, जबकि चेयरपर्सन राजेन्द्री उर्फ उमा देवी, ईओ ललित कुमार आर्य ने पालिका में सभासदों के साथ, प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने गली-मोहल्लों में लोगों को एकत्र कर आपातकालीन स्थिति का सामना करने के लिए मॉक ड्रिल के जरिए सुरक्षित रहने के संबंध में

**■ किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचने की अपील**

जानकारी दी। सीओ ने फायर ब्रिगेड के अधिकारियों के युद्ध जैसी स्थिति में किए जाने वाले बचाव के बारे में बताया। कहा कि युद्ध जैसी स्थिति में हमें सरकार द्वारा जारी की जाने वाली गाइड लाइन पर ही चलना है, साथ ही सोशल मीडिया या अन्य किसी माध्यम से प्रसारित होनी वाली अफवाहों से भी बचना है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने भी मोक ड्रिल के दौरान अग्निशमन सहित अन्य महत्तवपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी। उमगं डेयरीज लिमिटेड में




हसनपुर एसडीएम, गजरौला प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान, एसएसआई ब्रजेश सिंह, चौपला चौकी इंचार्ज प्रवीन कुमार, कस्बा चौकी इंचार्ज अतवीर सिंह, महिला थाना इंचार्ज निधि तोमर के साथ पुलिसकर्मी, फायरमैन, चिकित्सीय टीम व यातायात पुलिस मौजूद रही।




वहीं नगर पालिका परिषद के सभागार में पालिकाध्यक्ष राजेंद्री उर्फ उमा देवी एवं अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य ने बैठक में युद्ध की स्थिति में हमलों से बचाव संबंधित उपायों के बारे में समझाया गया एवं युद्ध की आपातकालीन स्थिति में जरूरी सामानों को एकत्रित कर के रखने की सलाह दी। इस अवसर पर लेखाकार आदेश कुमार अग्रवाल, लिपिक ललित कुमार, इरशाद खान, प्रमोद कुमार, संजीव कुमार, जितेन्द्र सिंह, बीपी सिंह, लखपत सिंह, सभासद अरकानआलम, नफीस अहमद, सौरभ वर्मा, कपिल रावत, अमित चौधरी, सुभाष सैनी व भाजपा मंडलाध्यक्ष सुनील गुप्ता आदि मौजूद रहे। इस दौरान सभी से रात आठ बजे से सवा आठ बजे तक पंद्रह मिनट के लिए ब्लैक आउट को सफल बनाने की भी अपील की गई।

**कंपोजिट विद्यालय में भी एनसीसी छात्रों ने कराया मॉकड्रिल का अभ्यास** नगर के बस्ती स्थित कंपोजिट विद्यालय में बुधवार को ज्ञान भारती इण्टर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने मॉकड्रिल का अभ्यास कराया। एमएमसी गोष्ठी में भी ब्लैक आउट के विषय में जानकारी प्रदान करते हुए मॉकड्रिल का अभ्यास कराया गया। बताया कि किस प्रकार सायरन बजने के बाद सरकार की गाइडलाइन का अमल करना है और स्वयं को सुरक्षित करना है। इस मौके पर प्र.अ. रेखा रानी, अनीता पाल, नूतन शर्मा, मीना, विभूति त्रिवेदी, दीपक कुमारी, नीतिका संगल, दीपिका रानी, शशिबाला, आकांक्षा मिश्रा, उमा देवी उपस्थित रहे।

## भारतीय सेना के कार्य को सराहा



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो ने पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते कहा कि भारतीय सेना ने बीती रात पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों के नौ ठिकानों को ध्वस्त कर मुंहतोड़ जवाब दिया है। इससे हमारा देश गौरावन्वित महसूस कर रहा है। पूरी दुनिया ने देखा कि हमारी सेना ताकतवर है। इसके लिए देश के दुश्मनों से निपटने में सक्षम है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा करते कहा कि देश के वीर जवान इसके लिए बधाई के पात्र हैं।

## छात्राओं को मार्कड्रिल के बारे में बताया

**शाह टाइम्स संवाददाता सैदनगली।** सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर इंटर कालेज में मार्कड्रिल व ब्लैकआउट कार्यक्रम आयोजित किया। क्षेत्राधिकारी हसनपुर दीप कुमार पंत ने केन्द्र सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार छात्र छात्राओं को युद्धकाल, आकस्मिक घटनाओं, आपदा इत्यादि के समय होने वाली जनहानि को रोकने व सुरक्षा की दृष्टि के लिए की जाने वाली सुरक्षा उपायों के विषय में जानकारी दी। इस मौके पर प्रधानाचार्य दिवाकर पाण्डेय, थानाध्यक्ष दिनेश शर्मा व संजीव आदि मौजूद रहे।

## मिनी स्टेडियम में मार्क ड्रिल का रिहर्सल

### छात्र-छात्राओं को दी जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** राजकीय इंटर कालेज एवं मिनी स्टेडियम में सिविल मार्क ड्रिल का आयोजन किया गया। जहां एएसपी राजीव कुमार व एडीएम ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने छात्र छात्राओं को बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

डीएम श्रीमति निधि गुप्ता वत्स ने आरजू सिटी होम्स व ग्रीन काला. ेनी तथा अमरोहा-जोया रोड को पूरी तरह ब्लैकआउट करने के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने जिला युवा कल्याण अधिकारी व जिला होमगार्ड कमाउंडेंट को सभी पीआरडी व होमगार्ड् को आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के निर्देश दिये। सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र ने डीपीआरओ को सभी ग्राम पंचायतों में आपातकालीन परिस्थियितों में सूचना प्रसारित करने व पीए सिस्टम लगवाने के निर्देश दिये।



■ अमरोहा। जीआईसी में मार्क ड्रिल का प्रदर्शन करते छात्र।

## दो भाईयों को पीटकर किया घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** शादी समारोह में शामिल होकर घर लौट रहे सगे भाईयों को मारपीट कर घायल कर दिया। मामले में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव गुलड़िया में इसूफ अली का परिवार रहता है। उनका आरोप है कि चार मई को गांव के रहने वाले जाहिद की बेटी की बारात आई थी। उनका भाई यूनुस और शाकिर शादी में खाना खाकर लौट रहे थे। उसी दौरान गांव के रहने वाले कय्यूम, नईम, फहीम और आसिफ ने उन्हें घेरकर मारपीट की, दोनों गंभीर घायल हो गए। मामले में पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# भारतीय सेना के पराक्रम पर सपा ने जताया हर्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो, अमरोहा।** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक में दुनिया की सबसे बहादुर व पराक्रमी भारतीय सेना के शौर्य ओर पराक्रम पर सभी समा. जवादियों ने गर्व महसूस किया। साथ ही जय हिन्द जय जवान के

**■ जिला कार्यालय पर हुई मासिक बैठक**

नारे भी लगाए। इसी के साथ ही समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की लम्बे समय से मांगी जाने वाली मांग जातिगत जनगणना कराने की मांग का केन्द्र सरकार के समर्थन का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। जिलाध्यक्ष




मस्तराम सिंह यादव ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी के शासन से भारतीय समाज का प्रत्येक गरीब एवं पिछड़ा परेशान है। अल्पसंख्यकों, पिछड़ों एवं गरीबों पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं। उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। चौनल व अखबारों में रामराज दिखाई दे रहा है। ग्रासरूट लेवल पर कहीं भी विकास दिखाई नही दे रहा है। बैठक में प्रदेश सचिव ब्रह्मसिंह पवार, पूर्व मंत्री जगराम सिंह, जिला महासचिव चन्द्रपाल सैनी वरिष्ट सपा नेता महमूद अली उर्फ भूरे ने भी समाजवादी पार्टी की सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। इस मौके पर सन्तराम यादव, मुमताज खां, विपिन कौशिक, महेश यादव, नवाजिश अली, लवलीन चौधरी, चंद्रसेन चौधरी, जिताम्बर सिंह यादव, खलील अहमद ,प्रशांत पवार, रईस अहमद, परम सिंह यादव , मिंटू सिंह जाटव, अब्दुल बहाव सैफी ,मिंकु चौधरी, मुमताज खां,जुबेर अली खान, धर्मपाल सिंह, कृपाल यादव, प्रतीक धारीवाल, इश्तियाक मलिक आदि मौजूद रहे।

# भाकियू संयुक्त मोर्चा ने किया हवन यज्ञ

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने

**■ ऑपरेशन सिंदूर की प्रशंसा करते हुए सैनिकों पर जताया गर्व**

आतंकवादी ठिकानों पर भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि आतंक के खात्मे के लिए किसान का बच्चा-बच्चा देश के नेतृत्व और सेना के साथ खड़ा है। बता दें कि पहलगाम में आंतकियो ने देश के निर्दोष 27 लोगों की हत्या कर दी थी। बीती रात भारतीय सेना द्वारा



आपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में आतंकी अड्डे ध्वस्त करने की लक्षित कार्रवाई के बाद बुधवार को भाकियू संयुक्त मोर्चा अलग-अलग जनपदों में किसानों द्वारा हवन-यज्ञ आदि देश की सीमा व सेना के जवानों की कुशलता की प्रार्थना की गई। इस अवसर पर भाकियू संयुक्त मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा है कि देश चाहता है कि आतंक के ढांचे को पूरी तरह नष्ट कर आतंक का सफाया कर देना चाहिए। हमें अपने वीर जवानों और भारतीय सेना पर गर्व है। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजयवीर सिंह, मुख्य सचिव अरुण सिद्धू, महिला मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष रीता चौधरी, डॉ.गौतम, राहुल सिद्धू, कलीम अजहर, पवन गोयल, नितिन चौधरी, पाटिल चौधरी आदि मौजूद रहे।

# नगरवासियों से मार्कड्रिल में भाग लेने की अपील



## पालिका में व्यापारी व सभासदों की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** बुधवार को नगर पालिका सभागार में आयोजित बैठक में भारत पाक के बीच तनाव के देखते हुए मॉकड्रिल को लेकर नगरपालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने नगरवा. सियों से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा रात्रि आठ बजे मॉकड्रिल के उद्देश्य से सायरन बजाया जाएगा। नागरिकों, विशेषकर युवाओं से कहा इस अभ्यास में सक्रिय रूप से भाग लेकर आपदा प्रबंधन और नागरिक सुरक्षा की दिशा में एक मजबूत योगदान दें। यह मॉक-ड्रिल भारत सरकार के गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार आयोजित की जा रही है जिसका उद्देश्य आपदा प्रबंधन की तैयारियों, नागरिक सुरक्षा तंत्र की प्रभावशीलता, और विभिन्न सरकारी एजेंसियों के बीच आपसी समन्वय का परीक्षण करना है। ईओ अवधेश कुमार वर्मा ने कहा मॉकड्रिल के दौरान परिवार के सभी लोग एक साथ बंकर, बेसमेंट या भवन के सबसे मजबूत हिस्से में मौजूद रहेंगे एवं अपने साथ पर्याप्त मात्रा में आवश्यक सामग्री यथा पेयजल, फर्स्ट-एड-किट, खाद्य सामग्री व अन्य आवश्यक वस्तुएं साथ में रखेंगे। यह अभ्यास आपकी सुरक्षा के लिए है, इस दौरान आप घबराएं नहीं, इसे गम्भीरता से लें और सहयोग करें। कस्बा चौकी प्रभारी अनुज मलिक ने बताया कि इस मॉक-ड्रिल में एयर रेड वार्निंग सिस्टम, ब्लैकआउट की व्यवस्था, आपातकालीन निकासी योजनाओं की कार्यप्रणाली, और सामूहिक बचाव एवं राहत उपायों का व्यावहारिक परीक्षण किया जाएगा। इसके साथ ही आम नागरिकों को इस बात का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा कि संभावित आक्रमण या आपदा की स्थिति में वे स्वयं और अपने आस-पास के लोगों की रक्षा कैसे कर सकते हैं। इस दौरान कस्बा चौकी प्रभारी अनुज मलिक, व्यापारी सुरक्षा फोरम नगरध्यक्ष अजय गोयल, गौरव रस्तोगी, आलम शेख, अरुण दीक्षित, मयंक गर्ग, राजू बादशाह, अशोक घरोटिया, भोले आदि सभासद व व्यापारी मौजूद रहे।

# मार्कड्रिल कर छात्राओं को किया जागरुक

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज में मार्क ड्रिल किया गया। छात्र छात्राओं को आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए प्रशिक्षित किया गया।

बुधवार को कॉलेज में सीओ दीप कुमार पंत ने छात्र छात्राओं को आपदीय स्थिति में सतर्कता और संयम बनाए रखने का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने फास्ट सेफ्टी के बारे में भी जानकारी दी। भगदड़ से बचाव के तरीके बताते हुए बचाव दल से सहयोग करने के तरीके भी समझाये। बाईपास मार्ग स्थित एक बैंकट हॉल के सभागार में नगर पालि.



का प्रशासन द्वारा सफाई कर्मचारी एवं स्टाफ की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों को युद्ध के समय में क्या-क्या सावधानी बरतनी चाहिए उसके विषय में जानकारी देना था। पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस समय भारत एवं पाकिस्तान की सीमा पर तनाव है युद्ध की स्थिति बन रही है। शासन के निर्देश पर मॉक ड्रिल के दौरान भविष्य में होने वाले खतरों से भी लोगों को आगाह किया जा रहा है। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह, सभासद मुन्ना चौहान,शाहनवाज अंसारी, राजपाल सैनी,मोहसिन खान, शराफत, जावेद जरताब नौशाद, पप्पू, अलीम. ुद्दीन, कौशल कुमार, मोहम्मद अहमद, अरशद, शारिक शाहिद काफी संख्या में पालिका का स्टाफ मौजूद रहा

## सेना के अद्भुत साहस को सराहा



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** पहलगाम में निहत्थे सैलानियों पर गोलियां बरसाकर 28 पर्यटकों की नृशंसा हत्या की कड़े शब्दों में निंदा करते आज भारतीय सेना ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों के नौ अड्डों को तबाह किया। भारतीयों के लिए इससे बड़ी कोई और खुशी नहीं हो सकती। तमाम भाजपाई जोया रोड स्थित ज्योतिबाफूले चौक पर एकत्र हुए तथा भारत माता के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर राम सिंह सैनी, सुधांशू विश्नोई, अपूर्वपाल, शिवम सैनी, रमेश कलाल आदि मौजूद रहे।

# यात्री कर अधिकारी ने की प्राईवेट बस सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** डीएम के निर्देश पर यात्री करअधिकारी सुधीर सिंह ने एक प्राईवेट बस को सीज किया गया। ऐसी बसें जो अनाधिकृत रूप से कामर्शियल माल लादकर औरओवरलोडिंग

**■ यात्रियों के साथ साथ माल की भी थी ओवरलोडिंग**

करके जा रहीं हैं, उनकी धरपकड़ के लिये संयुक्त टीमें गठित की गई हैं, जिसमें परिवहन विभाग के साथ ही सेल्सटैक्स के अधिकारी भी शामिल हैं। बुधवार की सुबह नगर के इंदिरा चौक पर डीएम के निर्देश पर यात्री कर अधिकारी सुधीर सिंह ने एक बस को रोका, जिसमें 70 सवारियां थीं, जो नियम विरूद्ध क्षमता से अधिक



थीं तो वहीं बस में अनाधिकृत रूप से कामर्शियल माल भी लादकर ले जाया जा रहा था। जिसका कोई वैध प्रपत्र भी नहीं था। इस कारण इस बस को सीज किया गया। सुधीर सिंह ने बताया कि डीएम के निर्देश पर ऐसी बसों की धरपकड़ के लिये संयुक्त टीमों का गठन किया गया है। जो अब लगातार चैकिंग करेंगी और ऐसी बसों पर सीज की कार्रवाई करेंगी जो कि क्षमता से अधिक यात्रियों को भरकर, साथ ही बिना वैध बिलों/प्रपत्रों के कामर्शियल माल को लादकर जाती हैं। वहीं यात्री कर अधिकारी द्वारा की गई इस कार्रवाई से प्राईवेट बस चालकों में हड़कंप मचा रहा।

## पशु बाजार में व्यापारी के साथ मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** गजरौला कुमराला के पशु बाजार में पशु बेचने आए व्यापारी के साथ मारपीट की घटना प्रकाश में आई है। घटना को अंजाम देकर आरोपी भागने में सफल रहे। जानकारी के अनुसार हापुड़ निवासी अरविंद कुमार नगर के कुमराला में लगने वाले पशु बाजार में अपना पशु बेचने आए थे, किसी बात को लेकर पशु बाजार के अंदर उसकी कहा. सुनी हो गई, उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। काफी देर तक यहां पर हंगामे की स्थिति बन रही। गजरौला प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया है कि अभी तक किसी ने कोई तहरीर नहीं दिए हैं। तहरीर मिलने पर जांच पड़ताल कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर पत्नी को निकाला

### पति समेत सात ससुरालियों पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** दहेज की मांग पूरी नहीं कराने पर विवाहिता को घर से निकाल दिया। पीड़िता ने मामले में पति समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव हाफिजपुर निवासी गुल हसन ने अपनी बेटी सबीना की शादी करीब आठ साल पहले संभल जिले के असमोली थाना क्षेत्र के गांव मनौटा के रहने वाले समीर के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ससुराल में सबीना दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। करीब आठ महीने पहले ससुराल वालों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। कई बार दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के लिए पंचायत बैठी लेकिन कोई हल नहीं निकल सका। विवाहिता का आरोप है कि पति तीन तलाक देकर दूसरी शादी करने की धमकी दे रहा है। 24 अप्रैल की दोपहर दो बजे सबीना अपनी भाभी के साथ एक धार्मिक स्थल पर गई थी। आरोप है कि वहां पति, सास और देवर मिल गए। तीनों ने गाली-गलौज करते हुए दहेज की मांग दोहराई। दुपट्टे से गला दबाकर मारने का प्रयास किया। बेटे की छीनकर ले जाने लगे। शोर मचाने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घिरने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़िता ने मामले की शिकायत एसपी से की थी। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने मामले में पति समीर, सास राफिया और देवर नसीम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# सिंचाई विभाग एवं पंचायती राज विभाग के अन्तर्गत कराए जा रहे कार्यों की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई

## डीएम ने दिए पेयजल परियोजना की पाइप लाइन बिछाने के दौरान ब्लॉक वाराणसी रोड रेस्टोरेशन के कार्यों का सत्यापन कराने के निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधवार को जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन(ग्रामीण) के अन्तर्गत पेयजल परियोजनाओं सहित सिंचाई विभाग एवं पंचायती राज विभाग के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान अधिशासी अभियन्ता जल निगम ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि पूर्व में 53 परियोजनायें निर्मित थी, जिनके अनुरक्षण एवं सरंक्षण हेतु इस वित्तीय वर्ष में धनराशि आवंटित हो चुकी है। तत्काल अनुरक्षण संबंधी कार्य कराये जायेंगे। इसके अतिरिक्त यह भी अवगत कराया कि ग्रामीण क्षेत्र हेतु जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 564 पेयजल परियोजनायें स्वीकृत की गयी हैं, जिनमें से 150 परियोजनायें पूर्ण रूप से क्रियाशील हैं और निर्बाध रूप से जलापूर्ति घरों में करायी जा रही है। अन्य शेष परियोजनाओं में कार्य प्रगति पर है।

उन्होंने बताया कि क्रियाशील परियोजनाओं पर कनेक्शन, आपरेटर की नियुक्ति, उपभोक्ता पंजिका आदि की कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी है और साथ ही जल कर आदि वसूलने की भी नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। जिलाधिकारी ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया है कि पेयजल परियोजना की पाइप लाइन बिछाने के दौरान ब्लॉक वाराणसी रोड रेस्टोरेशन के कार्यों का सत्यापन कराना सुनिश्चित करें और यदि कहीं पर पाइप लाइन बिछाने के उपरान्त मरम्मत आदि के कार्य नहीं कराये गये हैं, तो इसकी सूची तत्काल उपलब्ध करायें।

उन्होंने कहा कि जितनी भी परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, उन सभी परियोजनाओं का जिला स्तरीय अधिकारियों से सत्यापन कराया जाए, साथ ही सत्यापन के दौरान यह भी सुनिश्चित करें कि गांव के प्रत्येक घर को सुचारू रूप से पानी की सुविधा मिले।

सिंचाई विभाग की बैठक में अधिशासी अभियन्ता सिंचाई नवीन कुमार ने बताया कि जनपद में 138 किलोमीटर की लंबाई में 09 नालों की सफाई एवं 17 संवदेनशील स्थलों पर बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य कराए जाने हैं।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई को बाढ़ की सुरक्षा हेतु बाढ़ निरोधात्मक कार्यों को तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि पूर्व में सिंचाई विभाग द्वारा आवंटित किये गये पट्टों का सत्यापन कराकर उन्हें अभियान चलाकर नियमानुसार कब्जा मुक्त कराया जाये।

उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि 15 वें वित्त आयोग के अन्तर्गत धनराशि का समय से उपभोग कराया जाये। यदि किसी ग्राम पंचायत में सचिव एवं ग्राम प्रधान के स्तर पर धनराशि का उपभोग किये जाने में शिथिलता व लापरवाही बरती जाये तो इसका तत्काल संज्ञान लेते आवश्यक कार्यवाही करें।

इस दौरान जिलाधिकारी ने फैमिली आईडी में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खण्ड विकास अधिकारियों व सचिवों को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। बैठक में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सत्य प्रकाश, जिला पंचायतराज अधिकारी जाहिद हुसैन, अधिशासी अभियंता जल निगम मोहित कुमार, अधिशासी अभियंता, सिंचाई नवीन कुमार सिंह सहित समस्त खण्ड विकास अधिकारी मौजूद रहे।

# किसानों के गन्ने का बकाया भुगतान जल्द से जल्द करें गन्ना मिल: वीरेश शर्मा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** भारतीय किसान संघ जनपद रामपुर के शाहाबाद ब्लॉक में ग्राम नबीगंज मे किसानो की बैठक हितेश कुमार दिवाकर की बैठक पर की गई। बैठक का संचालन जिला सहमंत्री अरविंद कुमार ने किया स बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष शाहाबाद कुलदीप गुप्ता ने की बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष वीरेश शर्मा ने सभी किसानों से कहा सभी कार्यकर्ता किसानो को संगठन के विषय मे बताये संगठन को मजबूती प्रदान कराए। शर्मा ने कहा राणा सुगर मिल करीमगंज शाहाबाद पर गन्ना किसानो का 30 करोड़ रुपए बकाया है। जबकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी महाराज का कहना है कि पूरे प्रदेश के किसी भी मिल पर किसानो का पैसा बकाया पाया गया तो उससे किसान क्षेत्र कम कर दिया जाएगा जो मिल सही समय पर किसानों का भुगतान करेगी उसको गन्ना किसान क्षेत्र दे दिया जाएगा।

यदि राणा शुगर मिल ने जल्द से जल्द किसानों का भुगतान नहीं किया तो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से भारतीय किसान संघ एक पत्र जिलाधिकारी के माध्यम से भेजने को मजबूर होगा। भारतीय किसान संघ किसानों के हित में लड़ते आ रहा है और लड़ते रहेगा। जिला अध्यक्ष ने कहा जल जीवन मिशन योजना की जो योजना है वह केवल जनपद रामपुर में कागजों में चल रही है इससे संबंधित जितने भी अधिकारी हैं इस ओर ध्यान दें जल्द से जल्द इस योजना का लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाएं अन्यथा की स्थिति में भारतीय किसान संघ आपका पुतला फूंकने को मजबूर रहेगा। किसानों के संबंध में बहुत चर्चाएं की कुलदीप ठाकुर के द्वारा भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष वीरेश शर्मा को एवं कुलदीप गुप्ता को बाबा श्याम का स्मृति चंद्र देकर उत्साह वर्धन किया और सभी किसानों ने कहा हम भारतीय किसान संघ के साथ हैं रहेंगे। बैठक करने वालों में जिला कोषाध्यक्ष रामवीर, हितेश कुमार, ठाकुर कुलदीप, आशीष चंद्र, मिंटू तिवारी, कुलदीप सिंह, मनीष, अनु श्रीवास्तव सैकड़ो कार्यकर्ता सम्मिलित रहे।

# जिला कृषि अधिकारी ने किया बीज विक्रय प्रतिष्ठांनों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधवार को जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने जनपद रामपुर के विभिन्न बीज विक्रय प्रतिष्ठांनों का निरीक्षण किया। मै. श्याम एग्रो सीड्स, विलासपुर मै. कुमार सेल्स, मै. के. एस. ट्रेडर्स, मै. चौहान एग्री केम, मै. सी.पी. गुप्ता एण्ड सन्स एवं मै. जैन सीड्स स्टोर बिलासपुर का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के समय बीज के दो धान बीज एवं दो ज्वार बीज के नमूने ग्रहीत किये गये। उन्होंने बताया कि ग्रहीत नमूनों को राज्य स्तरीय प्रयोगशाल में परीक्षण हेतु भेजा जा रहा है, साथ ही नए कुमार, सेल्स जैन सीड्स स्टोर बिलासपुर के ब्रिकी पंजिका एवं स्टॉक पंजिका अध्यावधिक नहीं पाये गये। जिसके क्रम में जिला कृषि अधिकारी द्वारा कारण बतायों नोटिस निर्गत किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त राजकीय कृषि बीज भण्डार बिलासपुर में डैचा बीज वितरण के संबंध में प्राप्त हो रही शिकायतों के संबंध में निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान राजकीय कृषि बीज भण्डार बिलासपुर को कुल 40 कुन्तल ढैचा बीज प्राप्त हुआ, जिसमें से 20 कुन्तल उँचा बीज क्लस्टर प्रदर्शन में एवं 20 कुन्तल ढेंचा बीज सामान्य प्रर्दशन में प्राप्त हुआ था, जिसमें 20 कुन्तल क्लस्टर प्रर्दशन में आवंटित कैंचा बीज इस वर्ष चयनित ग्राम वेदपुर, खण्डिया एवं पिपलिय मिश्र के कृषकों ने वितरित किया गया एवं 20 कुन्तल सामान्य में आवंटित कैंचा बीज को विभिन्न कृषकों में पीओएस मशीन के माध्यम से वित. रित किया गया। निरीक्षण के उपरान्त संज्ञान में आया कि राजकीय कृषि बीज भण्डार बिलासपुर में ढेंचा बीज वितरण के संबंध में प्राप्त हो रही शिकायतें निराधार एवं अकथनीय है।

# आधा दर्जन लोगों के खिलाफ विद्युत चोरी की रिपोर्ट दर्ज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** विद्युत विभाग के अधिकारियों ने विशेष अभियान चलाकर आधा दर्जन से अधिक लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा और उनके खिलाफ मुक. दमा दर्ज कराया। विद्युत उपखंड अधिकारी कृष्ण मोहन और अवर अभियंता राम भवन चौहान के नेतृत्व में बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर पिपला शिव नगर बिजली घर के क्षेत्र में बिजली चेकिंग का विशेष अभियान चलाकर आधा दर्जन लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा पकड़े गए। सभी के खिलाफ विद्युत की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# मनमाने ढ़ंग से फीस बढ़ाने वाले विद्यालयों के विरुद्ध होगी कार्यवाही: डीएम

**( इमरान हुसैन )**
**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह की अध्यक्षता में वित्त पोषित शुल्क नियामक अधिनियम के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि निजी विद्यालयों द्वारा अभिभावकों को चिन्हित दुकानदारों से पाठ्य पुस्तक, ड्रेस व अन्य सामग्री क्रय करने हेतु बाध्य किए जाने व समिति की अनुमति के बगैर फीस बढ़ोतरी एवं स्कूल ड्रेस व जूते मोजे में परिवर्तन किए जाने के सम्बन्ध में यदि कोई भी शिकायत प्राप्त होती है तो उन विद्यालयों पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन फीस बढ़ाने या ड्रेस परिवर्तित करने से पूर्व शुल्क नियामक समिति से अनिवार्य रूप से अनुमति प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालय प्रबंधक इस बात को गंभीरता से लें और गाइडलाइन का पालन करें।



जिलाधिकारी ने शिक्षा के अधिकार के तहत जिन बच्चों का पंजीकरण होना है उनकी सूची विद्यालयों से प्राप्त कर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को जांच कर पात्रता का सत्यापन कराने के निर्देश दिए, जिससे समयान्तर्गत उनका पंजीकरण हो सके।

**बिना मान्यता के अवैध रूप से संचालित विद्यालय होंगे बंद**

जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित विद्यालयों की अभियान चलाकर आकस्मिक जांच करने तथा जांचोपरान्त बिना मान्यता के अवैध रूप से संचालित विद्यालयों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करते हुए उन्हें तत्काल बंद कराने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली, वरिष्ठ कोषाधिकारी रंजीत सिंह, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कल्पना देवी व समस्त खंड शिक्षाधिकारी सहित जनपद में सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड से सम्बद्ध विद्यालयों के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

# भगवान श्री कृष्णा और राधा की मूर्ति की स्थापना से पूर्व महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** भगवान श्री कृष्णा और राधा की मूर्ति की स्थापना से पूर्व महिलाओं ने कलश यात्रा निकालकर शिव मंदिर में जलाभिषेक किया। नगर के मोहल्ला चाउपुरा में शिव मंदिर में भगवान श्री कृष्णा और राधा की मूर्ति की स्थापना से पूर्व महिलाओं ने मसवासी कस्बे में कलश यात्रा निकाली। यह यात्रा नगर के शिव मंदिर से शुरू की गई और कई मोहल्लों में घूम कर वापस चाउपूरा शिव मंदिर पर पहुंच गई यहां पर मंदिर पर कलशो से जलाभिषेक किया गया और पूजा अर्चना की गई इस दौरान मंदिर पर सुंदरकांड का पाठ भी चल रहा है कलश यात्रा में वंदना शर्मा आंचल वर्मा मोना चंद्र सपना देवी सुमन कुमारी खुशबू देवी रेखा रानी लक्ष्मी देवी अनुज कुमारी सरला देवी रजनी देवी खुशबू देवी लक्ष्मी शांति आदि शामिल रही।



# चेयरमैन फैजान खान द्वारा नगर वासियों से ब्लैकआउट के दौरान सहयोग की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर पंचायत अध्यक्ष, फैजान खान ने एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए सभी नगर वासियों से सरकार के आद. शानुसार रात 9:00 बजे होने वाले ब्लैकआउट के दौरान सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने सभी दुकानदारों से अनुरोध किया है कि वे अपनी दुकानें समय से बंद कर दें। इसके अतिरिक्त, सभी नगर वासियों से यह भी आग्रह किया गया है कि वे रात्रि 9:00 बजे के बाद सड़कों पर अनावश्यक रूप से न घूमें। नगर अध्यक्ष फैजान खान ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि ब्लैकआउट के दौरान किसी भी प्रकार की लाइट या रोशनी वाली चीज का इस्तेमाल बिल्कुल न किया जाए। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपने बच्चों को रात 9:00 बजे के बाद घर के अंदर ही रखने का भी अनुरोध किया है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि यह ब्लैकआउट सरकार के महत्वपूर्ण दिशा निर्देशों का हिस्सा है और सभी नागरिकों का सहयोग इसमें अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नगर वासियों से शांति और व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है।


फैजान खान अध्यक्ष

# थाना अज़ीमनगर में लगाया गया नि:शुल्क आंखों का चेकअप कैम्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगर/रामपुर।** अजीमनगर थाने में बुधवार को निशुल्क आंखों का कैंप लगाया गया। इस दौरान करीब 200 लोगों को जांच के बाद दवाएं बांटी गई। थाना परिसर में लगे कैंप का शुभारंभ थाना अध्यक्ष कर्म सिंह पाल ने फीता काटकर किया।

साईं हॉस्पिटल रुद्रपुर से आई डॉक्टर की टीम ने मरीजो का चेकअप किया। इस दौरान थाने में तैनात पुलिस कर्मियों की आंखों से संबंधित जांच भी की गई। जबकि आसपास से आए तमाम लोगों ने निशुल्क कैंप का लाभ उठाया। डॉक्टर ने मरीजों के मोतियाबिंद एवं नाखूना के ऑपरेशन की जानकारी दी।



इस मौके पर उप निरीक्षक विकास राजपूत, उप निरीक्षक बलराम सिंह, उपनिरीक्षक संतोष चौधरी, शिवा यादव, नफीस अहमद, विनय कुमार, सईमुद्दीन, राजपाल खड्गवंशी और परसोत्तम लोधी आदि मौजूद रहे।

# पुलिस उपमहानिरीक्षक ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शहीद -ए- आजम स्पोर्टस स्टेडियम बमनपुरी जनपद रामपुर मे चल रहे 42 वें अन्तर्जनपदीय पुलिस बैडमिन्टन / टेबल टेनिस (महिला / पुरुष) प्रतियोगिता 2025 आज समाप्त हुई। प्रतियोगिता का समापन पुलिस उपमहानिरीक्षक, मुरादाबाद परिक्षेत्र मुरादाबाद मुनि राज के कर कमलो द्वारा किया गया। बताते चलें कि दिनांक 05.05. 2025 से शहीद खए- आजम स्पोर्टस स्टेडियम बमनपुरी जनपद रामपुर में चल रहे 42 वें अन्तर्जनपदीय पुलिस बैडमिन्टन / टेबल टेनिस (महिला / पुरुष) प्रतियोगिता 2025 में आज दिनांक 07.05.2025 को खेले गये फानल्स, प्रतियोगिता का समापन पुलिस उपमहानिरीक्षक, मुरादाबाद परिक्षेत्र मुरादाबाद मुनि राज के कर कमलो द्वारा किया गया तथा विजेता रहे खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रशस्तिपत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर , अपर पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर, समस्त क्षेत्राधिकारीगण मौजूद रहे। पुलिस उपमहानिरीक्षक, मुरादाबाद परिक्षेत्र मुरादाबाद द्वारा प्रतियोगिता के आयोजन में सहायक पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण को भी मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। उक्त प्रतियोगिता को रेडिको खेतान, रामपुर द्वारा प्रायोजित किया गया था।




**प्रतियोगिता में विजेता रही टीमों एवं खिलाडियों का विवरण निम्न है**

- पुरुष बैडमिन्टन में जनपद रामपुर एवं महिला बैडमिन्टन में जनपद रामपुर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये टीम चौम्पियनशिप पर कब्जा किया।
- पुरुष टेबिल टेनिस में जनपद मुरादाबाद एवं महिला टेबल टेनिस ने जनपद मुरादाबाद ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये टीम चौम्पियनशीप पर कब्जा किया।
- पुरुष बैडमिन्टन टीम चौम्पियनशीप में फाईनल मैच रामपुर व बरेली के मध्य खेला गया जिसमे रामपुर की टीम ने जनपद बरेली की टीम को हराकर चल वैजन्ती प्राप्त की।
- पुरुष बैडमिन्टन व्यक्तिगत में सन्दीप जनपद रामपुर व प्रदीप कुमार जनपद पीलीभीत के मध्य खेला गया जिसमें रामपुर ने पीलीभीत को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया ।
- पुरुष बैडमिन्टन में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब आरक्षी सन्दीप कुमार जनपद रामपुर व म.उ.नि. मधु कश्यप जनपद मुरादाबाद ने हासिल किया।
- पुरुष टी.टी. टीम चौम्पियनशीप में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब मुख्य आरक्षी सुनील यादव जनपद मुरादाबाद व म.का. कोमल जनपद बरेली ने हासिल किया।

# सभासदों ने नगर पंचायत अध्यक्ष पर लगाया विकास कार्यों में उपेक्षा बरतने का आरोप

**( मो. फारूख अंसारी )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** नगर पंचायत के कई बार्ड सभासदों ने पंचायत अध्यक्ष पर विकास कार्यों में मनमानी बरतने का आरोप लगाया है और इस मामले की शिकायत जिला अधिकारी से की है। नगर पंचायत के सभासदों ने जिलाधिकारी को पत्र भेज कर शिकायत की है कि पंचायत अध्यक्ष अपनी मनमानी कर रहे हैं और कुछ वार्डो में विकास कार्य शून्य है कोई तवज्जो नहीं दी जा रही है जिससे वह परेशान है और बोर्ड की बैठक में भी उन्हें अपमानित करने की को. शिश की जाती है। और बोर्ड मीटिंग के दौरान महिला सभासदों के सामने अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है। अगर कोई सभासद पंचायत की मीटिंग के दौरान समस्या के निस्तारण की मांग करता है तो पंचायत अध्यक्ष घर बुलाकर उसको अपमानित करते हैं और धमकाते हैं जिससे वह काफी परेशान है। सभासदों की शिकायत है कि पंचायत अध्यक्ष ने पूरी नगर पंचायत को हाईजैक कर रखा है उन्होंने जिला अधिकारी से पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ जाच कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत करने वालों में सभासद आरती कश्यप साहिब नूर मोहम्मद ओवैस बिमला देवी राजकुमारी भगवती प्रसाद जमील अहमद, कुसुम देवी आदि शामिल रहे।

# नरौरा एटॉमिक प्लांट में हुआ मॉक ड्रिल




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**डिबाई।** तहसील क्षेत्रांतर्गत नरौरा एटॉमिक प्लांट के दृष्टिकोण से सीआईएसएफ कॉलोनी के ग्राउंड में नागरिक सुरक्षा के द्वारा मॉक ड्रिल की गई। नरौरा में एटॉमिक पावर प्लांट होने की वजह से जिले को ए कैटेगरी में रखा गया है। किसी भी प्रकार के हमले से बचाव के लिए मॉक ड्रिल में हवाई हमले होने के समय क्या क्या सावधानी बरतने की आवश्यकता है इसका डेमो किया गया। सायरन बजाकर, धमाकों में घायल हुए लोगों को प्राथमिक चिकित्सा चौकी तक पहुंचाया जाने एवं धमाकों से लगी आग को बुझाने का अभ्यास, एम्बुलेंस की मदद से धमाकों में घायल हुए लोगों को हायर मेडिकल सेंटर पहुंचाने का अभ्यास किया गया। मॉक ड्रिल के मौके पर डीएम श्रुति, एसएसपी दिनेश कुमार सिंह सहित जिला संभल के डीएम डॉ0 राजेन्द्र पेंसिया, एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई एवं एनडीआरएफ, सीआई एसएफ, दमकल विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# देहली वर्ल्ड स्कूल में किया मॉक ड्रिल



**कोसीकलां।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में बुधवार को आपदा प्रबंधन के तहत एक मॉक ड्रिल का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों को आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षित और सजग रहने के लिए प्रशिक्षित करना था। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा कुमार, चेयरमैन जितेंद्र कुमार एडवोकेट ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना और मानसिक तैयारियों को बढ़ाती हैं। ड्रिल के दौरान, सायरन बजते ही सभी विद्यार्थियों को शांतिपूर्वक कक्षाओं से बाहर निकाल. कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। आपातकालीन स्थितियों में आवश्यक सामग्री जैसे ग्लूकोन–डी, ड्राई फ्रूट्स, प्राथमिक उपचार किट, टॉर्च, पॉवर बैंक और जरूरी दवाइयां रखने की सलाह दी गई। इस प्रकार के मॉक ड्रिल्स विद्यार्थियों और शिक्षकों को आपातक. ालीन परिस्थितियों में तत्परता और सही प्रतिक्रिया देने के लिए प्रशिक्षित किया गया। जिससे विद्यालय परिसर में सुरक्षा और जागरूकता बनी रहे। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक गोपाल अग्रवाल, विनीता शर्मा, नवनीत, अन्नू जैन, रेखा अग्रवाल, देवराज, योगेश खंडेलवाल आदि मौजूद रहे।

# ब्लैकआउट की स्थिति में बचाव की तैयारी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** जिले में कराई गई मॉक ड्रिल में डीपीबीएस महाविद्यालय में 41 यूपी बटालियन एनसीसी और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य प्राफेसर जीके सिंह के निर्देशन में हुए इस कार्यक्रम में 41 बटालियन के कमांडर ऑफिसर कर्नल नौटियाल ने बताया कि मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य आग, चिकित्सा आपात स्थिति, खतरनाक सामग्री और रासायनिक रिसाव जैसी आपदाओं से निपटने का अभ्यास कराना है। यूपी सिविल डिफेंस के देवदत्त सिंह ने विद्यार्थियों को युद्ध परिस्थितियों से निपटने के उपाय समझाए। प्रशिक्षण में आपात स्थिति में परिवहन और अग्निशामक यंत्र के प्रयोग का अभ्यास कराया गया। बुलंदशहर के डीपीबीएस महाविद्यालय में मॉक ड्रिल हुई। गाड़ी सुरक्षित स्थान पर रोकें ब्लैकआउट पर विशेष जानक. ारी देते हुए कर्नल नौटियाल ने बताया कि यह विद्युत उत्पादन और खपत के बीच असंतुलन से होता है। उन्होंने ब्लैकआउट के दौरान घर की सभी लाइट बंद रखने और यात्रा के दौरान गाड़ी को सुरक्षित स्थान पर रोकने की सलाह दी। जागरूकता का महत्व समझाया एलडीएवी एनसीसी अधिकारी धर्मेंद्र राजौरा ने विद्यार्थियों को सामाजिक जागरूकता का महत्व समझाया। कार्यक्रम में

## खेत जा रहे लोगों पर फायरिंग

**अनूपशहर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मलकपुर में पुरानी रंजिश ने हिंसक रूप ले लिया। कलुआ और उनके भाई फईम खेत की तरफ जा रहे थे। इस दौरान गांव के बड़ के नीचे 13 लोगों ने उन्हें घेर लिया। इसरार, रिजवान, इमरान, मुज्जमिल, शाहरुख समेत अन्य लोगों ने कलुआ और फईम पर हमला कर दिया।

## आरोपियों की धरपकड़ को पुलिस की दबिश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** थाना क्षेत्र के गांव मूढ़ीबकापुर में जमीन के विवाद में एक ही परिवार के पांच लोगों पर जानलेवा हमला के मामले में आरोपियो की गिरफ्तारी के लिये पुलिस ने ताबड़तोड़ दबिश डाली है। पुलिस ने आरोपियों के परिजनों को हिरासत में लिया है। ताकि जल्द आरोपी गिरफ्तार हो सके। पूर्व प्रधान के पुत्र को हिरासत में लेकर क्राइम ब्रांच पूछताछ में जुटी है। बता दें कि गांव मूढ़ीबकापुर निवासी जितेंद्र शर्मा और शिवम सैनी के बीच दो बीघा जमीन को लेकर पिछले कई वर्षों से विवाद चल रहा है। दोनों पक्षों में कई बार खूनी संघर्ष हो चुका है। रविवार रात हुए जानलेवा हमले में घायल हुए दो लोगों की हालत गंभीर बताई गई है। एसएसपी दिनेश कुमार सिंह के आदेश पर दर्ज हुई जानलेवा हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की पांच टीमें लगातार ताबड़तोड़ दबिशें दी हैं। आरोपियों के कई परिजनों को हिरासत में लिया गया है। पूर्व प्रधान के पुत्र लोकेश गुर्जर से क्राइम ब्रांच की टीम हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। गांव में दोनों पक्षों के बीच तनाव को देखते हुए पुलिस फोर्स तैनात है। एएसपी रिजुल कुमार ने बताया कि पुलिस की पांच टीमें लगातार आरोपियों की धरपकड़ के लिए लगी हुई हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## अपहरण में आरोपी बनाए गए युवक की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** औरंगाबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला सिप्टनगढ़ी के जंगल में बुधवार की दोपहर को एक युवक का शव पेड़ पर लटका मिला। मृतक दो मई को एक बीए छात्रा के अपहरण मामले में आरोपी था। फॉरेंसिक टीम जब शव को उतारने पहुंची तो परिजनों ने करीब आधे घंटे तक विरोध किया। इसके बाद पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल ले गई। दो मई को एक बीए छात्रा का परीक्षा देने जाते समय अपहरण हुआ था। छात्रा के परिजनों ने गांव के ही एक युवक के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। मृतक के परिजनों के अनुसार मंगलवार की रात थाना पुलिस युवक की तलाश में उनके घर आई थी। मृतक की मां अन्य महिलाओं के साथ मौके पर पहुंची। बेटे का शव फांसी पर लटका देख उन्होंने चुन्नी से आत्महत्या का प्रयास किया। मौजूद महिलाओं ने उन्हें बचाया और शव से दूर ले गईं। मृतक के परिजनों का आरोप है कि युवक का अपहरण कर हत्या की गई। फिर शव को पेड़ पर लटका दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## किराना व्यापारी का एक हत्यारोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सिकंदराबाद।** जेवर रोड पर किराना व्यापारी सुरेश चंद्र पर हुए गोलीकांड में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जेवर तिराहे पर स्कूटी और बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने व्यापारी को गोली मार दी थी। सीओ पूर्णिमा सिंह के अनुसार, पीड़ित के भाई की शिकायत पर मुक. दमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने बीती रात आरोपी नितिन पुत्र संजीव, निवासी जोली को गिरफ्तार किया। पूछताछ में नितिन ने खुलासा किया कि वह और उसके चार साथी इस वारदात में शामिल थे। व्यापारी सुरेश चंद्र ने नितिन के साथी सुमित से 1100 रुपए की उधारी मांगी थी। जिससे नाराज होकर सुमित ने अपने साथियों के साथ मिलकर व्यापारी पर हमला करने की योजना बनाई। पुलिस ने आरोपी नितिन से एक तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। अन्य चाररार आरो. पियों की तलाश जारी है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## ठगी करने वाले दो फर्जी अधिकारी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गुलावठी।** पुलिस ने दो शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर लोगों से अवैध वसूली करते थे। सीओ पूर्णिमा सिंह ने बताया कि आरोपी भानू प्रताप और सरजू एक विशेष ऐप के जरिए फाइनेंस की गई गाड़ियों की जानकारी जुटाकर ठगी करते थे। 4 मई को देवली के नाग देवता मंदिर के पास और 25 अप्रैल को कुरली गांव में इन्होंने बाइक सवारों से 2200 रुपये की वसूली की थी। पुलिस ने दोनों से 2650 रुपये, एक अवैध तमंचा, कारतूस और पुलिस लिखी बुलेट बाइक बरामद की है। गैंगस्टर की हो चुकी कार्रवाई भानू प्रताप पर गैंगस्टर एक्ट के तहत पहले भी कार्रवाई हो चुकी है।

# एक राष्ट्र एक चुनाव से कम खर्च व कामकाज आसानः दुर्विजय सिंह




**मथुरा।** मंगलवार को संस्कृति यूनिवर्सिटी के संतोष मैमोरियल ऑडिटोरियम में एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान के अन्तर्गत प्रबुद्ध समागम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथी क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य ने समागम को संबोधित किया। प्रबुद्ध समागम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि भारत का लो. कतांत्रिक अपनी जीवंत चुनावी प्रक्रिया के आधार पर फल फूल रहा है और नागरिकों को हर स्तर पर शासन को सक्रिय रूप से आकार देने में सक्षम बनाता है। स्वतंत्रता के बाद से अब तक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के 400 से अधिक चुनावों ने निष्पक्षता और पार्दर्शिता के प्रति भारत के चुनाव आयोग की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। देश की 47 राजनीतिक पार्टी में 32 राजनीतिक पार्टियों ने एक राष्ट्र एक चुनाव की संस्तुति की है। उन्होने कहा कि सरकार ने भारत में एक राष्ट्र एक चुनाव का प्रस्ताव रखा और एक राष्ट्र एक चुनाव की अवधारणा की संभावना का पता लगाने के लिए भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बलदेव विधायक पूर्ण प्रकाश और मार्ट विधायक राजेश चौधरी ने एक राष्ट्र एक चुनाव प्रबुद्ध समागम में संबोधित करते हुए बताया कि एक राष्ट्र एक चुनाव से नीतियों में अधिक निश्चित आएगी बार–बार चुनाव होने से अनिश्चित का माहौल बनता है और इससे नीतिगत निर्णय प्रभावित होते हैं चुनाव के एक साथ होने से आर्थिक स्थिरता और विकास में वृद्धि होगी जिस व्यवसाय प्रतिकूल नीतिगत परिवर्तनों के घर के बिना निर्णय लेने में सक्षम होंगे। जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे ने बताया कि एक साथ चुनाव कराने से सरकारी खजाने पर वित्तीय भोज काम होगा क्योंकि इससे बीच–बीच में होने वाले चुनाव पर नहीं होगा।।

## भैंस बहोरा पहुंचकर डीएम व नगर आयुक्त ने किया संयुक्त निरीक्षण

**मथुरा।** श्रीकृष्ण की नगरी को जल भराव की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने बुधवार को नगर आयुक्त शशांक चौधरी के साथ भैंस बहा. ेरा क्षेत्र में नाले का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने नाले पर अतिक्रमण करने वालों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि वर्षा से पहले नालों के ऊपर से अतिक्रमण हटाकर साफ–सफाई कराई जाए। जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह ने बुधवार की अपराह्न में भैंस बहोरा क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी नालों पर हो रहे अतिक्रमण देखकर नाराज दिखाई दिए। उन्होंने नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि नालों पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें। मौके पर वहां एकत्रित लोगों को चेता. वनी दी है कि वह समय रहते अपने अतिक्रमण स्वयं हटा लें। अन्यथा नगर निगम ने अतिक्रमण हटाए तो आपका नुकसान हो सकता है। निरीक्षण के बाद अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार ने बताया कि क्षेत्र में यहां के रहने वाले लोगों ने नाले के ऊपर अतिक्रमण कर मकान बना लिए हैं जिससे नालों से गंदगी निक. ालने में निगम के कर्मचारियों को परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है। डीएम ने सुदामापुरी के पूरे क्षेत्र में अतिक्रमण देख नाराज हुए। यहां नाले के ऊपर कब्जा करके बैठे अशोक जनरल स्टोर के मालिक को स्पष्ट चेतावनी दी कि वह यहां से अपना अतिक्रमण स्वयं हटा दें वरना उसके खिलाफ अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। भैंस बहोरा व्यवसायी समिति के अध्यक्ष श्रीभगवान चतुर्वेदी ने जिलाधिकारी से आग्रह किया कि उनके द्वारा मुक्त कराई गई नाले की जमीन के ऊपर एक सार्वजनिक शौचालय बनवा दें। जिससे क्षेत्रीय लोगों तथा दुक. ानदारों को परेशानियों को सामना नहीं करना पड़े। इस पर जिलाधिकारी ने उनसे कहा कि पहले वह इस क्षेत्र की साफ–सफाई कराकर पूरे क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराकर शौचालय बनवाया जाएगा। डीएम ने नाले के ऊपर अतिक्रमण करने वाले लोगों को चेतावनी दी है कि वह अपने–अपने अतिक्रमणों को स्वयं हटा लें वरना प्रशासन अतिक्रमण को हटाकर सफाई अभियान को स्वयं आगे बढ़ाएगा। निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्ट्रेट राकेश कुमार भी मौजूद रहे।

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी दादरी गौतमबुद्धनगर।

पत्रांक 343 / लेखाकार/क्षेत्र पंचायत / टेण्डर-नोटिस/2025-26, दिनांक-07.05.2025

### निविदा आमन्त्रण सूचना

एतदद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि क्षेत्र पंचायत दादरी की ओर से राज्य वित्त आयोग / केन्द्रीय वित्त आयोग योजनान्तर्गत प्राप्त / उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष निम्नलिखित निर्माण कार्यो को कराये जाने हेतु दिनांक-22.05. 2025 को निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है, किसी भी सरकारी/गैर सरकारी विभाग मे पंजीकृत कॉन्ट्रेक्टर/ठेकेदार दिनांक-22.05.2025 के अपरान्ह 2.00 बजे तक सीलबन्द लिफाफे मे मात्रा के विल अनुसार निविदाएँ कार्यालय, खण्ड विकास अधिकारी दादरी गौतमबुद्धनगर मे प्रस्तुत कर सकते है, प्राप्त निविदाओं को उसी दिन दिनांक-22.05.2025 को अपरान्ह 4.00 बजे निविदादाताओं की उपस्थिति में खोली जायेगी। निविदादाताओं द्वारा निविदा के साथ अंकन-100.00 (रुपये एक सौ मात्र) का गैर न्यायिक सटाम्प जिस पर निविदादाता के हस्ताक्षर हो संलग्न करना अनिवार्य होगा तथा फर्म चयन के उपरान्त निविदादाता को कार्य लागत की 10 प्रतिशत जमानत राशि जो एन.एस.सी/एफ.डी.आर. के रुप मे जो खण्ड विकास अधिकारी दादरी गौतमबुद्धनगर के पदनाम बन्धक हो जमा करनी आवश्यक है। खण्ड विकास अधिकारी दादरी गौतमबुद्धनगर को किसी भी निविदा एवं समस्त निविदाओं को बिना किसी कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

| क. सं. | कार्य का नाम | कार्य की लागत (लाख रु० मे) | टेण्डर मूल्य (रुपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम दयानगर (छायसा) मे करन सिंह के मकान से प्रेम सिंह के मकान तक नाला निर्माण | 9.97 | 266 | 2 माह |
| 2 | ग्राम कलौदा मे अख्तर के घर से तालाब की ओर नाला निर्माण | 9.94 | 266 | 2 माह |
| 3 | ग्राम चिटैहरा मे तालाब के कोने पर पुलिया निर्माण कार्य। | 2.70 | 266 | 2 माह |
| 4 | ग्राम मुठियानी मे देवीमन्दिर से दिनेश के मकान तक नाला निर्माण | 9.66 | 266 | 2 माह |
| 5 | ग्राम कठैहरा मे सुरेश के मकान से संजीव के मकान तक खण्डजा कार्य | 9.97 | 266 | 2 माह |
| 6 | ग्राम कलौदा में मासुक के घर से सैक्टर तक सी. रोड | 9.98 | 266 | 2 माह |
| 7 | ग्राम खटाना (मिल्क) मे ईश्वर के मकान से जगदीश के मकान तक खण्डजा कार्य | 5.22 | 266 | 2 माह |
| 8 | ग्राम कठैहरा मे करतार के मकान से सतवीर के मकान तक नाली/सी.सी. रोड | 9.87 | 266 | 2 माह |
| 9 | ग्राम खटाना (मिल्क) मे जगदीश के मकान से चकरोड तक खण्डजा कार्य | 5.74 | 266 | 2 माह |
| 10 | ग्राम चिटेहरा मे आजाद के मकान से सुमित नाई के मकान तक सी.सी. रोड | 6.40 | 266 | 2 माह |
| 11 | ग्राम वीरपुरा मे राजू के मकान से चामड तक सी.सी. रोड | 7.63 | 266 | 2 माह |
| 12 | बडपुरा (बालाजी कालोनी) मे भगवत के मकान से जयप्रकाश के मकान तक नाली/सी.सी. रोड | 9.78 | 266 | 2 माह |
| 13 | बडपुरा (बालाजी कालोनी) मे सन्दीप के मकान से महेश के मकान तक नाली/सी.सी. रोड | 9.95 | 266 | 2 माह |
| 14 | बडपुरा मे सन्दीप के मकान से सुभाष के मकान तक नाली/सी.सी. रोड | 9.42 | 266 | 2 माह |
| 15 | ग्राम चिटेहरा मे कालू/बालू के मकान से पप्पू के मकान तक नाली/सी.सी. रोड | 9.87 | 266 | 2 माह |
| 16 | ग्राम चिटेहरा मे तालाब से बिनोद के मकान तक नाली/सी.सी. रोड | 6.90 | 266 | 2 माह |
| 17 | ग्राम चिटेहरा मे हंसराज से मन्दिर तक नाली/सी.सी. रोड लगभग | 9.92 | 266 | 2 माह |
| 18 | ग्राम छोलस मे गुलजार के मकान से हैदर के मकान तक नाली/सी०सी० | 7.12 | 266 | 2 माह |
| 19 | ग्राम छोलस मे चॉद के मकान से गफ्फार के मकान तक नाली/सी.सी. रोड | 9.90 | 266 | 2 माह |
| 20 | ग्राम चिटेहरा के ग्राम सारिका विहार मे मेन रास्ते से बब्बल के मकान तक नाली/सी.सी. रो | 9.97 | 266 | 2 माह |
| 21 | ग्राम शाहपुर खुर्द मे रामभूल के मकान से विनोद के मकान तक सी.सी. रोड | 9.24 | 266 | 2 माह |
| 22 | फूलपुर मे प्रमोद कुमार के मकान से ओमवीर पुत्र सूरज सिंह के मकान तक सी.सी. | 7.63 | 266 | 2 माह |
| 23 | ग्राम भोगपुर मे मेन रास्ते से महेन्द्र के मकान तक सी.सी. रोउ | 9.90 | 266 | 2 माह |
| 24 | ग्राम भोगपुर मे शिवलाल के मकान से देवेन्द्र के मकान तक सी.सी. रोड | 9.94 | 266 | 2 माह |
| 25 | ग्राम मुठियानी मे मेन रोड से महावीर के मकान तक नाली/सी.सी. रोड | 4.15 | 266 | 2 माह |
| 26 | ग्नम दादूपुर मे निर्मल के मकान से रामवीर सिंह के मकान तक नाली/सी.सी. रोड | 9.20 | 266 | 2 माह |
| 27 | ग्राम आनन्दपुर मे बाबू के मकान से दयाराम के मकान तक सी.सी. रोड | 9.90 | 266 | 2 माह |

**नियम व शर्तेः-**

1-निविदा खेले जाने की तिथि को राजकीय अवकाश होने की दशा मे निविदा आगमी कार्य दिवस मे खोली जायेगी।
2-सशर्त निविदाये मान्य नहीं होगी, ऐसी निविदाएँ स्वतः ही निरस्त समझी जायेगी।
3-निविदादाता निविदा के साथ पैन कार्ड/जी.एस.टी./ कॉन्ट्रेक्टर रजिस्ट्रेशन की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4- प्रत्येक निविदा के साथ कार्य की लागत का 02 प्रतिशत जमानत राशि नकद /एफ.डी.आर. जो खण्ड विकास अधिकारी दादरी के नाम बन्धक हो जमा करना आवश्यक होगा तथा शेष 08 प्रतिशत जमानत राशि चयनित फर्म को अनुबन्ध के समय एन.एस.सी./एफ.डी.आर. जो खण्ड विकास अधिकारी दादरी के नाम बन्धक हो जमा करनी होगी।
5-इच्छुक निविदादाता निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क जमा कर किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालय, खण्ड विकास दादरी गौतमबुद्धनगर से प्राप्त कर सकते है।
6- चयनित निविदादाताओं से नियमानुसार आयकर / जी.एस.टी. (टीडीएस) एवं लेबर सैस की कटौती की जायेगी।
7- चयनित फर्म को धनराशि की उपलब्धता के अनुसार ही कार्य आदेश जारी किये जायेगे।
8-शेष नियम व शर्ते लागू रहेगीं, जिन्हे चयनित फर्म को स्वीकार करना अनिवार्य होगा।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**दादरी गौतमबुद्धनगर।**

# सीसीटीवी फुटेज से पकड़ेगें रेलवे ट्रैक पर पत्थर रखने वालों को

### 8:53 पर गुजरी थी गतिमान एक्सप्रेस, 9:15 पर कर्नाटक संपर्क क्रांति के सामने मिला था पत्थर

कोसीकलां। दिल्ली–आगरा रेलवे ट्रैक पर होडल अनाज मंडी के समीप के समीप गेट संख्या 555 पर पत्थर रखकर कर्नाटक संपर्क क्रांति एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश रचने के मामले की जांच तेज हो गई है। घटना के बाद जीआरपी की जांच टीम आरोपियों की पहचान के लिए सबूत एकत्रित करती रही। जांच में सामने आया कि रविवार सुबह 8 बजकर 53 मिनट पर अप लाइन से गतिमान एक्सप्रेस क्रॉस हुई। वहीं, 9 बजकर 15 मिनट पर दिल्ली से आगरा की ओर जा रही कर्नाटक संपर्क क्रांति एक्सप्रेस के सामने ट्रैक पर बीस किलो का पत्थर मिला। पुलिस टीम दोनों ट्रेनों के बीच के 22 मिनट के समय में सड़क मार्ग से गुजरने वाले लोगों की पहचान करने में जुटी हुई है। जबकि जांच में जुटे लोग इस घटना को आसपास के गांवों के किसानों की हरकत मान रहे हैं।

आरपीएफ के अलावा रेलवे को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पत्र लिखा है। जीआरपी फरीदाबाद डीएसपी राजेश चौची ने इस मामले में पुलिस जांच अधिकारियों को सीसीटीवी कैमरे चौक करने निर्देश दिए गए हैं।

सूत्रो ने बताया कि जांच टीम से उन्हें रिपोर्ट मिली कि लगातार लोग यहां से गुजर रहे थे। इस दौरान लोगों ने रेलवे ट्रैक से बाइक को निकालने के लिए ट्रैक पर 20 किलो का पत्थर लगा दिया, लेकिन उन्होंने पत्थर को नहीं हटाया।

**शाह टाइम्स**


स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# भारतीय क्रिकेटरों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में वीरता के लिए सशस्त्र बलों की सराहना की



**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट बिरादरी ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाये जाने पर 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए बुधवार को देशभक्ति की भावना से एकजुट होकर देश के सशस्त्र बलों के प्रति अटूट समर्थन व्यक्त किया है। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया कि धर्मो रक्षति रक्षता जय हिंद की सेना 'ऑपरेशन सिंदूर'।

स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने इंस्टाग्राम पर ऑपरेशन सिंदूर की तस्वीर साझा की। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सेना की सराहना की। उन्होंने एक्स पर 'जय हिंद (भारत की जीत)' लिखा और ऑपरेशन सिंदूर की तस्वीर साझा की। पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा और प्रज्ञान ओझा भारतीय सशस्त्र बलों की सार्वजनिक रूप से प्रशंसा करने वालों सबसे आगे थे। उनमें से प्रत्येक ने सोशल मीडिया पर देशभक्ति संदेश साझा किए, सभी ने 'जय हिंद' लिखा।

## केकेआर ने दिया सीएसके को 180 रनों का लक्ष्य

- **कोलकाता नाइटराइडर्स के अजिंक्य रहाणे ने 48 रन बनाए सीएसके के नूर को 4 विकेट**

**कोलकाता, वार्ता।** कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) ने आईपीएल के 57वें मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) को 180 रन का टारगेट दिया है। टीम ने ईडन गार्डन्स स्टेडियम में टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 179 रन बना लिए हैं। मनीष पांडेय 36 रन बनाकर नाबाद लौटे। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 48, आंद्रे रसेल ने 38 और सुनील नरेन ने 26 रन बनाए हैं। नूर अहमद ने 4 विकेट झटके।

रवींद्र जडेजा और अंशुल कंबोज को एक-एक विकेट मिला। मथीशा पथिराना ने पारी के आखिरी ओवर में 6 रन खर्च किए। इन रनों के सहारे कोलकाता ने 20 ओवर में 179 रन का स्कोर बनाया। 19वें ओवर में कोलकाता ने छठा विकेट गंवाया। यहां रिंकू सिंह 9 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें नूर अहमद ने आयुष म्हात्रे के हाथों कैच कराया। 17वें ओवर में कोलकाता ने 5वां विकेट गंवाया। यहां आंद्रे रसेल 38 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें नूर अहमद ने डेवाल्ड ब्रेविस के हाथों कैच कराया। एमएस धोनी के आईपीएल में 200 डिसमिसल्स हो गए हैं। वे ऐसा करने वाले पहले विकेटकीपर बने हैं। उनके बतौर विकेटकीपर 153 कैच और 47 स्टंपिंग हो गई हैं। 12वें ओवर में कोलकाता ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। अश्विन के ओवर की आखिरी बाल पर मनीष पांडेय ने दो रन लेकर टीम स्कोर 100 पार पहुंचाया। नूर अहमद ने 8वें ओवर में दो विकेट झटके। उन्होंने ओवर की पहली बाल पर सुनील नरेन और चौथी बाल पर अंगख्रष रघुवंशी को पवेलियन की राह दिखाई। कोलकाता ने पावरप्ले में 67 रन बनाए, नरेन-रहाणे की फिफ्टी पार्टनरशिप टॉस जीतकर बैटिंग कर रही कोलकाता की टीम ने अच्छी शुरुआत की है। टीम ने पहला विकेट गंवाने के बाद पावरप्ले में 67 रन बना लिए, हालांकि गुरबाज का विकेट भी गंवाया। लेकिन रहाणे-नरेन ने फिफ्टी पार्टनरशिप करके टीम को शुरुआती झटके से उबारा। पारी के 5वें ओवर में कोलकाता ने 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया है।



## धर्मशाला में होने वाले आईपीएल मैच के स्थान में हो सकता है बदलाव

**सीमावर्ती राज्यों के हवाई अड्डें बंद करने को लेकर जताई जा रही ऐसी आशंका**

**धर्मशाला, वार्ता।** भारतीय सशस्त्र सेनाओं के पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के नौ आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाये जाने के बाद सीमावर्ती राज्यों के हवाई अढे बंद करने को लेकर ऐसी आशंका जतायी जा रही है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) एतिहायती तौर पर धर्मशाला में पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच होने वाले मैच का स्थान बदलवा कर सकती है। पंजाब किंग्स की ओर से यूनीवार्ता को बताया गया कि अभी तक बीसीसीआई की ओर से मुम्बई इंडियंस के साथ 11 मई को धर्मशाला में होने वाले मैच के स्थान के बदलाव के बारे में आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं दी है। भारतीय सेनाओं की ओर से चलाये गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद से दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए ही जम्मू-कश्मीर और लद्दाख से लेकर पंजाब, हिमाचल प्रदेश के हवाई अढे बंद किये जाने पर ऐसा माना जा रहा है कि धर्मशाला में होने वाले मैच को कई अन्यत्र स्थानांतरित किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच 11 मई को मैच होना है।

## IPL आचार संहिता उल्लंघन के लिए पांड्या, नेहरा पर लगा जुर्माना



**मुंबई, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 56 मैच के दौरान धीमे ओवर रेट के लिए मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या और उनकी पूरी टीम तथा गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा पर आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। मंगलवार रात वानखेड़े स्टेडियम में मुम्बई इंडियंस और गुजरात टाइटन्स के बीच खेले गए मैच में धीमी ओवर गति के लिए हार्दिक पांड्या पर जुर्माना लगाया गया है। चूंकि आईपीएल की न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित आचार संहिता के तहत उनकी टीम का सीजन का दूसरा अपराध है इसलिए पांड्या पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। इम्पैक्ट प्लेयर और कन्कशन सब्सटीट्यूट सहित मैच खेल रही टीम के सभी सदस्यों पर व्यक्तिगत रूप से छह लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत, जो भी कम हो, जुर्माना लगाया गया। वहीं गुजरात टाइटन्स के मुख्य कोच आशीष नेहरा पर आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।




## निशानेबाजी में वेदांत उर्वा ने जीते स्वर्ण पदक

- **वेदांत ने 452.5 अंकों के साथ स्वर्ण जीतकर देश का नाम रोशन किया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 की निशानेबाजी प्रतियोगिता के तीसरे दिन बुधवार को महाराष्ट्र के वेदांत नितिन ने 50 मीटर थ्री पोजीशंस राइफल (पुरुष युवा वर्ग) में और उत्तर प्रदेश की उर्वा चौधरी ने 10 मीटर एयर पिस्टल (महिला युवा वर्ग) में स्वर्ण पदक जीते।

यहां कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर वेदांत ने 452-5 अंकों के साथ स्वर्ण, हरियाणा के रोहित कन्यन ने 451-9 अंकों के साथ रजत और पंजाब के अमितोज सिंह ने 440-1 अंकों के साथ कांस्य पदक हासिल किया। उत्तर प्रदेश की उर्वा चौधरी ने 10 मीटर एयर पिस्टल (महिला युवा वर्ग) में शानदार प्रदर्शन करते हुए 237.7 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। स्वर्ण पदक जीतने के बाद वेदांत ने कहा कि मैं पिछली खेलो इंडिया प्रतियोगिता में एक बार पांचवें स्थान पर था, इसलिए इस बार थोड़ा नर्वस था, लेकिन अब जब मैंने स्वर्ण पदक जीता है, तो यह बहुत खास है। मैं 2022 से खेलो इंडिया से जुड़ा हूं और सरकार की आर्थिक सहायता से चीजें काफी आसान हो गई हैं। मैंने पहले भी भाग लिया है, लेकिन इस बार बिहार सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाएं सराहनीय हैं।

### खेल विशेष

## द. अफ्रीका को हराकर भारतीय महिला टीम त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में

**कोलंबो, वार्ता।** जेमिमाह रॉड्रिग्स (123) की शतकीय, दीप्ति शर्मा (93) और स्मृति मंधाना (51) की अर्द्धशतकीय पारियों के बाद अमनजोत कौर की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय महिला टीम ने बुधवार को त्रिकोणीय श्रृंखला के पांचवें मुकाबले में द. अफ्रीका की महिला टीम को 23 रनों से हरा दिया है। तीन हार के साथ दक्षिण अफ्रीका त्रिकोणीय श्रृंखला से बाहर हो गई। भारत रविवार को फाइनल मुकाबले में श्रीलंका से भिड़ेगा। 338 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी द. अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसने अपना पहला विकेट लारा गुडॉल (चार)रन का विकेट गवां दिया। इसके बाद मियान स्मिट ने तेजमिन ब्रिट्स के साथ दूसरे विकेट के लिए 63 रन जोड़े। 15वें ओवर में अमनजोत कौर ने तेजमिन ब्रिट्स (26) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। मियान स्मिट (39) को दीप्ति शर्मा ने आउट किया। नोंडुमिसो शंघासे (36) के रूप में द. अफ्रीका का चौथा विकेट गिरा। सिनालो जाफ्टा (21) रन बनाकर आउट हुई। एन डर्कसन ने 80 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए (81) रन बनाये। कप्तान क्लोई ट्राइऑन 43 गेंदों में (67) रन को दीप्ति शर्मा ने बोल्ड कर द. अफ्रीका के मैच जीतने की उम्मीदों को ध्वस्त कर दिया। 48 ओवर के बाद कम रोशनी को लेकर अंपायर हरमनप्रीत कौर और बल्लेबाजों से बात की। और खराब रोशनी के कारण मैच रुक गया है। रोशनी में सुधार के बाद मैच फिर से शुरु हुआ। लेकिन द.अफ्रीका की टीम निर्धारित 50 ओवरों में 7 विकेट पर 314 रन ही बना सकी।




## पेट्रा ने इटालियन ओपन में पहली जीत दर्ज की

- **क्वितोवा ने रोमानिया की इरिना को 7-5 और 6-1 से हराया**

**रोम, वार्ता।** दो बार की विंबलडन चैंपियन और चेक गणराज्य की टेनिस खिलाड़ी पेट्रा क्वितोवा ने अपने पहले बच्चे के जन्म के बाद इटालियन ओपन मुकाबले में पहली जीत दर्ज की है। रोम में इटालियन ओपन के पहले दौर में चेक गणराज्य की खिलाड़ी क्वितोवा ने रोमानिया की इरिना-कैमेलिया बेगू पर सीधे सेट 7-5, 6-1 से जीत दर्ज की।

पेट्रा क्वितोवा ने महिला टेनिस संघ (डब्ल्यूटीए) को मैच के बाद कहा कि मुझे 95 प्रतिशत लग रहा था कि मैं कोर्ट में कभी वापस नहीं लौट पायेगी। उस समय मैं टेनिस से ऊब चुकी थी। मैं सोच रही थी 'मैं अब और नहीं खेल सकती' इसलिए हमने बच्चे के लिए प्रयास करने का फैसला किया। क्वितोवा टूर्नामेंट के दूसरे दौर में ट्यूनीशिया की विश्व नंबर 36 की ओन्स जबूर से भिड़ेगी। दूसरे मैच में, ब्रिटेन की सोनय कार्टल ने दो घंटे 10 मिनट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बिरेल को 4-6, 6-3, 6-4 से हराया।

## मिशेल ओवेन को चोटिल मैक्सवेल की जगह पंजाब टीम में मिली जगह



**मुझे लगता है कि हम सभी इस सत्र के अंतिम चरण के लिए ओवेन को लेकर खुश है: रिकी पोंटिंग**

**धर्मशाला, वार्ता।** चोटिल ग्लेन मैक्सवेल की जगह ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मिशेल ओवेन को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के शेष सत्र के लिए पंजाब किंग्स की टीम में शामिल किया गया है।

पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने 23 वर्षीय ओवेन का टीम में स्वागत करते हुए कहा कि मुझे लगता है कि हम सभी इस सत्र के अंतिम चरण के लिए मिशेल ओवेन को अपनी टीम में शामिल करके बहुत खुश हैं। वह एक ऐसा खिलाड़ी है जिसे मैंने पिछले 12 महीनों में बहुत करीब से देखा है।

वह ऐसा खिलाड़ी है जो अलग-अलग क्रम पर बल्लेबाजी कर सकता है और साथ ही कुछ बहुत ही उपयोगी मध्यम गति की गेंदबाजी भी कर सकता है। मैं उसे टीम का हिस्सा बनाकर वास्तव में उत्साहित हूं और जल्द से जल्द उसके यहां आने का इंतजार कर रहा हूं। तीन करोड़ रुपये में पंजाब किंग्स में शामिल हुए ओवेन ने 34 टी-20 मैचों में कुल 646 रन बनाए हैं और 10 विकेट लिए हैं। उनके नाम दो शतक भी हैं, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 108 है।

## रोहित ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया

**भारत के लिए अब केवल रोहित शर्मा एकदिवसीय में जारी रखेंगे खेलना**



**नई दिल्ली, वार्ता।** टीम इंडिया के नियमित कप्तान रोहित शर्मा ने तत्काल प्रभाव से टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। इससे अब सबसे लंबे प्रारूप में उनके भविष्य को लेकर चल रहीं अटकलों पर विराम लग गया है। रोहित टेस्ट प्रारूप में भारत के सबसे सफल बल्लेबाज हैं, जिन्होंने 67 टेस्ट मुकाबलों में 12 शतकों और 18 अर्धशतकों की मदद से 40.57 के औसत से 4301 रन बनाए। रोहित ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान अपने सोशल मीडिया हैंडल से किया। उन्होंने इंस्टा स्टोरी पर अपनी टेस्ट कैप की तस्वीर साझा की और कैप्शन में लिखा कि मैं आप सभी साथियों को बताना चाहता हूं कि मैं टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले रहा हूं। इस प्रारूप में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए बहुत गर्व की बात है। आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं वनडे में भारत के लिए खेलना जारी रखूंगा। भारत को टी-20 विश्व कप 2024 का खिताब जिताने के बाद रोहित शर्मा ने विराट कोहली के साथ इस प्रारूप से संन्यास का ऐलान कर दिया था। भारत ने यह खिताब दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर अपने नाम किया था। भारतीय टीम को दूसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब दिलाने के बाद दोनों दिग्गजों ने टी-20 से संन्यास लेकर सभी को चौंका दिया था। अब 38 वर्षीय बल्लेबाज ने क्रिकेट से लंबे प्रारूप से संन्यास की घोषणा कर दी है। अब वह सिर्फ वनडे में भारत का नेतृत्व करते नजर आएंगे। रोहित के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद यह साफ हो गया है कि इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टीम को नया टेस्ट कप्तान मिलेगा। इस दौड़ में बुमराह, केएल राहुल, शुभमन गिल और ऋषभ पंत सबसे आगे चल रहे हैं। इस सीरीज की शुरुआत जून में होगी। रोहित 2024-25 सीजन के दौरान खराब दौर से गुजरे। उन्होंने 15 मैचों में 10.83 के औसत से 164 रन बनाए। रोहित बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज के दौरान खराब फॉर्म में थे। इसके बाद वह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले मैच में अपने बेटे के जन्म के कारण नहीं खेले थे। एडिलेड में हुए दूसरे टेस्ट के दौरान जब रोहित वापस आए तो उन्होंने ओपनिंग नहीं की और यशस्वी जायसवाल तथा केएल राहुल को पारी का आगाज करने भेजा। रोहित की अनुपस्थिति में पहले टेस्ट में यशस्वी और राहुल की जोड़ी ने 201 रनों की साझेदारी की थी। रोहित छठे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे, लेकिन संघर्ष करते दिखे। ब्रिसबेन में खेले गए तीसरे टेस्ट में उन्होंने महज 10 रन बनाए। इसके बाद रोहित ने शीर्ष क्रम में वापसी की, लेकिन वहां भी असफल रहे।

## मार्केज ने जून में प्रशिक्षण लेने वाले 28 सदस्यीय भारतीय फुटबॉल टीम की घोषणा की

- **भारत क्वालीफायर के ग्रुप-सी में बांग्लादेश हांगकांग चीन और सिंगापुर के साथ है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच मनोलो मार्केज ने एएफसी एशियाई कप 2027 क्वालीफायर को लेकर बुधवार को आगामी 18 मई से कोलकाता में शुरु होने वाले प्रशिक्षण शिविर के लिए 28 सदस्यीय संभावित दल की घोषणा की। भारत एएफसी एशियाई कप 2027 के अंतिम दौर के क्वालीफायर के ग्रुप सी में बंगलादेश, हांगकांग चीन और सिंगापुर के साथ है। भारतीय टीम की अगली बड़ी चुनौती 10 जून को काई टेक स्पोर्ट्स पार्क में हांगकांग, चीन के साथ होने वाले मैचों को लेकर है। हांगकांग के खिलाफ एशियाई कप क्वालीफायर की तैयारी के हिस्से के रूप में भारतीय टीम का कोलकाता में 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर होगा। भारतीय टीम चार जून को थाईलैंड के खिलाफ फीफा अंतर्राष्ट्रीय मैत्रीपूर्ण मैच खेलने के लिए बैंकॉक रवाना होगी। इसके बाद टीम एशियाई कप क्वालीफायर के लिए हांगकांग जाएगी।

# सम्पादकीय

गुरुवार, 8 मई 2025

## पाकिस्तान को सबक

पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना ने पीओके और पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों के नौ ठिकानों को नष्ट कर पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश दे दिया है। पाक को भारतीय सेना की इस कार्रवाई से सबक सीखना होगा, क्योंकि पाकिस्तान आए दिन आतंकियों को प्रशिक्षण देकर भारत में भेजता रहा है, जिससे भारत के लोगों की जान जा चुकी है। यह पहला मौका नहीं है जब भारत ने ऐसी कार्रवाई की है। इससे पहले भी भारत ने कार्रवाई करके पाकिस्तान को सीख दी थी, लेकिन पाकिस्तान नहीं माना और 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी भेजकर निर्दोष लोगों की जान ले ली। आज पूरे भारत में सेना की इस कार्रवाई की सराहना हो रही है। देश के सभी धर्मों के लोग जश्न मना रहे हैं। हिन्दू, सिख, मुस्लिम और ईसाई सभी सेना की इस कार्रवाई की प्रशंसा कर रहे हैं। देर रात से ही देश में जश्न मनााया जा रहा है। इससे पहले भी 26 फरवरी 2019 को भारतीय वायु सेना के 12 मिराज 2000 जेट्स ने नियंत्रण रेखा पार की और बालाकोट में जैश-ए-मोहम्मद संचालित आतंकवादी शिविर पर हमला किया। भारतीय मीडिया ने बताया कि इस ऑपरेशन के दौरान लगभग 200 - 300 आतंकवादी मारे गए। भारतीय सेना ने 28 सितंबर 2016 को भी पाक में सर्जिकल स्ट्राइक कर दी थी। सरहद पार सेना ने 38 आतंकवादी और 2 पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया था। इसी तरह से 14 फरवरी, 2019 को पुलवामा अटैक हुआ था। 12 दिन के बाद भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के बालाकोट में एयर स्ट्राइक कर दी थी। इतना सबकुछ होने के बाद भी पाकिस्तान में आतंकी प्रशिक्षण शिविर चालू रहे और भारत को अस्थिर करने के लिए नापाक हरकतें करता रहा, लेकिन अब बहुत हो चुका। पाकिस्तान को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। भारतीय सेना ने जिस तरह 6-7 मई की रात ऑपरेशन सिंदूर चलाकर लगभग सौ आतंकियों को मार गिराया और उनके प्रशिक्षण केंद्रों को तहस-नहस कर दिया, उससे साफ है कि भारत अब आतंकवाद के खात्मे को किसी हद तक जा सकता है। यहां सेना की सराहना करनी होगी कि उसने सिर्फ आतंकवादियों के नेटवर्क को ही निशाना बनाया। किसी भी नागरिक को कोई हानि नहीं होने दी। आज हमारी सेना दुनियां की पांचवीं सबसे बड़ी सेना है। इसके बावजदू पाकिस्तान की समझ में नहीं आया कि वह आतंकी गतिविधियों को रोके और अपनी सरजमीं का इसके लिए इस्तेमाल न होने दे। अगर पास्तिान यह सबकुछ करता, तो आज तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था होता, लेकिन कहावत कि लातों केभूत बातों से नहीं मानते। यही भाषा पास्तिान को समझ में आती है, जिसके कारण उसे नुकसान उठाना पड़ता है। आतंकवाद केवल भारत की समस्या नहीं है, बल्कि यह पूरे विश्व के लिए चुनौती है। अगर कोई देश आतंकवाद का सुरक्षित ठिकाना बन गया हो, आतंकवादियों का शरणगाह बन गया हो, तो निश्चित तौर पर ऐसे ठिकानों को नष्ट करना मानवता का पहला कर्तव्य है। पूरी दुनिया एक स्वर में आतंकवाद के चारागाहों, शरणगाहों को खत्म करने की आवाज उठ रही है।

## जांबाज सैनिकों को सलाम



हम अपने सशस्त्र बलों पर गर्व करते हैं, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के आतंकी ठिकानों पर साहसिक और निर्णायक कार्रवाई करते हुए मुहंतोड़ जवाब दिया है, हम अपने जांबाज सैनिकों के साहस, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रभक्ति को सलाम करते हैं, पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के दिन से ही कांग्रेस ने साफतौर पर सशस्त्र बलों और सरकार के साथ एकजुटता से खड़े होकर सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ हर निर्णायक कार्रवाई का समर्थन किया था, कांग्रेस देश के वीर जवानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

**मल्लिकार्जुन खड़गे**
**कांग्रेस अध्यक्ष**

# इन्हें अपराध से नहीं बल्कि अपराधी के धर्म से नफरत है

**2018 में कश्मीर में आठ साल की मासूम बच्ची असिफा के साथ सामूहिक बलात्कार और हत्या की घटना को अंजाम दिया गया था और कई दिनों तक मंदिर परिसर के एक कमरे में मंदिर के पुजारी सहित अनक लोगों ने उसका बलात्कार करने के बाद उसका शव झाड़ियों में फेंक दिया गया था**



**निर्मल रानी**




उत्तरांचल का व्यस्त पर्यटक स्थल नैनीताल पिछले दिनों साम्प्रदायिकतावादियों के निशाने पर आ गया। ख़बरों के अनुसार 12 अप्रैल को नैनीताल में एक 12 वर्षीय नाबालिग़ लड़की के साथ उस्मान नामक एक वृद्ध आयु के आरोपी द्वारा कथित तौर पर बलात्कार किया गया। पीड़िता की मां द्वारा घटना की रिपोर्ट 30 अप्रैल को मल्लीताल थाने में दर्ज कराई गई। आरोप है कि आरोपी उस्मान स्कूल से आते समय बालिका को बहला फुसलाकर कार में बिठाकर ले गया और उसने कार में ही बच्ची के साथ दरिन्दिगी की। पुलिस द्वारा आरोपी को फ़ौरन गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। परन्तु प्राथमिकी दर्ज होते ही थाने में ही हिंदूवादी संगठनों की भीड़ इकट्ठी होनी शुरू हो गई। और उसी दिन देर रात से लेकर अगले दिन 1 मई तक इस घटना के विरुद्ध जो भीड़ द्वारा जो तांडव किया गया। उसकी तो कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। उस्मान की दरिन्दिगी का बदला उसके समुदाय के लोगों से लिया जाने लगा। चुन चुनकर मुसलमानों के घरों व दुकानों में आग लगाई जाने लगी। अनेक मस्जिदें तोड़ी गईं व कई आग के हवाले कर दी गईं। सड़कों पर जुलूस निकालकर समुदाय विशेष के विरुद्ध नारेबाज़ी की गई।

इस घटना का एक अत्यंत सम्प्रदायिकतापूर्ण दुखद पहलू यह भी रहा कि जब हालात को नियंत्रित करने के लिए मल्लीताल थाने में तैनात उत्तराखंड पुलिस के वरिष्ठ सब इंस्पेक्टर मोहम्मद आसिफ़ ख़ान जो डयूटी पर तैनात थे, जब वहां पहुंचे तो उन्मादी भीड़ ने उन्हें भी घेर लिया। उनके साथ धक्का-मुक्की की और वर्दी का कॉलर पकड़ कर खींचने की कोशिश की। वे भी वहां प्रदर्शनकारियों की उग्रता का शिकार हो गए। उग्र भीड़ में कुछ लोग उनका नाम पूछते हुए अभद्रता धक्का-मुक्की करते देखे गए। भीड़ ने केवल धार्मिक आधार पर उन पर निशाना साधा और उन्हें कोतवाली के अंदर तक घसीट ले गए और कोतवाली में भी हंगामा करते रहे। इस घटना का वीडीओ भी सोशल मीडिया पसर शेयर हुआ और ख़ूब वायरल हुआ। इस घटना का दूसरा प्रभाव यह हुआ कि जो नैनीताल शांति व प्रकृतिक सौंदर्य के लिए मशहूर था वह भी साम्प्रदायिकता व अचानक साम्प्रदायिक उपद्रव के नाम से कलंकित हो गया। इतना ही नहीं करोड़ों रूपये का पर्यटन प्रभावित हुआ। और ख़बर तो यह है कि अगले महीने यानी जून तक की बुकिंग अनेक पर्यटकों द्वारा रद्द करा दी गई। एक ओर तो उपद्रवियों द्वारा एक व्यक्ति की दरिन्दिगी के चलते द्वारा उसके धर्म के लोगों के विरुद्ध जमकर फ़साद किया गया तो दूसरी तरफ़ इसी समाज के लोगों द्वारा उस्मान के विरुद्ध कई कड़े फ़ैसले लिए गए। नैनीताल के मुस्लिम संगठन अंजुमन-ए-इस्लामिया द्वारा उस्मान को मुस्लिम समाज से बहिष्कृत करने का फ़ैसला लिया गया और उसके मस्जिद में प्रवेश पर रोक लगा दी गई। साथ ही पीड़िता के इलाज से लेकर उसकी शिक्षा तक का पूरा ख़र्च उठाने की घोषणा की गई। अंजुमन ने यथाशीघ्र आरोपी को सख्त से सख्त सज़ा दिलाने की मांग की तथा इस घृणित कार्य की घोर निंदा की व इसे अमानवीय कृत्य बताया। परन्तु इस साम्प्रदायिक उपद्रव ने वही सवाल एक बार फिर खड़ा कर दिया कि क्या किसी एक व्यक्ति के अपराध की सज़ा उसके पूरे धर्म व उसके धर्मस्थलों को दी जा सकती है? और दूसरा यह भी कि बलात्कार जैसे अपराध पर उपद्रवियों का गुस्सा क्या किसी अन्य समाज से जुड़े आरोपियों पर भी कभी उतरते देखा गया? और तीसरा यह भी कि आख़िर वह कौन लोग हैं जो समय समय पर बलात्कारियों व हत्यारों के पक्ष में दिखाई देते हैं? याद कीजिए, इसी उत्तरांचल राज्य में सितम्बर 2022 में 19 वर्षीय अंकिता की हत्या एक रिज़ॉर्ट संचालक और भाजपा नेता व पूर्व राज्यमंत्री विनोद आर्य के बेटे पुलकित आर्य, रिज़ॉर्ट मैनेजर सौरभ भास्कर और एक अन्य रिसोर्ट कर्मी अंकित द्वारा कर दी गई थी। अंकिता विनोद आर्य के स्वामित्व वाले वंतरा रिज़ॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट की नौकरी कर रही थी। पुलिस के अनुसार अंकिता को रिसोर्ट के 'विशेष' मेहमानों के साथ 'अनैतिक कार्य' करने के लिए मजबूर किया जा रहा था और जब अंकिता ने इस बारे में मना किया व इस घटना को दूसरों को बताने की बात कही तो उसकी हत्या कर दी गई। हत्या के बाद अंकिता का शव ऋषिकेश-हरिद्वार मार्ग पर चीला शक्ति नहर के पावर हाउस के पास बरामद किया गया है। उस समय हत्यारे पुलकित का भाई अंकित भी उत्तराखंड में अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग का उपाध्यक्ष था। यह पूरा परिवार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ा है। अंकिता भी उत्तरांचल की ही बेटी थी और पौड़ी गढ़वाल के डोम श्रीकोट की रहने वालीं थीं। इस घटना के बाद न तो किसी भीड़ का खून खौला न कोई हिंदूवादी संगठन सड़कों पर उतरते नज़र आया? आख़िर क्यों? हां महिला अस्मिता के इन साम्प्रदायिकतावादी उपद्रवियों की भीड़ उस समय हत्यारों और बलात्कारियों के पक्ष में ज़रूर खड़ी दिखाई दी थी जब 2018 में कश्मीर में आठ साल की मासूम बच्ची असिफ़ा के साथ सामूहिक बलात्कार और हत्या की घटना अंजाम दी गई थी। और कई दिनों तक कई लोगों द्वारा मंदिर परिसर के एक कमरे में मंदिर के पुजारी सहित अनेक लोगों द्वारा उसका बलात्कार करने के बाद उसका शव झाड़ियों में फेंक दिया गया था। उस समय राज्य में भाजपा व पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की गठबंधन सरकार थी। पुलिस द्वारा आसिफ़ा की मौत व बलात्कार के सिलसिले में एक सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारी, चार पुलिस अधिकारियों और एक किशोर सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया था। मगर देश का इतिहास याद रखेगा कि इन आरोपियों की गिरफ्तारी ने साम्प्रदायिक रूप ले लिया। भाजपा सहित अनेक हिंदूवादी संगठन जम्मू में विरोध प्रदर्शन करने लगे। हिंदूवादी वकीलों द्वारा आरोप पत्र दायर करने के लिए पुलिस को अदालत में प्रवेश करने से रोकने की कोशिश की गई। यहां तक कि सरकार में शामिल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दो मंत्रियों व अनेक विधायकों ने आरोपियों के समर्थन में एक तिरंगा रैली निकाली। विश्व मीडिया में इस शर्मनाक घटना की खूब चर्चा हुई थी।

तो क्या अंकिता व आसिफ़ा की अस्मिता महिला अस्मिता नहीं थी। क्या बिल्क़ीस बानो की अस्मिता महिला अस्मिता का सवाल नहीं है। मणिपुर में नग्न परेड करा दी जाती है किसी का खून नहीं खोलता। आसाराम जैसे अनेक बलात्कारियों पर किसी का खून नहीं खोलता। हाथरस बलात्कार कांड में भी हत्यारों व बलात्कारियों के समर्थन में लोग जुट जाते हैं। यह आखिर कैसा देश और कैसा न्याय है जहां एक विशेष विचारधारा के लोगों को अपराध से नहीं बल्कि अपराधी के धर्म से नफरत है।

**( ये लेखक के निजी विचार है )**

# प्रतिरक्षा कोशिकाएं दर्द भी कम करती हैं




**साइंस पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में शोधकर्ता यह समझने की कोशिश कर रहे थे कि ट्रेग्स दर्द को कैसे प्रभावित करती हैं, उन्होंने मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी को ढंकने वाली सुरक्षा झिल्लियों में मौजूद ट्रेग्स पर ध्यान दिया, जहां ये कोशिकाएं सामान्य से कहीं ज्यादा पाई जाती हैं**

आमूमन प्रतिरक्षा कोशिकाएं शरीर को संक्रमण से बचाने का काम करती हैं, लेकिन रेग्युलेटरी टी कोशिकाओं (ट्रेग्स) का काम एक तरह से सामंजस्य की स्थिति बनाए रखना होता है। ये सूजन कम करती हैं, घाव भरने में मदद करती हैं और प्रतिरक्षा तंत्र को स्वयं अपने शरीर के विरुद्ध काम करने से रोकती हैं और अब, वैज्ञानिकों ने पाया है कि कुछ ट्रेग्स कोशिकाएं दर्द भी कम कर सकती हैं, हालांकि यह असर केवल मादा चूहों में देखा गया है।

साइंस पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में शोधकर्ता यह समझने की कोशिश कर रहे थे कि ट्रेग्स दर्द को कैसे प्रभावित करती हैं। उन्होंने मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी को ढंकने वाली सुरक्षा झिल्लियों (मेनिन्जेस) में मौजूद ट्रेग्स पर ध्यान दिया, जहां ये कोशिकाएं सामान्य से कहीं ज्यादा पाई जाती हैं।

परीक्षण के लिए उन्होंने ऐसे चूहे तैयार किए जिनमें इन खास ट्रेग्स को एक बैक्टीरिया विष के माध्यम से खत्म किया जा सकता था। जब मादा चूहों से ट्रेग्स हटाई गईं, तो उनकी यांत्रिक दर्द (जैसे दबाने या छूने से होने वाला दर्द) के प्रति संवेदनशीलता बढ़ गई। लेकिन नर चूहों में ऐसा कोई असर नहीं देखा गया। हालांकि ट्रेग्स ने गर्मी या ठंड से जुड़ी दर्द की संवेदनशीलता पर कोई असर नहीं डाला -न मादा में और न ही नर में।दिलचस्प बात यह है कि जब वैज्ञानिकों ने आईएल-2 नामक एक प्रोटीन के ज़रिए ट्रेग्स कोशिकाओं की संख्या बढ़ाई तो चोटिल मादा चूहों में दर्द पर प्रतिक्रिया बेहतर हो गई-यानी दर्द कम महसूस हुआ। लेकिन जब मादा हार्मोन (जैसे एस्ट्रोजन) को बाधित कर दिया गया अथवा अंडाशय को हटा दिया गया तो आईएल-2 का असर नहीं हुआ। इससे साफ है कि ट्रेग्स कोशिकाएं दर्द से राहत देने का अपना काम मादा हार्मोन, खास तौर पर एस्ट्रोजन, की मदद से करती हैं।इतना ही नहीं, ट्रेग्स कोशिकाएं दर्द कम करने के लिए सिर्फ सूजन रोकने के ज़रिए काम नहीं करतीं बल्कि सीधे तंत्रिका कोशिकाओं पर असर डालती हैं। ये एंकेफेलिन्स नामक प्राकृतिक दर्दनाशक अणु छोड़ती हैं, जो तंत्रिका कोशिकाओं के दर्दरोधी ग्राहियों को सक्रिय करके दर्द की तीव्रता कम कर देते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि महिलाओं और जेंडर पुष्टि देखभाल (जेंडर अफर्मिंग केयर) ले रहे लोगों के लिए दर्द की समस्या ज्यादा होती है। उनके संदर्भ में यह खोज महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। कई शोधकर्ता आत्म-प्रतिरक्षा रोगों के लिए ट्रेग कोशिकाओं की संख्या बढ़ाने पर कार्य कर रहे हैं। उसमें दर्द प्रबंधन के दृष्टिकोण को जोड़ना मददगार हो सकता है। अलबत्ता, इस राह में कई चुनौतियां हैं-मनुष्यों के मस्तिष्क और रीढ़ की झिल्ली तक ट्रेग्स को सही-सलामत पहुंचाना आसान नहीं होगा। लेकिन ऐसा लगता है कि आत्म-प्रतिरक्षा रोगों के इलाज में इस्तेमाल हो रहा प्रतिरक्षा-वृद्धि उपचार इस राह को आसान कर सकता है।

# आपदा के समय भरोसेमंद दोस्त 'रेडक्रॉस'




**8 मई 1828 को जन्मे डयूनेंट 1859 में हुई सालफिरोनो (इटली) की लड़ाई में घायल सैनिकों की दुर्दशा देख बहुत आहत हुए थे, क्योंकि युद्धभूमि में पड़े इन घायल सैनिकों के उपचार के लिए कोई चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध नहीं थी**

**योगेश कुमार गोयल**



रेडक्रॉस की स्थापना महान् मानवता प्रेमी जीन हेनरी डयूनेंट द्वारा की गई थी, इसीलिए उनके जन्मदिन के अवसर पर प्रतिवर्ष विश्वभर में 8 मई का दिन 'अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस' के रूप में मनाया जाता है और संस्था की गतिविधियों से आम आदमी को अवगत कराने के प्रयास किए जाते हैं। रेडक्रॉस की स्थापना वर्ष 1863 में हुई थी और अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस सोसायटी दुनिया के सभी देशों में रेडक्रॉस आन्दोलन का प्रसार करने के साथ-साथ रेडक्रॉस के आधारभूत सिद्धांतों के संरक्षक के रूप में भी कार्य कर रही है। 8 मई 1828 को जन्मे डयूनेंट 1859 में हुई सालफिरोनो (इटली) की लड़ाई में घायल सैनिकों की दुर्दशा देख बहुत आहत हुए थे क्योंकि युद्धभूमि में पड़े इन घायल सैनिकों के उपचार के लिए कोई चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध नहीं थी। युद्ध मैदान में घायल पड़े इन्हीं सैनिकों के दर्दनाक हालातों पर अपने कड़वे अनुभवों के आधार पर उन्होंने 'मेमोरी और सालफिरोनो' नामक एक पुस्तक भी लिखी और 1863 में रेडक्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति 'आईसीआरआई' का गठन किया। डयूनेंट के सतत प्रयासों की बदौलत ही 1864 में जेनेवा समझौते के तहत 'अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस मूवमेंट' की स्थापना हुई।

डयूनेंट ने इटली में युद्ध के दौरान रक्तपात का ऐसा भयानक मंजर देखा था, जब चिकित्सकीय सहायता के अभाव में युद्धक्षेत्र में अनेक घायल सैनिक हृदयविदारक कष्टों से तड़प रहे थे। ऐसे घायलों की सहायता के लिए उन्होंने स्थाई समितियों के निर्माण की आवश्यकता को लेकर आवाज बुलंद की, जिसका असर भी दिखा। युद्ध में आहतों की स्थिति के सुधार के साधनों का अध्ययन करने के लिए उसके बाद एक आयोग का गठन किया गया। 1863 में जेनेवा में एक अंतर्राष्ट्रीय बैठक में रेडक्रॉस के आधारभूत सिद्धांत निर्धारित किए गए तथा रेडक्रॉस आन्दोलन का विकास करते हुए आहत सैनिकों और युद्ध पीड़ितों की सहायता संगठित करने हेतु दुनियाभर के सभी देशों में राष्ट्रीय समितियां बनाने पर जोर दिया गया। नेपोलियन तृतीय के हस्तक्षेप के चलते अंतर्राष्ट्रीय समिति 'स्विस फेडरल काउंसिल' को 8 अगस्त 1864 को जेनेवा में सम्मेलन बुलाने के लिए राजी करने में सफल हुई, जिसमें 26 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस सम्मेलन के चलते जेनेवा अधिवेशन हुआ, जिसमें सुरक्षा के प्रतीक रेडक्रॉस वाले सफेद झंडे पर स्वीकृति की मोहर लगाई गई, जो आज समस्त विश्व में रेडक्रॉस का प्रतीक चिन्ह बना हुआ है। शुरुआती दौर में रेडक्रॉस की भूमिका युद्ध के दौरान बीमार और घायल सैनिकों, युद्ध करने वालों और युद्धबंदियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना तथा उन्हें उचित उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने तक ही सीमित थी किन्तु अब इस संस्था के दायित्वों का दायरा लगातार विस्तृत होता जा रहा है।

मानवीय सेवा को समर्पित रेडक्रॉस ने प्रथम तथा द्वितीय विश्वयुद्ध में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए अनेक घायल सैनिकों तथा नागरिकों की सहायता कर अनुकरणीय उदाहरण पेश किया था। दुनिया के किसी भी भाग में जब भूकम्प, बाढ़, भू-स्खलन या अन्य किसी भी प्रकार की प्राकृतिक अथवा मानवीय आपदा सामने आती है तो सबसे पहले 'अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस सोसायटी' की टीमें वहां पहुंचकर राहत कार्यों में जुट जाती हैं। शांति और सौहार्द के प्रतीक के रूप में जानी जाने वाली इस संस्था ने अपने कर्मठ, समर्पित और कर्त्तव्यनिष्ठ स्वयंसेवकों के माध्यम से न केवल भारत में बल्कि दुनियाभर में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। फिलहाल 190 से भी अधिक देशों में 'रेडक्रॉस' संस्था सक्रिय है। भारत में 'भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी अधिनियम' के तहत वर्ष 1920 में रेडक्रॉस सोसायटी का गठन हुआ था और स्थापना के नौ वर्ष बाद इसकी सराहनीय गतिविधियों को देखते हुए अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस सोसायटी ने 'भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी' को मान्यता प्रदान की।

भारत में रेडक्रॉस की स्थापना के शुरुआती वर्षों में देश में रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष भारत के उपराष्ट्रपति होते थे किन्तु वर्ष 1994 में रेडक्रॉस एक्ट में संशोधन करते हुए सोसायटी का पदेन अध्यक्ष महामहिम राष्ट्रपति को तथा सचिव केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री को बनाया गया। वर्तमान समय में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की देशभर में 750 से अधिक शाखाएं मानवता की सेवा में जी-जान से जुटी हैं। रेडक्रॉस एक ऐसी स्वयंसेवी संस्था है, जो देश के किसी भी हिस्से में प्राकृतिक अथवा मानवीय आपदा के शिकार लोगों को बचाने व राहत पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और इसमें शामिल होने वाले कर्मठ स्वयंसेवकों की संख्या निरन्तर बढ़ रही है। विश्वभर में रेडक्रॉस के करीब एक करोड़ सत्तर लाख स्वयं सेवक हैं। यही कारण है कि रेडक्रॉस दिवस को 'अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस' भी कहा जाता है। रेडक्रॉस लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करती है और अपनी विभिन्न शाखाओं के जरिये देशभर में जगह-जगह रक्तदान शिविर लगाकर प्रतिवर्ष बहुत बड़ी मात्रा में रक्त एकत्रित करती है। देश में रक्त एकत्रित करने तथा वही रक्त जरूरतमंद लोगों के लिए सही समय पर उपलब्ध कराने का कार्य यह संस्था कई दशकों से लगातार कर रही है। वास्तव में रक्त इकट्ठा करने वाली यह विश्व की एकमात्र सबसे बड़ी संस्था है, जिससे कैंसर, थैलेसीमिया, एनीमिया जैसी प्राणघातक बीमारियों से जूझ रहे हजारों लोगों की भी जान बचाई जाती हैं। रेडक्रॉस की पहल पर दुनिया का पहला ब्लड बैंक अमेरिका में 1937 में स्थापित हुआ था और वर्तमान में दुनियाभर के अधिकांश ब्लड बैंकों की देखरेख रेडक्रॉस तथा उसकी सहयोगी संस्थाओं द्वारा ही की जाती है। रेडक्रॉस देश के किसी भी भाग में मानवीय या प्राकृतिक आपदा के शिकार लोगों को बचाने तथा उन्हें राहत पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही है।

# दांत के सड़ने पर हो सकता है कैंसर का खतरा

दांतों में सड़न होने से सिर और गर्दन के पास स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा नामक कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि कैविटी के कारण दांत के अंदरूनी हिस्से से होते हुए गर्दन और सिर में गंभीर बीमारी हो सकती है। हालांकि कैविटी की वजह से सीधा कैंसर नहीं होता है। लेकिन इससे जो सूजन और संक्रमण फैलता है, वह धीरे-धीरे कैंसर का खतरा बढ़ाता है। इसलिए आपको इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि क्या दांत सड़ने से कैंसर का खतरा हो सकता है।

### क्रॉनिक सूजन...

वहीं जिस कैविटी से पानी बाहर नहीं निकल पाता है, तो वहां पर क्रॉनिक सूजन की वजह से साइटोकाइन रिलीज होता है। इसके आसपास के टिशू में क्षति हो सकती है। रिएक्टिव ऑक्सीजन स्पीसीज की वजह से सूजन अधिक बढ़ती है। जिसकी वजह से सेल्स में परिवर्तन होने के साथ दांत सड़ता है।

### ओरल इन्फेक्शन...

बैक्टीरिया टॉक्सिन, फ्यूसोबैक्टीरियम न्यूक्लियेटम और पोर्फिरोमोनस जिंजिवलिस जैसे बैक्टीरिया भी दांतों में मिलते हैं। इनमें टॉक्सिन सेल्स बढ़ता है।

### खराब ओरल हाइजीन...

इसके अलावा खराब ओरल हाइजीन भी एक रिस्क फैक्टर है, जोकि आमतौर पर बिना ट्रीटमेंट वाली कैविटी में मिलता है। इसको सिर और गर्दन के कैंसर का भी कारक माना गया है। वहीं खाब ओरल हाइजीन की वजह से तंबाकू और शराब जैसे कैंसरकारी कारकों के संपर्क में आने से भी मुंह में हानिकारक पदार्थों का जमाव हो सकता है।

### एचपीवी की भूमिका...

अगर मुंह के अंदर लंबे समय तक संक्रमण रहता है, तो इससे ह्यूमन पैपिलोमावायरस के संक्रमण का जोखिम बढ़ जाता है। यह गले के कैंसर से बहुत करीब से जुड़ा हुआ है।

### ल्यूकोप्लाकिया या मुंह का घाव

जब भी हम मुंह के कैविटी या फिर इंफेक्शन का इलाज नहीं कराते हैं, तो ल्यूकोप्लाकिया नामक कैंसर से पहले होने वाले घाव हो सकते हैं। जोकि बाद में गंभीर बीमारी में भी बदल सकते हैं।

### पोषक तत्वों की कमी...

बता दें कि कैविटी की वजह से खाने में दर्द और परेशानी होती है। जिससे हमारी शरीर में पोषक तत्वों की कमी हो सकती है।



## पहलगाम आतंकी हमले का भारत ने पाकिस्तान से किया हिसाब चुकता

# भारत की कार्रवाई से सहमा पाक

## दुनिया के देशों ने किया भारत का समर्थन

### आतंकवाद से लड़ाई में हम भारत के साथः ट्रम्प



**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** भारत ने जब पहलगाम का बदला लेने के लिए पाकिस्तान में आतंकवादी शिविरों पर बमबारी की, तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्हें पता था कि कुछ होने वाला है और उम्मीद जताई कि यह जल्दी खत्म हो जाएगा। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रम्प ने भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर पर टिप्पणी करते हुए कहा, यह शर्म की बात है, हमने इसके बारे में अभी सुना, ठीक उसी समय जब हम ओवल के दरवाज़े पर चल रहे थे। उन्होंने पहलगाम आतंकवादी हमले का संदर्भ में कहा, मैंने इसके बारे में अभी सुना, मुझे लगता है कि हम जानते थे कि कुछ होने वाला है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, वे (भारत-पाकिस्तान) लंबे समय से लड़ रहे हैं, वे कई, कई दशकों से लड़ रहे हैं। अब मैं बस यही उम्मीद करता हूं कि यह बहुत जल्दी खत्म हो जाए। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति ट्रम्प विश्व के पहले नेता थे जिन्होंने 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के तुरंत बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फोन करके उनसे बात की, तथा आतंकवादी हमले की निंदा की और मदद की पेशकश की। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों में हस्तक्षेप न करने का फैसला किया है, तथा दोनों पक्षों को आपस में मुद्दों को सुलझाने दिया है। इससे पहले, कल देर रात के बाद रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ढांचे को नष्ट करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जहां से भारत के खिलाफ आतंकवादी हमलों की योजना बनाई गई और निर्देशित किया गया। भारत ने कुल मिलाकर, नौ स्थानों को निशाना बनाया गया है। बयान में कहा गया है, हमारी कार्रवाई केंद्रित, मापी गई और गैर-उग्र प्रकृति की रही है। किसी भी पाकिस्तानी सैन्य सुविधा को निशाना नहीं बनाया गया है। भारत ने लक्ष्यों के चयन और हमलों के तरीके में काफी संयम बरता है। उन्होंने कहा कि भारत ने यह कदम पहलगाम में हुए नृशंस आतंकवादी हमले के मद्देनजर उठाए गए हैं, जिसमें आतंकवादियों ने 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की हत्या कर दी गई थी।

### इज़रायल भारत की आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन करता है



**नई दिल्ली।** इजरायल ने बुधवार को भारत के ऑपरेशन सिंदूर को अपना समर्थन देने की घोषणा की, जिसके तहत भारत ने पहलगाम आतंकवादी हमले का बदला लेने के लिए पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पीओके के नौ स्थलों पर आतंकवादी शिविरों पर हमला किया। भारत में इजरायल के राजदूत रूवेन अजार ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में अपने देश का समर्थन व्यक्त किया। हैशटैग ऑपरेशन सिंदूर के साथ उन्होंने लिखा, इजरायल भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन करता है। आतंकवादियों को ज्ञात होना चाहिए कि निर्दोषों लोगों के खिलाफ उनके जघन्य अपराधों से बचने के लिए उनके पास छिपने की कोई जगह नहीं है। राजदूत अजार की यह पोस्ट भारत के रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के कुछ घंटों बाद आई है। भारत के भारतीय सशस्त्र बलों ने कल देर रात पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादी ढांचे पर हमला करते हुए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया है।



### हम स्थिति पर नजर रखे हुएः मार्को रूबियो



**वाशिंगटन।** अमेरिका ने कहा है कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच उपजे हालातों पर बारीकी से नज़र रखे हुए है और उम्मीद करता है कि यह स्थिति जल्द ही समाप्त हो जाएगी। अमेरिका विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मार्को रुबियो ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि अमेरिका शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारतीय और पाकिस्तानी नेतृत्व दोनों के साथ बातचीत जारी रखेगा।

रुबियो ने कहा, मैं भारत और पाकिस्तान के बीच उपजे हालात पर बारीकी से नज़र रख रहा हूं। मैं आज पहले अमेरिकी राष्ट्रपति की टिप्पणियों से सहमत हूं कि उम्मीद है कि यह स्थिति जल्द ही समाप्त हो जाएगी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर पर टिप्पणी करते हुए कहा, यह शर्म की बात है। हमने इसके बारे में अभी सुना, ठीक उसी समय जब हम ओवल के दरवाज़े पर चल रहे थे। उन्होंने कहा, मैंने इसके बारे में अभी सुना, अतीत के कुछ अंशों के आधार पर मुझे लगता है कि हम जानते थे कि कुछ होने वाला है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने पहलगाम आतंकवादी हमले का संदर्भ देते हुए यह बात कही है। वे लंबे समय से लड़ रहे हैं, वे कई दशकों से लड़ रहे हैं अब मैं बस यही उम्मीद करता हूं कि यह बहुत जल्दी खत्म हो जाए, अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा। गौरतलब है कि राष्ट्रपति ट्रंप पहले विश्व नेता हैं जिन्होंने 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के तुरंत बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन करके उनसे बात की, और आतंकी हमले की निंदा की और मदद की पेशकश की।


### पाक ने कबूलाः भारतीय वायुसेना ने अपनी सीमा से ही दागे हथियार

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने बुधवार सुबह दावा किया कि भारतीय वायुसेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपने हवाई क्षेत्र से ही हथियारों का इस्तेमाल नागरिक आबादी को निशाना बनाने के लिए किया। वहीं पाकिस्तान के जवाब में भारत ने कहा, हमांरी कार्रवाई केंद्रित, मापी हुई और गैर-उग्र प्रकृति की रही है। किसी भी पाकिस्तानी सैन्य सुविधाओं को निशाना नहीं बनाया गया है। भारत ने लक्ष्यों के चयन और हमला करने में काफी संयम बरता गया है। हम इस प्रतिबद्धता पर खरे उतरे हैं कि इस हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। पाकिस्तान सरकार ने एक बयान में आरोप लगाया गया कि भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के पंजाब में मुरीदके और बहवलपुर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पार और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में कोटली और मुजफ्फराबाद में नियंत्रण रेखा के पार के इलाकों को निशाना बनाया। पाकिस्तान ने कहा कि भारतीय कार्रवाई से वाणिज्यिक हवाई यातायात को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। भारतीय सशस्त्र बलों ने 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादी ढांचे पर रात 1:44 बजे सटीक हमले किए।



**पाकिस्तान की इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ISPR ने यह फोटो जारी की है। इसमें बहावलपुर के एक हॉस्पिटल में हमले में घायल का इलाज हो रहा है।**

### शहबाज ने इसे बताया युद्ध, जवाब देने की दी धमकी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने आतंकी ठिकानों पर भारत की गोलाबारी को युद्ध की कार्रवाई बताते हुए कहा है कि उनका देश जवाब दे रहा है। शरीफ ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में बुधवार को कहा, पाकिस्तान को भारत के इस एक्ट ऑफ वार का माकूल जवाब देने का पूरा हक है और जवाब दिया जा रहा है।

### अगर भारत आगे कार्रवाई नहीं करता तो पाकिस्तान भी कुछ नहीं करेगाः ख्वाजा आसिफ



**इस्लामाबाद।** भारतीय सशस्त्र सेनाओं के ऑपरेशन सिंदूर से हताश पाकिस्तान ने कहा है कि यदि भारत आगे और कार्रवाई नहीं करता है तो पाकिस्तान भी कार्रवाई नहीं करेगा। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक टेलीविजन चैनल से बातचीत में कहा कि इस कार्रवाई की शुरुआत भारत ने की है और हमने इसके बाद जवाबी कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि यदि भारत रुक जाता है तो पाकिस्तान भी कोई कार्रवाई नहीं करेगा।

### सभी की सुरक्षा सुनिश्चित होगीः सिन्हा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच बुधवार को कहा कि देश के हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। सिन्हा ने आज उपायुक्तों (डीसी) को निर्देश दिया कि वे संवेदनशील इलाकों से ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाएं और उनके लिए भोजन, आवास, चिकित्सा और परिवहन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर शुरू किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में रात के समय सीमा पर भारी गोलाबारी देखी गई जिसमें तीन नागरिक मारे गए और पांच अन्य घायल हो गए। गोलाबारी में कई घर क्षतिग्रस्त हो गए। उपराज्यपाल के कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने सभी सीमावर्ती जिलों के डीसी सहित सभी वरिष्ठ प्रशासनिक, पुलिस और जिला अधिकारियों के साथ जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती जिलों की स्थिति का जायजा लिया। मैं स्थिति पर करीब से नज़र रख रहा हूं और सरकार किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। मैंने डीसी को निर्देश दिया है कि वे ग्रामीणों को संवेदनशील क्षेत्रों से सुरक्षित स्थानों पर ले जाएं और उनके लिए भोजन, आवास, चिकित्सा और परिवहन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। हम हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे।

### ऑपरेशन मूवमेंट से संबंधित कंटेंट साझा न करें

**जम्मू।** जम्मू पुलिस ने बुधवार को आम जनता के लिए एडवाइजरी जारी की और जिले में सुरक्षा तैनाती अथवा ऑपरेशनल मूवमेंट से संबंधित कोई भी जानकारी अपलोड या साझा न करने की अपील की। एडवाइजरी में कहा गया है कि सभी नागरिकों को सख्त सलाह दी जाती है कि वे सोशल मीडिया या किसी अन्य सार्वजनिक प्लेटफॉर्म पर सुरक्षा तैनाती, ऑपरेशनल मूवमेंट या संवेदनशील स्थानों से संबंधित किसी भी कंटेन्ट को अपलोड या साझा न करें। ऐसी गति. विधियां सार्वजनिक और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा करती हैं। ऐसा करने वालों के खिलाफ संबंधित कानूनों के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एडवाइजरी में आगे कहा गया है कि जम्मू जिला पुलिस सभी से जिम्मेदारी से काम करने और ऐसी गतिविधियों से बचने का आग्रह करती है जो सुरक्षा अभियानों की प्रभावशीलता से समझौता कर सकती हैं।

### वैश्विक आतंकवादी है मसूद अज़हर

**बहावलपुर।** भारत ने 2001 के संसद हमले के मास्टरमाइंड जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख मसूद अजहर के पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के बहावलपुर स्थित घर को निशाना बनाकर हमला किया है। मीडिया ने स्थानीय सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि इस घटना में कम से कम 14 लोग मारे गए, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। घटना के बाद इलाके में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कर दी गई है, हालांकि अभी तक इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि या खंडन नहीं किया गया है। मसूद अजहर ने दावा किया कि मृतकों में उसकी सबसे बड़ी बहन और उसके पति मसूद अजहर का भतीजा, उसकी पत्नी, एक और भतीजी और उनके परिवार के पांच बच्चे शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि मंगलवार देर रात हुए हमले में मसूद अजहर का एक करीबी सहयोगी और उसकी मां तथा दो अन्य करीबी सहयोगी भी मारे गए हैं। बयान में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना करते हुए कहा गया है कि इस हमले में सभी नियम तोड़ दिए हैं। गौरतलब है कि मसूद अजहर और जैश-ए-मोहम्मद 2001 में भारतीय संसद पर हमले, जनवरी 2016 में पठानकोट एयरबेस पर हमले, फरवरी 2019 में पुलवामा आत्मघाती हमले में शामिल थे। मई 2019 को संयुक्त राष्ट्र ने मसूद अजहर को वैश्विक आतंकवादी घोषित कर दिया।

### ऑपरेशन सिंदूर



बहावलपुर के बाहरी इलाके में एयर स्ट्राइक के दौरान मस्जिद क्षतिग्रस्त हुई।



लाहौर से 30 किमी दूर मुरीदके शहर के आतंकी ठिकानों को तबाह किया गया, यहां लोगों के घरों को खाली करा दिया गया।

### एलओसी पर पाक की जवाबी कार्रवाई



जम्मू के पुंछ में पाकिस्तान ने जवाबी कार्रवाई की है, जिसमें 15 की मौत व दर्जनों घायल हुए हैं।



पाकिस्तानी सेना की ओर से बॉर्डर पर की गई गोलाबारी में कई लोग घायल हुए।

### डोभाल ने अमेरिकी विदेश मंत्री को ऑपरेशन सिंदूर की दी जानकारी

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने अमेरिका के एनएसए और विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बात कर और उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी है जिसके तहत भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी शिविरों पर सटीक हमले किए हैं। वाशिंगटन में भारतीय दूतावास ने मंगलवार देर रात बताया कि हमलों के तुरंत बाद एनएसए डोभाल ने अमेरिका के एनएसए और विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बात की और उन्हें इस कार्रवाई के बारे में जानकारी दी। वाशिंगटन में भारतीय दूतावास ने एक बयान में कहा, आतंकवादियों ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में एक नृशंस हमले में 26 नागरिकों की हत्या कर दी थी जिनमें एक नेपाली नागरिक भी शामिल था। भारत के पास विश्वसनीय सुराग, तकनीकी जानकारी, जीवित बचे लोगों की गवाही और अन्य सबूत हैं जो इस हमले में पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों की स्पष्ट संलिप्तता की ओर संकेत करते हैं। भारत को पहले यह उम्मीद थी कि पाकिस्तान आतंकवादियों और उन्हें समर्थन देने वाले बुनियादी ढांचे के खिलाफ कार्रवाई करेगा। इसके बजाय, पिछले पखवाड़े के दौरान, पाकिस्तान ने पहगाम हमले में उनकी संलिप्तता से इनकार दिया और भारत के खिलाफ झूठे अभियान चलाने का आरोप लगाया है। भारत की कार्रवाई अपने लक्ष्य पर केंद्रित और सटीक रही है तथा जिम्मेदाराना और ऐसी कार्रवाइयों या प्रतिक्रियाओं से बचने वाली है जो स्थिति की गंभीरता को बढ़ा दें।

Contact for admission
Seats are Limited

Low Neet Score.... Low Budget Student's (Don't Worry)
Register Today....and Get Discount
Complete Your MBBS in just 20 to 23 Lakhs (Approx) Including
Tuition Fee, Hostel Fee, Food 3 Times, Visa Ext., Insurance Medical, Transportation, Laundry & FMGE Coaching By Experts Regularly (No Extra, No Hidden Charges

➢Russia
➢Georgia
➢Kazakistan
➢Kyragyzstan
➢Uzbekistan
➢Iran
➢Bangladesh
➢Nepal
➢China
➢Europe
➢Egypt
➢Armenia
➢U.K.
➢Canada
➢U.S.A.

Anjum Kaleem
8384872313
9457439020
No need to go Delhi or NCR, Come to Bijnor
100% Sure and Safe
India's Leading Education Consultancy
M.B.B.S./M.D BHMS, BAMS BDS, BUMS
Since 2010
ABROAD ADMISSION & COUNSELLING FOR INDIA
Top Govt. Universities NMC, WHO, WFME, UNESCO, US Assmebly Approved Universities
Indian Hostel And Mess Available
Lowest Price Packages
www.mbbsbijnor.com
M.B.B.S. ABROAD CONSULTANCY
Office Add. : Moin ka Chauraha Opposite Tiranga Enterprise, Chahshreen B-21, Bijnor